04 जून, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 224

**मोदी सरकार विकसित भारत के लिए संकल्पित हेमंत सरकार विकास विरोधी : बाबूलाल**




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

# आइपीएल फाइनल की क्लोजिंग सेरेमनी में एयरफोर्स का फ्लाइ पास्ट

## सेरेमनी का थीम 'ऑपरेशन सिंदूर', सेना को सलाम

- आसमान में तिरंगा बनाया शंकर महादेवन ने गाया, मैं रहूं ना रहूं, भारत रहना चाहिए
- एयर-शो में एयरफोर्स ने तिरंगा फॉर्मेशन बनाया







आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच आइपीएल के 18वें सीजन का फाइनल खेला जा रहा है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीत कर बॉलिंग चुनी। इससे पहले आइपीएल 2025 की क्लोजिंग सेरेमनी में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन ने परफॉर्म किया। यहां एयर-शो के दौरान भारतीय वायुसेना ने आसमान में तिरंगा फॉर्मेशन बनाया। क्लोजिंग सेरेमनी का थीम 'ऑपरेशन सिंदूर' था। सेरेमनी में एयर-शो किया गया। इस दौरान एयरफोर्स ने तिरंगा फॉर्मेशन बनाया। बड़ी स्क्रीन पर सेना के पराक्रम का वीडियो भी दिखाया गया। क्लोजिंग सेरेमनी में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन ने अपने बेटे सिद्धार्थ और शिवम महादेवन के साथ परफॉर्मेंस दी। उन्होंने 'मैं रहूं ना रहूं, भारत रहना चाहिए...' 'ऐ वतन वतन मेरे आबाद रहे तू...' और 'सबसे आगे हिंदुस्तानी...' जैसे गाने गाये। इससे पहले कलाकारों ने बी प्राक के गाने 'तेरी मिट्टी...' पर डांस किया। स्टेडियम में एक लाख से ज्यादा दर्शक मौजूद रहे।

### सुनक और गेल मैच देखने पहुंचे

पंजाब-बेंगलुरु फाइनल देखने के लिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल जैसी हस्तियां मैच देखने के लिए अहमदाबाद पहुंचीं। स्टेडियम की 5 लेयर सिक्योरिटी, 4 हजार पुलिस कर्मी तैनात मैच से पहले नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाहर कड़ी सुरक्षा देखने को मिली। मैच देखने कई फिल्म सितारे, खिलाड़ी समेत अन्य गणमान्य लोग पहुंचे।

## पाकिस्तान ने 48 घंटे तक लड़ने का भरा था दम

# हमने आठ घंटे में घुटनों पर ला दिया : सीडीएस

- अनिल चौहान पुणे यूनिवर्सिटी में 'भविष्य के युद्ध और युद्ध' कार्यक्रम में बोल रहे थे
- कहा, नुकसान महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण है




आजाद सिपाही संवाददाता

**पुणे।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमला और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बात की। वे मंगलवार को पुणे यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। उन्होंने यहां 'भविष्य के युद्ध और युद्ध' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि 10 मई रात 1 बजे पाकिस्तान ने भारत को 48 घंटे में घुटने पर लाने की प्लानिंग की थी, उसने कई जगह पर एक साथ हमले किये और संघर्ष को बढ़ाया, लेकिन उसकी योजना 8 घंटे में भी फेल हो गयी थी। इसके बाद बड़े नुकसान के डर से सीजफायर के लिए कॉल किया। हमने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

**पहलगाम में जो हुआ वह पीड़ितों के लिए घोर क्रूरता :** सीडीएस ने कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ, उससे कुछ हफ्ते पहले ही पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था। पहलगाम में जो हुआ, वह पीड़ितों के लिए घोर क्रूरता थी। ऑपरेशन सिंदूर के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोकना है।

### आतंक और न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग की छाया में नहीं रहेंगे

जनरल चौहान ने कहा कि भारत आतंक और न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग की छाया में रहने वाला नहीं है। प्रोफेशनल मिलिट्री फोर्स पर असफलताओं और नुकसान का असर नहीं पड़ता। आपको अपना मनोबल बनाये रखने की जरूरत है। नुकसान महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण है।

### नुकसान और संख्या पर बात करना सही नहीं

सीडीएस चौहान ने भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान फाइटर जेट खोने के सवाल पर कहा कि जब मुझसे हमारे नुकसान के बारे में पूछा गया, तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं है। क्योंकि परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं। यह महत्वपूर्ण है। नुकसान और संख्या के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा। उन्होंने क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा कि मान लीजिए कि आप क्रिकेट टेस्ट मैच खेलने जाते हैं और आप एक पारी से हार जाते हैं। तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं. इसका कोई सवाल ही नहीं है।

### पाकिस्तान ने सीजफायर की पहल की

सीडीएस ने कहा कि पाकिस्तान की प्लानिंग फेल होने के बाद उसने भारत से फोन (हॉटलाइन) पर संपर्क किया था। उसे लगा था कि अगर यह जारी रहा, तो उसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। जनरल चौहान ने कहा कि जब पाकिस्तान की ओर से बातचीत और तनाव कम करने का अनुरोध आया, तो हमने भी इसे स्वीकार कर लिया।

### युद्ध और राजनीति बराबरी से हो रही थी

जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भी युद्ध और राजनीति बराबरी से हो रही थी। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी ठिकानों पर बहुत सोच-समझ कर सटीक हमले किये और उनमें से कुछ दो मीटर जितने करीब थे। पाकिस्तान को भारत को आतंकी गतिविधियों का बंधक नहीं बनाना चाहिए।

## जमीन विवाद को लेकर लापुंग में पड़हा समाज की बैठक में झड़प

# थाना प्रभारी और तीन जवान हुए घायल पड़हा समाज के दो लोगों को लगी गोली



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग के कोयनारा में जमीन विवाद को लेकर चल रहे पड़हा समाज की बैठक में लापुंग पुलिस में झड़प हो गयी, जिसमें थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव व जवान पुनई उरांव और लालू लोहरा पैर बुरी तरह से जख्मी हो गये। वहीं ग्रामीणों ने दो लोगों को पुलिस की गोली लगने का आरोप लगाया है, जिसमें जतरू मुंडा पिता निरवा मुंडा जातालोया कुसुम टोली निवासी के पैर, पेट व जांघ में गोली लगी है। वहीं, धीरजा देवी पति बुधवा उरांव कोयनारा निवासी के हाथ में गोली लगी है। दोनों को भरनो सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया। भूमि विवाद संबधी मिली जानकारी के अनुसार कोयनारा गांव में 56 एकड़ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जिसमें रातू हुरहुरी निवासी वैभव लाल शाहदेव का कहना है कि यह उसका खतियानी जमीन हैं। जबकि ग्रामीण जो खेती बाड़ी करते हैं वह अपनी दावेदारी कर रहे हैं।

**बैठक में असामाजिक तत्वों के होने की सूचना :** बेड़ो डीएसपी अशोक राम ने बताया कि लापुंग में जमीन के विवाद को लेकर चल रहे ग्रामसभा में कुछ असामाजिक तत्वों के मौजूद रहने की सूचना पर लापुंग थाना प्रभारी संतोष यादव ग्रामसभा में पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस की टीम पर हमला किया गया। इस हमले में लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव को सिर पर चोट लगी। उन्हें चार टांके लगाये गये। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है।

**उग्र भीड़ को शांत करने के लिए चलायी गोली :** प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी और उनके जवान को उग्र ग्रामीणों के द्वारा घिरते देख आत्मरक्षा के लिए पुलिस के जवान आलोक जॉन टोपनो के द्वारा गोली चलायी गयी, जिसके बाद भीड़ तीतर-बितर हुई।

**पुलिस के साथ हुआ विवाद :** प्राप्त जानकारी के अनुसार कोयनारा गांव में बैठक कर रहे पड़हा समाज के लोगों ने जमींदार वैभव लाल शाहदेव को कागजात लेकर आने को कहा था। बैठक में शाहदेव के नही आने पर उनको फोन किया गया। शाहदेव ने कहा कि थाना प्रभारी ने आने से मना किया है। इस बीच थामा प्रभारी दलबल के साथ बैठक में पहुंचे। वहां पहड़ा समाज और पुलिस के बीच बहस होने लगी। विवाद बढ़ गया और तनाव का रूप ले लिया।

**उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल का लिया जायजा :** घटना के बाद ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर, डीएसपी अशोक राम, सर्किल इंस्पेक्टर उत्तम उपाध्याय, एसडीएम, अंचलाधिकारी समेत अन्य अधिकारी लापुंग थाना पहुंचे। सभी अधिकारी शाम पांच बजे घटना स्थल का जायजा लिया। उच्चाधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। फिलहाल इलाके में तनाव है, लेकिन शांति बनी हुई है।

## न्यूज रील्स

### आज हेमंत सरकार कैबिनेट की बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कैबिनेट की बैठक बुधवार 4 जून को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने यह सूचना दी है। विभाग ने कहा है कि झारखंड कैबिनेट की बैठक 4 जून को शाम चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कैबिनेट की अध्यक्षता करेंगे।

### बाढ़-लैंडस्लाइड से नॉर्थ-इस्ट में अब तक 36 लोगों की मौत

नयी दिल्ली/अगरतला/इम्फाल। असम में बाढ़-लैंडस्लाइड में अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। सिक्किम में लैंडस्लाइड में फंसे 1678 पर्यटकों का रेस्क्यू किया गया। बिहार के सीवान में आंधी-तूफान से भारी नुकसान हुआ। देश के पूर्वोत्तर राज्यों में 29 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। 5 दिन बीतने के बाद भी मानसून वहीं ठहरा हुआ है। इसके चलते मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और सिक्किम में तेज बारिश हो रही है। नॉर्थ-इस्ट राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है।

### राज्यपाल ने तमिलनाडु सरकार के बिलों को मंजूरी दी

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने सरकार की ओर से पारित दो बिलों को मंजूरी दे दी है। इनसे 12,000 से ज्यादा दिव्यांगजनों को शहरी और स्थानीय निकायों में नामांकन का अधिकार मिलेगा। ये बिल लंबे समय से राजभवन में लंबित थे। राज्यपाल के इस फैसले पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि यह मंजूरी मिलनी ही थी। राज्यपाल को डर था कि अगर फिर से बिलों को रोका, तो हम सुप्रीम कोर्ट चले जायेंगे। बताते चलें कि 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के मामले पर राज्यपाल के अधिकार की सीमा तय कर दी थी।

# आदिवासी संगठनों का झारखंड बंद आज

- सिरमटोली रैंप, पारसनाथ और लुगु बुरु विवाद को लेकर उग्र
- बंद को सफल बनान के लिए निकाला मशाल जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के आदिवासी संगठनों ने राज्यभर में बुधवार को संपूर्ण बंद का एलान किया है। यह बंद आदिवासी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा, जमीन विवाद और विकास योजनाओं से जुड़ी आपत्तियों के खिलाफ किया जा रहा है। संगठनों ने संयुक्त मोर्चा बना कर सिरमटोली फ्लाइओवर रैंप विवाद, लुगु बुरु, पारसनाथ पहाड़, दिउरी दिरी तमाड़ और बेड़ो महदानी सरना स्थल जैसे मुद्दों को उठाते हुए विरोध की रणनीति बनायी है। इससे पहले मंगलवार शाम को आदिवासी संगठनों ने मशाल जलूस निकाला।

संगठनों ने स्पष्ट किया है कि बंद के दौरान सिर्फ आपातकालीन मेडिकल सेवाएं ही चालू रहेंगी। आम जनता से अपील की गयी है कि वे अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति या कानून-व्यवस्था की समस्या न उत्पन्न हो। बंद समर्थकों का कहना है कि इन मुद्दों को लेकर पहले भी बंद बुलाया गया था, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई। ऐसे में अब वे मजबूर होकर सड़कों पर उतर रहे हैं।

### संगठनों की मुख्य मांग

- सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप विवाद का समाधान
- मरांग बुरू, लुगु बुरु और पारसनाथ जैसे धार्मिक स्थलों की सुरक्षा
- मुधर हिल्स (पिठोरिया) और अन्य पारंपरिक स्थलों की रक्षा
- तमाड़ और बेड़ो क्षेत्र के महदानी सरना स्थलों को बचाना

# गोड्डा में कांग्रेस नेता की गोली मार कर हत्या

- पंचायत अध्यक्ष महेंद्र टूडू को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा जिला के पोड़ैयाहाट प्रखंड में कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष की अपराधियों ने गोली मार कर हत्या दी। अज्ञात अपराधियों ने सोमवार को महेंद्र टुडू गोली मारी थी। इसके बाद उन्हें गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें देवघर और फिर हालत में सुधार नहीं होने पर दुर्गापुर रेफर कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गयी।

**लूटपाट के इरादे से आये थे अपराधी :** मरने से पहले महेंद्र टुडू के दिये बयान के अनुसार चार की संख्या में अपराधी आये थे संभवतः उनकी मंशा लूटपाट की थी। घटना उस वक्त घटी, जब पोड़ैयाहाट प्रखंड क्षेत्र के ठाकुर नाहन पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र टुडू अपने कार्य को लेकर तिलाटाड़ गये थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने पूर्व मुखिया पर गोली चला दी। गोली मार कर अपराधी हवा में फायर करते हुए फरार हो गये।

### एसडीपीओ ने घटना की पुष्टि की

एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने घटना की पुष्टि करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस सभी बिंदुओं पर काम कर रही है। जहां एक ओर इस घटना को लूटपाट की आशंका से देखा जा रहा है, वहीं मृतक एवं उसकी पत्नी दोनों पूर्व में मुखिया रह चुके हैं। ऐसे में राजनीतिक रंजिश जैसे बिंदुओं पर भी पुलिस तहकीकात कर रही है। इधर इस पूरे मसले पर स्थानीय विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि ये दुखद है और पुलिस अपराधियों के विरुद्ध त्वरित करवाई कर उन्हें सजा दे।

# शराब घोटाला : विनय चौबे और गजेंद्र सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

- एसीबी कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई पेशी, कोर्ट ने 9 जून तक बढ़ायी न्यायिक हिरासत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड शराब घोटाले मामले में आरोपी निलंबित आइएएस विनय चौबे, उत्पाद विभाग के तत्कालीन संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह सहित अन्य को एसीबी की विशेष न्यायालय के समक्ष मंगलवार को पेश किया गया। सभी आरोपियों की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हुई। कोर्ट ने पेशी के बाद सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 9 जून तक बढ़ा दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोर्ट में पेश किये गये आरोपियों में निलंबित आइएएस विनय चौबे, उत्पाद विभाग के तत्कालीन संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, उत्पाद विभाग के अधिकारी सुधीर कुमार, सुधीर दास व अन्य शामिल थे। बता दें कि आइएएस अधिकारी विनय चौबे को एसीबी ने 21 मई को शराब घोटाला से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। इसके बाद उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया था। फिलहाल विनय चौबे और गजेंद्र सिंह न्यायिक न्यायिक हिरासत में हैं। उन पर लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए राज्य सरकार ने दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
No.1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के बाद अब ऑपरेशन घुसपैठिया भगाओ

## ■ बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ हंटर चलाना ही एकमात्र उपाय

## ■ ऑपरेशन पुशबैक को सफल बनाना है तो बातों से नहीं लातों से बनेगी बात

**आजाद सिपाही विशेष**

पहलगाम नरसंहार और उसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ चलाये गये ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के साथ भारत का कद दुनिया भर में बढ़ा तो है, लेकिन कई चुनौतियों पर ध्यान देने की जरूरत भी महसूस होने लगी है। इन चुनौतियों में से एक है घुसपैठ की चुनौती। भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं पाकिस्तान और चीन जैसे घोषित दुश्मन देश के साथ तो मिलती ही हैं, बांग्लादेश, म्यांमार और नेपाल जैसे देशों से भी मिलती हैं, जहां से घुसपैठिये अवैध ढंग से भारत में प्रवेश कर जाते हैं। इन घुसपैठियों में वैसे तत्व भी शामिल हो जाते हैं, जो भारत में हिंसा और आतंकवाद के जरिये अशांति फैलाने की साजिश रचते हैं। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद इन घुसपैठियों पर ध्यान दिया है और अवैध ढंग से भारत में रह रहे बांग्लादेशियों को बाहर निकालने के लिए ऑपरेशन पुशबैक शुरू किया है, जिसका अनुकूल परिणाम सामने आने लगा है। भारत के विभिन्न भगों में रह रहे अवैध बांग्लादेशी जिस तरह की सामाजिक-आर्थिक समस्या पैदा करने लगे हैं, वह भारत की क्षेत्रीय अखंडता और विकास के रास्ते में एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इसलिए घुसपैठ की समस्या के खिलाफ सख्त रवैया अपनाना जरूरी हो गया है। ‘ऑपरेशन पुशबैक’ अभी तो केवल दिल्ली और इससे सटे इलाकों में चलाया जा रहा है, लेकिन ऐसे अभियान पूरे देश में चलाये जाने चाहिए, ताकि भारत को घुसपैठ की समस्या से हमेशा के लिए छुटकारा मिल सके। क्या है घुसपैठ की समस्या और क्या है ‘ऑपरेशन पुशबैक’, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

भारत ने बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई तेज कर दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश से कहा है कि वह अपने अवैध नागरिकों को वापस लेने में तेजी लाये। इस बीच भारत ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकाल बाहर करने के लिए एक नयी तरकीब निकाली है। इसे ‘ऑपरेशन पुशबैक’ का नाम दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने 22 मई को कहा कि भारत में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक मौजूद हैं, जिन्हें वापस भेजना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत ने बांग्लादेश से इन लोगों की राष्ट्रीयता की पुष्टि करने का अनुरोध किया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से अब तक दो हजार से अधिक अवैध बांग्लादेशियों ?को वापस उनके देश भेजे जाने की खबर सीमा से सटे राज्यों में अवैध प्रवासियों की पहचान कर वापस भेजने के अभियान में बड़ी सफलता को तो दर्शाती ही है, यह अवैध घुसपैठ की जमीनी सच्चाई को भी उजागर करती है।

### बड़ी समस्या है अवैध प्रवासन

अवैध प्रवासन की समस्या भारत के लिए नयी नहीं है। पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में यह मुद्दा लंबे समय से सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक तनाव का कारण बना हुआ है। कुछ वर्ष पहले के आंकड़ों के अनुसार भारत में दो करोड़ से अधिक बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से रह रहे थे। आज यह संख्या बढ़कर कितनी हो गयी है, इसकी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इसके प्रत्यक्ष और परोक्ष परिणाम संसाधनों पर अनावश्यक बोझ, राष्ट्रीय सुरक्षा पर खतरे, स्थानीय जनसांख्यिकीय संतुलन में बदलाव और अपराध में बढ़ोत्तरी के रूप में दिखते हैं। यह मुद्दा चिंतित करने वाला सिर्फ इसलिए नहीं है, क्योंकि ये अवैध प्रवासी नकली नाम और दस्तावेज हासिल कर पश्चिम बंगाल और असम से दूर दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद तक में अपना ठिकाना बनाते हैं, बल्कि इसलिए भी है, क्योंकि उनको पहचानना और पकड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। अगर पहचान हो भी गयी, तो राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में उन्हें वापस भेजना टेढ़ी खीर साबित होता है। ऐसे में गृह मंत्रालय के निर्देश पर गुजरात, दिल्ली, हरियाणा, असम, मेघालय और त्रिपुरा जैसे राज्यों में अवैध प्रवासियों की पहचान और उन्हें वापस भेजने का अभियान जोर-शोर से चल रहा है, जो स्वागतयोग्य है।



### ऑपरेशन पुश-बैक क्या है

‘ऑपरेशन पुश-बैक’ भारत सरकार की एक नयी रणनीति है, जिसका उद्देश्य पूर्वी सीमा पर पकड़े जाने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं से त्वरित रूप से निपटना है। ये वे लोग हैं, जो कई वर्षों से अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं। इस ऑपरेशन के तहत अब उस पारंपरिक प्रक्रिया, जैसे पुलिस को सौंपना, एफआइआर दर्ज करना, अदालत में पेश करना, मुकदमा चलाना और फिर निर्वासन प्रोटोकॉल के तहत वापस भेजने को किनारे कर दिया गया है। अब भारतीय सुरक्षाबल घुसपैठियों को तुरंत सीमा पार बांग्लादेश की ओर धकेल रहे हैं। यह इसलिए हो रहा है, ताकि समय और संसाधनों की बचत हो और अवैध घुसपैठ पर तुरंत प्रभाव डाला जा सके।

### अप्रैल से चल रहा है ऑपरेशन

‘ऑपरेशन पुशबैक’ अप्रैल 2025 से चल रहा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, घुसपैठ एक बड़ा मुद्दा है। हमने अब तय किया है कि हम कानूनी प्रक्रिया से नहीं गुजरेंगे। पहले निर्णय यह था कि किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाये और फिर उसे भारतीय कानूनी व्यवस्था में लाया जाये। पहले भी हम विदेशियों को गिरफ्तार करते थे, उन्हें जेल भेजा जाता था और फिर उन्हें अदालत में पेश किया जाता था।

अब हमने तय किया है कि हम उन्हें देश के अंदर नहीं लायेंगे, हम उन्हें धकेलेंगे। यह पुश-बैक एक नयी घटना है। हर साल करीब पांच हजार लोग देश में प्रवेश करते हैं और पुशबैक की वजह से यह संख्या अब कम हो जायेगी। इस नयी प्रक्रिया में बांग्लादेशी नागरिकों को भारत के दिल्ली-मुंबई या सूरत जैसे शहरों से पकड़ा जाता है। इसके बाद उन्हें पहले त्रिपुरा, असम या पश्चिम बंगाल लाया जाता है और फिर वहां से बांग्लादेश भेजा जाता है। इस तरह की एक कार्रवाई पिछले महीने हुई। इस दिन एयर इंडिया की दो उड़ानों के जरिये गुजरात से तीन सौ बांग्लादेशी नागरिकों को अगरतला लाया गया और उन्हें जमीनी सीमा के रास्ते वापस भेजा गया। इसी तरह जोधपुर से 148 बांग्लादेशी नागरिकों को कोलकाता भेजा गया, जहां उन्हें एक अस्थायी हिरासत केंद्र में रखने के बाद बांग्लादेश भेज दिया गया।

### गुजरात ने पेश की है मिसाल

इस मामले में गुजरात से दूसरे राज्यों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए, जिसने इस अभियान को सबसे पहले शुरू तो किया ही, अब वह इसमें अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है, जिसकी बदौलत वहां अवैध प्रवासी आधे से भी कम रह गये हैं। बांग्लादेशी विदेश मंत्री ने पिछले महीने इस अभियान पर आपत्ति जतायी थी, लेकिन इसके बावजूद भारत ने अपने ढंग से यह स्पष्ट संदेश दिया है कि उसके लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सबसे पहले है। ताजा अड्डियान की खास बात यह है कि इसमें बायोमीट्रिक्स को भी कैप्चर किया जा रहा है, जिससे अगर अवैध घुसपैठिये दोबारा भारत में प्रवेश करने की कोशिश करें, तो उन्हें रोका जा सके। हैरानी की बात यह है कि इस अभियान के डर से हजारों प्रवासी स्वेच्छा से भारत-बांग्लादेश सीमा पर पहुंचे हुए हैं। यह दर्शाता है कि सख्त सरकारी नीतियां अवैध प्रवासियों की समस्या से निपटने में कारगर साबित हो सकती हैं, लेकिन दीर्घकालिक समाधान के लिए सीमा सुरक्षा के तंत्र को और मजबूत किये जाने के साथ बायोमीट्रिक डाटाबेस के विस्तार और कूटनीतिक उपायों पर भी ध्यान देना श्रेयस्कर होगा।

# अरुणाचल प्रदेश के स्पीकर के संग झारखंड के विधायकों ने स्थानीय, नियोजन नीति पर की चर्चा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति समिति अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर है। समिति के चेयरमैन तमाड़ विधायक विकास मुंडा हैं। इसमें पूर्व मंत्री और जामा की विधायक लुईस मरांडी और विधायक जयराम महतो भी हैं। जयराम ने इस दौरे की जानकारी देते बताया कि वे सभी अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर हैं। मंगलवार को सभी के साथ अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा भ्रमण का मौका मिला। अरुणाचल विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा स्वागत और सम्मानित किया गया। इस दौरान राज्य की स्थानीय नीति, नियोजन नीति एवं आर्थिक स्त्रोतों पर



विस्तार से चर्चा हुई। जयराम के मुताबिक, उन्होंने स्पीकर से चर्चा के दौरान 80/20 नियोजन नीति, अन्य प्रदेशों के लोगों द्वारा यहां (अरुणाचल प्रदेश) जमीन नहीं खरीदे जाने सहित अन्य कानूनों पर जानकारी दी गयी। इस सूचना और सहयोग के लिए खाद्य आपूर्ति समिति ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष का आभार भी जताया।

वैसे अरुणाचल प्रदेश विधानसभा स्पीकर से मिलने के दौरान जयराम का खाली पांव दिखना भी उल्लेखनीय रहा। गौरतलब है कि पहली बार विधायक बनने के बाद से जयराम झारखंड विधानसभा में भी नंगे पांव ही प्रवेश करते रहे हैं। अब अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा में भी वे इसी रूप में दिखे हैं।

# आइएनडीआइए ब्लॉक ने ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष सत्र बुलाने की मांग की

**ब्लॉक की हुई बैठक, 16 दल हुए शामिल**

**आप और एनसीपी (शरद) पार्टी शामिल नहीं हुई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए आइएनडीआइए ब्लॉक की मंगलवार को नयी दिल्ली में बैठक हुई। इसमें 16 विपक्षी पार्टियों ने हिस्सा लिया। आम आदमी पार्टी (आप) और एनसीपी (शरद) बैठक में शामिल नहीं हुई। टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने जानकारी दी कि सभी दलों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की गयी है।



डेरेक ने कहा कि आम आदमी पार्टी बुधवार को प्रधानमंत्री को अलग से चिट्ठी भेजेगी।

**बैठक में ये दल हुए शामिल :** बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके), शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राजद, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, विदुथलाई चिरुथैगल काची, केरल कांग्रेस, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन शामिल हुईं।

### कुछ चिंताएं हैं, भावनाएं भी आहत हुईं, सरकार जवाबदेह

ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखने के लिए केंद्र सरकार ने सात ऑल पार्टी डेलिगेशन को वर्ल्ड टूर पर भेजा है। इस हफ्ते के अंत तक सभी डेलिगेशन भारत लौट आयेंगे। विपक्ष उनके लौटने के बाद अगले हफ्ते विशेष सत्र में इस मुद्दे पर बहस की मांग कर रहा है। राजद के मनोज झा ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर हुआ। दुनिया के एक देश के राष्ट्रपति रोज संरपंचई कर रहे हैं। 15 दिन में 13 बयान दिये। इससे कोई सरकार आहत हो या न हो, कोई राजनीतिक दल आहत हो या न हो, हिंदुस्तान की भावना आहत हुई है। ये पीड़ा है। ये चर्चा सोशल मीडिया, टीवी डिबेट्स में नहीं होगी। 1962 में चीन से युद्ध के दौरान संसद सत्र बुलाया गया था। हमने प्रधानमंत्री से गुजारिश की है कि इतिहास में कुछ ऐसे क्षण आते हैं, जब कोई चीज देश को आहत करती है और तब संसद ही दलों के दायरे से ऊपर होती है। ये 140 करोड़ हिंदुस्तानियों का मसला है। ये पक्ष-विपक्ष का मामला नहीं है। मामला जिम्मेदारी का है। सरकार संसद के प्रति और संसद लोगों के लिए जवाबदेह है।

# आर्मी अफसरों की प्राइवेसी पर सरकार की एडवाइजरी:रक्षा मंत्रालय ने कहा- मीडिया बिना परमिशन निजी जानकारी सार्वजनिक न करे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मीडिया और लोगों से अपील की है कि वे सीनियर सैन्य अधिकारियों और उनके परिवारों की गोपनीयता का सम्मान करें। सरकार ने इस बारे में एडवाइजरी जारी की है। इसमें लिखा, 'सेवारत या रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के निजी आवासों के पते छापने और उनके परिवारों के इंटरव्यू करने से बचें।' डिफेंस मिनिस्ट्री ने एडवाइजरी में कहा है कि जब तक आधिकारिक तरीके से इसका इनविटेशन या इजाजत न दी गयी हो, तब तक आवासीय पते, परिवार के सदस्यों की तस्वीरें या अन्य निजी ब्योरों को छापने या प्रसारित करने से बचें।' रक्षा मंत्रालय ने यह एडवाइजरी विजय कुमार के साइन के साथ जारी की है।

**मंत्रालय ने एडवाइजरी क्यों जारी की :** मंत्रालय ने कहा, 'ऑपरेशन



सिंदूर के दौरान और उसके बाद सैन्य गतिविधियों से जुड़ी जानकारी देने के लिए समय-समय पर कई अफसर मीडिया के सामने आये। इन अफसरों को लेकर हो रही लगातार कवरेज उनके परिवार के लोगों और निजी जिंदगी तक पहुंच गयी।' 'मीडियाकर्मियों ने कथित तौर पर उनके आवास पर जाकर उनके परिवार के सदस्यों से संपर्क साधने की कोशिश की। इसके अलावा सेना के अफसरों के परिवार से आधिकारिक नहीं, बल्कि व्यक्तिगत मुद्दे पर कवरेज की गयी।'

**भारत-पाक तनाव में ऑनलाइन एब्यूज का शिकार हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी :** 10 मई को भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर के एलान के बाद कई यूजर्स विदेश सचिव विक्रम मिसरी की पोस्ट्स पर ऑनलाइन एब्यूज कर रहे थे। यहां तक कि उनके परिवार के साथ उनकी पुरानी तस्वीरें शेयर हो रही थीं जिसके साथ उनकी बेटी का मोबाइल नंबर वायरल कर दिया गया था और कई तरह के कमेंट्स भी किये जा रहे थे।

# आउटसोर्सिंग कर्मियों के लिए झारखंड सरकार ने जारी की नयी नियमावली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने आउटसोर्सिंग कर्मियों के लिए नयी नियमावली जारी की गयी है, जिसे झारखंड मैनपावर प्रोक्योरमेंट (आउटसोर्सिंग) मैनुअल 2025 कहा जाता है। इस मैनुअल का उद्देश्य सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों की नियुक्ति, वेतन, भत्तों और अन्य सुविधाओं को व्यवस्थित करना है। इससे कर्मचारियों की स्थिति में सुधार और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

### मुख्य विशेषताएं

- नियुक्ति प्रक्रिया: आउटसोर्सिंग कर्मियों की नियुक्ति के लिए ओपन कंपटीटिव बिड प्रोसेस मैनेजमेंट का पालन किया जायेगा, जैसा कि झारखंड प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स एंड सर्विसेज मैनुअल में उल्लेखित है।
- श्रमिक अधिकार: कर्मियों को श्रम कानूनों के तहत सभी अधिकार मिलेंगे, जैसे कि इएसआइ, पीएफ, और बीमा।
- नियमों का पालन: नियुक्ति के समय राज्य सरकार की आरक्षण नीति का पालन किया जायेगा और झारखंड राज्य के निजी क्षेत्रों में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 का अनुपालन अनिवार्य होगा।
- वेतन और भत्ते: कर्मियों को समय पर वेतन और अन्य भत्ते दिए जायेंगे, जिससे अनियमित भुगतान की समस्या समाप्त होगी।
- इस मैनुअल को मंत्रिपरिषद की बैठक में 22 मई 2025 को स्वीकृति मिल चुकी है। इससे राज्य के विभिन्न विभागों और कार्यालयों में आउटसोर्सिंग कर्मियों की स्थिति में सुधार होगा और उनके अधिकारों की रक्षा होगी।
- इस पहल से झारखंड सरकार की प्रशासनिक क्षमता में वृद्धि होगी और कर्मचारियों की संतुष्टि में सुधार होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.8 °c | 25.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.32 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.02 बजे | |



# मोदी सरकार विकसित भारत के लिए संकल्पित हेमंत सरकार विकास विरोधी : बाबूलाल मरांडी

- 24 जून को सभी प्रखंडों में राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा करेगी प्रदर्शन
- प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन
- मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भाजपा का 5 जून से 30 जून तक व्यापक कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, सभी जिलों की आयोजन समिति सहित विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, पदाधिकारी और सोशल मीडिया के प्रमुख शामिल रहे। कार्यशाला का संचालन प्रदेश मंत्री सरोज सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश की जनता ने विकसित भारत, स्वाभिमानी भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के संकल्प को पूरा किया है। जनता की उम्मीदों और विश्वासों पर मोदी सरकार लगातार 11वें वर्ष खरा उतर रही है। आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। भारत आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था का देश बन गया है। मोदी सरकार विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। आतंकवाद के खिलाफ आक्रामक लड़ाई में भारत ने पाकिस्तान को घुटने टेकने को मजबूर किया है।



मरांडी ने कहा कि एक तरफ भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के अमृत काल में सेवा ,सुशासन और गरीब कल्याण के साथ अपने 11वें वर्ष को पूरा कर रही है। वहीं, दूसरी तरफ हेमंत सोरेन की सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में भी लूट, भ्रष्टाचार ,अपराध से ऊपर नहीं उठ पा रही है। हेमंत सरकार पूरी तरह विकास विरोधी, जन विरोधी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की बेमिसाल उपलब्धियों को लेकर राज्य की जनता तक जायेगी, तो दूसरी ओर हेमंत सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नाकामियों को उजागर करेगी।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने इस मौके पर कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता और कार्यक्रम एक दूसरे के पूरक हैं। कार्यक्रमों की श्रृंखला को धरातल पर उतारने के लिए पार्टी कार्यकर्ता सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने 5 जून से लेकर 30 जून तक पार्टी द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए इसे चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 5 जून को पर्यावरण दिवस पर लाखों कार्यकर्ता पौधा रोपण अभियान शुरू करेंगे, जो 15 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम चलाया जायेगा।

कर्मवीर सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रदेश मुख्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित होगी, 10 और 11 जून को जिला मुख्यालयों में प्रेसवार्ता प्रोफेशनल मीट आयोजित होंगे। 12 से 14 जून तक मंडल स्तर पर संकल्प सभा आयोजित होंगे, 15 से 17 जून तक पंचायत स्तर पर चौपाल और आयुष्मान भारत योजना का पंजीकरण होगा, 17 से 20 जून तक योग प्रशिक्षण और 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम मंडल स्तर पर आयोजित होंगे।

उन्होंने कहा कि 23 जून को पार्टी के प्रेरणा पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम और 24 जून को सभी 264 प्रखंडों में पार्टी, राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। 25 जून को लोकतंत्र हत्या दिवस, 29 जून को मन की बात कार्यक्रम और 30 जून को हूल दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने सभी कार्यक्रम को संपर्क और संवाद के माध्यम से प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के निर्देश दिये।

प्रदेश महामंत्री एवं राज्य सभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा और कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक आदित्य साहू ने कहा कि यह मोदी सरकार ही है, जो प्रति वर्ष देश की जनता के सामने अपने कार्यक्रमों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है। जिस जनता ने मोदी सरकार पर भरोसा किया, उनके सामने आंकड़ों के साथ उपलब्धियों को बताना अपनी जिम्मेवारी समझती है। उन्होंने कहा कि 5 से 30 जून विभिन्न कार्यक्रमों को समर्पित हैं।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री एवं राज्य सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, दुर्गा मरांडी, सीमा पासवान, सुनीता सिंह सहित जिलों के अध्यक्ष महामंत्री, सहित कार्यक्रम के जिला संयोजक, सह संयोजक उपस्थित रहे।

# बाबूलाल के पास कोई ठोस सबूत है, तो कानून की मदद लें, बेचारा न बनें : विनोद कुमार पांडेय

भाजपा के आरोपों पर झामुमो महासचिव विनोद पांडेय का जवाब




**भाजपा पर ये पंक्तियां सटीक बैठती हैं**

*वो एक समंदर खंगालने में लगे हुए हैं,*
*हमारी कमियां निकालने में लगे हुए हैं।*
*जिनकी अपनी लंगोटियां तक फटी हुई हैं,*
*वो हमारी पगड़ी उछालने में लगे हुए हैं ।।*

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगाये गये आरोप न केवल तथ्यहीन हैं बल्कि यह उनके राजनीतिक दिवालियापन का प्रमाण भी हैं। बाबूलाल मरांडी के प्रति हम सभी सम्मान का भाव रखते हैं, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे अब भाजपा के एजेंडे का हिस्सा बनकर झूठ और भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं। उनकी निजी पीड़ा का हम सम्मान करते हैं, लेकिन इससे उन्हें यह अधिकार नहीं मिल जाता कि वे निराधार आरोपों से एक संवैधानिक सरकार की छवि को धूमिल करने की साजिश रचते रहें।

झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलन से निकली एक पार्टी है जिसने जनसरोकारों के लिए दशकों तक संघर्ष किया है। त्याग का पाठ हमें किसी से सीखने की जरूरत नहीं। आदिवासी हितों की रक्षा हमारा मूल मंत्र है। बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी या किसी अन्य स्थान पर आदिवासियों के हित में क्या कार्य किया, यह सबके सामने है। हम पूछना चाहते हैं कि भाजपा की सरकारों ने उनके कार्यकाल में कितनी बार नगड़ी जैसे संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता दी?

भाजपा की ओर से यह कहना कि सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रस्त है, हास्यास्पद है। हकीकत यह है कि भाजपा को यह स्वीकार नहीं हो रहा कि राज्य की जनता ने उन्हें बार-बार नकारा है। इनका जो हाल है उससे साफ है कि 2029 में भी हेमंत सरकार झारखंड की सत्ता संभालेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हर सेक्टर सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर में बेमिशाल काम किया है और पहली बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य का सही दिशा में विकास हो रहा है। हर वर्ग के चेहरे पर खुशहाली है। यही भाजपा और बाबूलाल मरांडी की बेचैनी का कारण है। बाबूलाल मरांडी अब भाजपा के मुखौटे के तौर पर उपयोग हो रहे हैं। उनकी छवि और उनके पुराने संघर्षों को भाजपा के दुष्प्रचार में मोहरा बनाया जा रहा है।

अगर बाबूलाल मरांडी के पास कोई ठोस सबूत हैं कि उनके और उनके करीबियों के खिलाफ षड्यंत्र हो रहा है, तो उन्हें कानून की मदद लेनी चाहिए। आखिर वह कब तक राजनीतिक बेचारा बन कर सियासत करते रहेंगे। लेकिन, वे एक जिम्मेदार नेता होते हुए भी मीडिया के माध्यम से केवल सनसनी फैलाने का कार्य कर रहे हैं। यह उनके राजनीतिक उद्देश्य और इसके गिरते स्तर को ही उजागर करता है।

राजधर्म की दुहाई देने वालों को पहले खुद आत्मावलोकन करना चाहिए। भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड बताता है कि जब वे सत्ता में होते हैं, तब प्रशासनिक तंत्र का किस तरह दुरुपयोग करते हैं। झारखंड की जनता अब समझ चुकी है कि भाजपा केवल भ्रम और विभाजन की राजनीति करती है, जबकि हेमंत सरकार विकास, सामाजिक न्याय और शांति की राजनीति करती है।

# पलामू डीसी सहित कई आइएएस सीएम से मिले








रांची (आजाद सिपाही)। पलामू की डीसी समीरा एस ने मंगलवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय पहुंचकर सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने कई जिले के डीसी पहुंचे थे, सभी ने एक-एक कर मुलाकात की। मिलने वालों में उपायुक्त दुमका अभिजीत सिन्हा, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम कर्ण सत्यार्थी, उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम चंदन कुमार, उपायुक्त जामताड़ा रवि आनंद, उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह, उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने शिष्टाचार मुलाकात की। यह शिष्टाचार भेंट थी। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले झारखंड सरकार ने कई जिलों के डीसी का तबदला करते हुए नये डीसी की पदस्थापना की थी। सभी नये डीसी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके बाद सभी ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की।

## गांजा लदी कार को किया जब्त

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा जिले की पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध गांजा लदी एक कार को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक एम अर्शी ने इस संबंध में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि सिमडेगा पुलिस को सूचना मिली कि बिरमित्रापुर से सिमडेगा की ओर एक नीली रंग की कार में अवैध गांजा ले जाया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर एसडीपीओ सिमडेगा और डीएसपी (मुख्यालय) के नेतृत्व में छापामारी टीम बनायी गयी। टीम ने जोराम चेकपोस्ट के पास वाहन जांच शुरू की। जैसे ही उक्त कार को रोका गया। उसमें सवार लोग भाग गये। कार की तलाशी लेने पर उसमें 78 पैकेट गांजा मिला, जिसका कुल वजन 126.4 किलोग्राम था।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** जमीन-मकान,स्थिर सम्पत्ति सम्पत्ति से संबंधित काम में कुछ उलझनों का सामना होगा।

**वृष** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, कुछ जरूरी काम-काजके प्रसंग उत्साहित करेंगे।

**मिथुन** नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। पद-मान-मयार्द-यश की वृद्धि होगी।

**कर्क** उलझा हुआ कार्य सुलझेगा, परिश्रम-प्रयत्न से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी।

**सिंह** विपरीत स्थितियों में सुधार होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधा? मिलेगा, निराशा का समापन।

**कन्या** आज का दिन अनुकूल एवं शुभ फलदायक है,चारों ओर से लाभदायक समाचारों की प्राप्ति।

**तुला** निराशा दूर होगी,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**वृश्चिक** परिश्रम का पूरा फल मिलेगा,मधुर वाणी व चतुराई से आप अपने काम बना लेंगे।

**धनु** समय अनुकूल है,महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि ।

**मकर** नवीन योजनाएं कार्यान्वित होगी,कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे।

**कुंभ** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी। कर्मक्षेत्र में नये विरोधियों से नयी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकता है।

**मीन** नौकरी में उन्नति,बेरोजगारों को रोजगार का साधन उपलब्ध होंगे । राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानातंरण होने की संभवना।

# सीएसपी संचालक से पिस्तौल की नोक पर 82 हजार रुपये की लूट

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले में मंगलवार को दिनदहाड़े एक सनसनीखेज लूट की घटना सामने आयी है। चेंगाईडीह निवासी और एक सीएसपी केंद्र के संचालक अब्दुल मलिक से पिस्तौल की नोक पर 82,000 की नकदी लूट ली गयी। यह वारदात जामताड़ा थाना क्षेत्र के नाड़ाडीह इमली पेड़ के समीप उस समय घटी जब अब्दुल मलिक इंडियन बैंक, जामताड़ा शाखा से नकदी लेकर बाइक से अपने केंद्र लौट रहे थे।

इसी दौरान पहले से घात लगाये अपाचे बाइक पर सवार दो अपराधियों ने उन्हें रोका और सिर पर पिस्तौल तानते हुए रुपये से भरा बैग छीन लिया। अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गये। लूट की घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित ग्रामीण जामताड़ा थाना पहुंचे और त्वरित कार्रवाई की मांग की। हालात को देखते हुए पुलिस ने थाना परिसर में अतिरिक्त बल की तैनाती कर दी है।



पुलिस ने अपराधियों की तलाश में घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। अपराधियों ने हेलमेट और मास्क पहनकर अपना चेहरा छिपा रखा था, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है।

थाना प्रभारी ने बताया कि इस लूट की घटना को गंभीरता से लिया गया है। संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी की जायेगी। इस घटना के बाद सीएसपी संचालकों और आम नागरिकों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाये और सीएसपी संचालकों को बैंक से नकदी लाने-ले जाने के दौरान पुलिस सुरक्षा उपलब्ध करायी जाये।

# डबल हुआ रिम्स कॉटेज का किराया

## 250 की जगह अब प्रतिदिन देने होंगे 500 रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स (राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) जो की राजधानी रांची का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। यहां कॉटेज का प्रतिदिन किराया अब 250 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है। लेकिन अगर कॉटेज की सुविधाओं की बात करें तो वह जस की तस ही हैं। केवल बाहर से कॉटेज की रंगाई-पुताई की गयी है, लेकिन आंतरिक व्यवस्था में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। खास बात यह है कि दीवारों पर पीपल की तरह के पेड़-पौधे उग आये हैं, जिनकी सफाई रंगाई-पुताई के दौरान क्यों नहीं की गयी, यह सोचने वाली बात है।

**रिम्स में कुल 14 कॉटेज :** रिम्स में कुल 14 कॉटेज हैं। इनमें से 7 कमरे ग्राउंड फ्लोर में और 7 फर्स्ट फ्लोर में स्थित हैं। 13 और 14 नंबर के कमरे पहले से वीआइपी के रूप में चिह्नित हैं। फिलहाल इमरजेंसी वार्ड के रूप में फर्स्ट फ्लोर के 7 कमरों का उपयोग किया जा रहा है। इन कॉटेज के



बाथरूम और किचन की स्थिति भी ठीक नहीं है। ऐसे में इनकी मरम्मत की आवश्यकता है, ताकि मरीजों और उनके परिवारजनों को बेहतर सुविधा मिल सके।

**रिम्स के साथ कॉटेज की भी होगी मरम्मत :** रिम्स पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने बताया कि कॉटेज के कुछ कमरों की हालत ठीक नहीं है, और यह प्रशासन के संज्ञान में है। इन कॉटेज की मरम्मत रिम्स के जीर्णोद्धार योजना में शामिल है, जिसके लिए स्वक्षय विभाग से आदेश का इंतजार किया जा रहा है। वहीं दीवारों में उगे पौधों की सफाई का जिम्मा सफाई कर्मियों पर है, लेकिन वह अपना काम ठीक से नहीं कर रहे हैं। ऐसे में इस मुद्दे को लेकर एक बार फिर से आदेश दिया जायेगा।

# जिसके बेटे की शहादत हुई, उनके आरोपों को मजाकिया लहजे में उड़ाना शर्मनाक : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार पर निशाना साधा है। कहा है कि गठबंधन की सरकार बाबूलाल मरांडी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणियों से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के बेटे की शहादत उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में हुई हो, उनके आरोपों को मजाकिया लहजे में उड़ाना बेहद शर्मनाक है। प्रतुल शाह देव ने आरोप लगाया कि गठबंधन सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है और राजधर्म भूल गयी है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। लेकिन सरकार संज्ञान लेने की जगह घटिया बयानबाजी करा रही है।



**बाबूलाल ने कई बड़े घोटालों का पर्दाफाश किया :** प्रतुल शाहदेव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी में आदिवासियों को बेदखल करने का मुद्दा उठाया। कई बड़े घोटालों का पर्दाफाश किया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की तुलना वर्तमान सत्ताधारी गठबंधन के नेताओं से नहीं की जा सकती, क्योंकि उन्होंने उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में अपने बेटे को खोया है।

**सरकार त्याग शब्द का अर्थ ही नहीं जानती :** प्रतुल ने कहा कि आंदोलन बेचने वालों की सरकार त्याग शब्द का अर्थ ही नहीं जानती। उन्होंने कहा कि सरकार को बाबूलाल मरांडी के आरोपों पर गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए और कार्रवाई करनी चाहिए।

# घाघरा डैम में नहाने के दौरान दो की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत खिवई पंचायत स्थित घाघरा डैम में एक बड़ा हादसा हो गया। डैम में नहाने के दौरान पैर फिसलने से दो युवकों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान आशीष कुमार पासवान (निवासी बनादाग, कटकमदाग) और विशाल कुमार राम (निवासी बहेरी ओरिया, सदर) के रूप में हुई है। दोनों की उम्र करीब 25 से 26 वर्ष बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक मंईयां सम्मान योजना के प्रचार-प्रसार के सिलसिले में घाघरा डैम क्षेत्र में पहुंचे थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वे डैम के किनारे कुछ समय के लिए रुके और नहाने लगे। इसी दौरान पैर फिसलने से पत्थर पे गिर गये और उनकी मृत्यु हो गयी है। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को निकाल कर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पोस्टमार्टम वार्ड भेज दिया। प्रशासन की ओर से परिजनों को सूचित कर दिया गया है। घटना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी है।

# मांडू विद्यालय निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो का महिलाओं ने किया विरोध

**महिलाएं हाथों में विरोध की तख्तियां लेकर पहुंची**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के ब्लॉक कार्यालय पहुंचने के साथ जमकर हुआ विरोध। मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मांडू विधायक श्री महतो की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन किया गया था। उक्त आयोजन हेतु परिसर के मुख्य द्वार पर विधायक तिवारी महतो के आगमन के साथ ही भारी संख्या में उपस्थित लोगों के द्वारा हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। हाथों में लिए तख्तियों में आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कु० मंडल मुदार्बाद, मांडू विधायक निर्मल महतो मुदार्बाद, गैरमजरूआ जमीन पर दखलंदाजी करना बंद करो, मांडू विधायक गरीब जनता को परेशान करना बंद करो, मांडू विधायक हाय हाय, बलात्कारियों को संरक्षण देना बंद करो, आजसू पार्टी मुदार्बाद इत्यादि नारों के साथ लोग विरोध प्रदर्शन करते नजर आये। इस प्रदर्शन में महिलाओं को विशेष उपस्थिति रही। विरोध करने वालों में शामिल महिला शीला देवी के द्वारा बयान देते हुए कहा गया कि विधायक के आम लोगो को परेशान किया जा रहा है। सम्पूर्ण प्रखंड में अधिक संख्या में जीएम जमीन है कार्रवाई केवल चेडरा मौजा के जीएम जमीन पर क्यों हो रही है, बलात्कार के आरोपी आजसू प्रखंड अध्यक्ष को संरक्षण क्यों दिया जा रहा है, इसके साथ ही महिला ने आरोप लगाया कि आजसू प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा जीएम जमीनों में अतिक्रमण के पीड़ितों से अवैध तरीके से पैसों की मांग की जा रही है एवं इसके अलावा उन्होंने कहा कि विधायक द्वारा जीएम जमीन पर कार्रवाई करने हेतु सदन में आवाज उठते हुए विष्णुगढ़ सीओ पर दबाव बनाया जा रहा है। बता दें कि पूर्व में महिला शीला देवी के द्वारा विष्णुगढ़ थाने में केश संख्या 32/2025 के तहत बलात्कार करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए आजसू प्रखंड अध्यक्ष के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया था, आरोप है कि केश को गंभीरता पूर्वक नहीं लिया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में शीला देवी के अलावा बसंती देवी, दुबली देवी, नागेश्वरी देवी, केला देवी, बसंती देवी, खुशबू देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी, गीता देवी, सुनीता देवी, मनीषा देवी, ललिता देवी, गुलाबी देवी समेत काफी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल थे। उक्त मामले को लेकर विधायक श्री महतो ने कहा कि जीएम जमीन के मामले में सीओ की उपस्थिति में बात की जायेगी। जनता दरबार में कार्यक्रम में विधायक श्री महतो के अलावा बीडीओ अखिलेश कुमार, एममो पीयूष सिंहा,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि दीपू भाई, केबी मंडल, दामोदर महतो, भागीरथ महतो, हरीश पटेल, कुंवर हांसदा, महादेव देहाती समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कोडरमा के रास्ते अमृतसर कोलकाता की तरफ जाने वाली ट्रेनों का रूट परिवर्तन

कोडरमा(आजाद सिपाही)। यात्रीगण कृपया ध्यान दें... कोडरमा गोमो धनबाद होकर चलने वाली कई लम्बी दूरी की ट्रेनों के मार्ग जून माह में अलग-अलग दिनों में बदल कर चलेंगी। इनमें दुर्गियाना, टाटा-अमृतसर व सियालदह-अमृतसर जैसी ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे की ओर से जारी सूचना में बताया गया कि फिरोजपुर मंडल में नान इंटरलाकिंग कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया जायेगा।

**प्रभावित होनेवाली ट्रेनें**

18104 अमृतसर-टाटानगर एक्सप्रेस 6 एवं 11 जून को अमृतसर से तरनतारन व ब्यास होकर चलेगी। 12379 सियालदह-अमृतसर एक्सप्रेस 13 जून को ब्यास व तरनतारन होकर अमृतसर जाएगी। 12357 कोलकाता - अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस 14 और 17 जून ब्यास व तरनतारन होकर अमृतसर जाएगी। 8 जून को चलने वाली 12380 अमृतसर-सियालदह जालियांवाला बाग एक्सप्रेस अमृतसर से 35 मिनट विलंब से रवाना होगी। 22 जून चलने वाली 12380 अमृतसर-सियालदह जालियांवाला बाग एक्सप्रेस अमृतसर से 25 मिनट विलंब से चलेगी।

## टाटीझरिया पुलिस ने बकरीद में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए किया फ्लैग मार्च



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** आगामी बकरीद त्योहार को लेकर हजारीबाग पुलिस अधिक्षक के आदेशानुसार थाना क्षेत्र के केसडा, घुघलिया में शांति पूर्वक बकरीद त्योहार मनाने को लेकर टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, एस आई,पवन कुमार एएसआई दीपक पाल,सतेंद्र यादव दल बल के साथ प्लेग मार्च किया थानाप्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने कहा कि बकरीद पर्व को लेकर एसपी के दिशा निर्देश पर प्लेग मार्च किया गया लोगों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वाट्सएप के माध्यम से अभद्र टिप्पणी नहीं करेंगे शांति पूर्वक पर्व मनायें किसी प्रकार से कोई हुड़दंगी करता है तो थाना में सूचित करें।

## स्टेट थर्ड टॉपर किशोर को जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया सम्मानित



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** 2025 इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय परीक्षा में स्टेट थर्ड टॉपर से उत्तीर्ण बड़कागांव प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र पकरी बरवाडीह गांव निवासी किशोर कुमार को हजारीबाग जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीन रंजन द्वारा शॉलओढ़ा कर सम्मानित किया गया। श्री रंजन ने किशोर का उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा कार्यालय के प्रधान लिपिक प्रमानंदनम, प्लस टू उच्च विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह, छात्र किशोर के पिता साईनाथ कुमार साव, लिपिक विनोद कुमार वर्मा, सैयद परवेज आलम, केशव कुमार, अंकित कुमार, भोला प्रसाद, रंजन सिंह, नारायण प्रसाद, कृपेश कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं जनसमस्याएं



कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त ऋतुराज ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से आमजनों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनकी विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनता दरबार के दौरान फरियादियों ने कई व्यक्तिगत और सामाजिक समस्याएं सामने रखीं, जिनमें रैयती जमीन पर अवैध रूप से मछली पालन करना, मानदेय भुगतान, मारपीट करने, जमीन हड़पने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनाने, पैसे की ठगी करने, पेयजल की व्यवस्था करने, वृद्धा पेंशन चालू कराने, नौकरी का झांसा देकर ठगी करने जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। इन शिकायतों पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे संबंधित विभागों और प्रखंड कार्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की शीघ्र जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## रोहित के घरवालों से मिला क्षत्रिय महासभा प्रतिनिधिमंडल
# मृतक रोहित के घरवालों को मिलेगा न्याय: अवधेश कुमार सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**विष्णुगढ़।** दहेज उन्मूलन समिति, क्षत्रिय महासभा, उत्तरी छोटानागपुर समाज का प्रतिनिधिमंडल इटवाटांड़ में मृतक रोहित के घरवालों से मिला। विष्णुगढ़ के बादीखरना में बीते दिनों 30 मई को इटवाटांड़ निवासी रोहित कुमार सिंह पिता स्व सुरेन्द्र सिंह की हत्या कर दी गई थी। जिसे लेकर निवास स्थान पर जा कर मृतक के परिजनों से इस दुःख की घड़ी में हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया, और क्रियाक्रम के लिये आर्थिक सहायता की।मृतक रोहित सिंह के परिवार में एक बुढ़ी मां और बिकलांग भाई ही है। रोहित ही पूरा परिवार का भरण पोषण का एक मात्र सहारा था, रोहित का परिवार बहुत ही गरीबी से जीवन यापन कर रहा था। इस दुःख की घड़ी में पूरा समाज साथ है। एक स्वर से माँग किया गया कि पुलिस सभी अपराधियों को अभिलंब गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दे। अन्यथा सारा समाज आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा बाद में समाज के बहुसंख्या में लोग थाना प्रभारी से मुलाकात किया और कि जा रही जानकारी प्राप्त किया तो बताया गया कि कुछ अपराधियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है जिसके लिए थाना प्रभारी का आभार जताया गया । प्रतिनिधिमंडल में अवधेश कुमार सिंह (मुख्य संरक्षक), राज किशोर सिंह (कार्यकारी सभापति), प्रभु नारायण सिंह (प्रधान महामंत्री), ग्रामीण बिनोद सिंह (विष्णुगढ़), बिजेंद्र कुमार सिंह समेत ग्रामीण शामिल थे।

## जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने जनसमस्याओं को लेकर उपायुक्त से की मुलाकात



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने प्रखंड क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकश सिंह से मुलाकात किया। प्रेरणा प्रिया ने उपायुक्त से मिलकर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही जिप क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्य को लेकर ज्ञापन सौंपा. जिसमें मुख्य रूप से शिलाडीह पंचायत के बेलाटांड में पत्थर खदान नहीं खोलने देने, बरकट्ठा अस्पताल में सर्प दंश इंजेक्शन उपलब्ध करवाने एवं इससे मौत होने पर मुआवजा जल्द देने। धार्मिक स्थल सूर्यकुण्ड से सबंधिक विकास कार्य कराने, पहाड़पुर एवं अलपिटो में सड़क और पुल निर्माण कराने, पेयजल, बिजली, सड़क सबंधित मामले शामिल हैं। प्रेरणा प्रिया ने बताया कि उपायुक्त ने मामले को संज्ञान में लेकर समाधान की बात कही हैं। मौके पर समाजसेवी सीके पांडेय, रैयत संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रजनीकांत पांडेय उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण वर्ग के लिए कोडरमा जिला से 17 बेटियां लातेहार के लिए रवाना



कोडरमा (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी झारखंड प्रांत लातेहार में सात दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण शुरूआत होने जा रहा है जिसमें कोडरमा जिला से 17 सदस्य बेटियां लातेहार के लिए रवाना हुई। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति झारखंड प्रांत के सह प्रमुख योगाचार्य सुषमा सुमन ने बताया कि बेटियों के लिए यह स्पेशल प्रशिक्षण वर्ग है जो अपने आप में सशक्त बना है। जिस तरह बेटियां लोग लोग देश के हर कोने में सेवा दे रही है आने वाले समय और मजबूत होगी। इसलिए यह स्पेशल प्रशिक्षण है। अस्त्र-शस्त्र धर्म संस्कार हर चीज का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्ग में भाग लेने वाले दीपा रानी, कृति सुमन मोदी, सुधा अंजलि, विभा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, शिवानी कुमारी, श्वेता कुमारी, अंशु शर्मा, टिंकल कुमारी, अंकिता कुमारी, शिवानी कुमारी, मानसी कुमारी, पूजा कुमारी, फूल कुमारी, लीला कुमारी, राखी कुमारी, प्रिया भरखा कुमारी शामिल हैं।

## रोमी में दुर्गा मंडप की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन
# धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता बढ़ती है: किशोरी राणा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** जिले के रोमी गांव में आयोजित दुर्गा मंडप की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने भाग लिया। इस धार्मिक अनुष्ठान में उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर पूजा-अर्चना की और सामाजिक एकता व सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। समारोह में स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ नव झारखंड फाउंडेशन के सदस्य भी उपस्थित थे। किशोरी राणा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से न केवल आस्था को बल मिलता है, बल्कि सामाजिक समरसता भी बढ़ती है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि नव झारखंड फाउंडेशन हमेशा उनके साथ है और सामाजिक विकास के कार्यों में सहयोग करता रहेगा। समारोह के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गांव में उत्सव का माहौल था और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## गलत दवा खिलाकर जान से मारने का आरोप



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बसरीया गांव में गलत दवा खिलाकर जान मार देने का मामला सामने आया है। इस बाबत शीला देवी पति महेश मंडल बसरिया निवासी ने थाना में लिखित आवेदन दिया। आवेदन में लिखा कि 29 मई को जमीन विवाद को लेकर हमारे पति महेश मंडल के साथ गोतनी प्रमीला देवी पति भीम मंडल और उसकी बहु बेटी के द्वारा मारपीट किया। जिससे मेरे पति गंभीर रूप से घायल हो गये। इस बाबत गांव के ही भीम मंडल ने मेरे पति महेश मंडल को फोन कर बोला की हम आऐंगे तो जान से मार देंगे। 2 जून के शाम लगभग 6 बजे प्रमिला देवी मेरे पति को बुलाकर अपने घर ले गई और जहरीला दवा खिला दी। जिससे मेरे पति का जान चली गई। इस बात की सूचना मिलने पर बरकट्ठा पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया कर रही थी।

## बकरीद को लेकर जयनगर में शांति समिति की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जयनगर। थाना परिसर में ईद उल जुहा बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ गौतम कुमार ने किया। बैठक में बीडीओ गौतम कुमार ने कहा कि ईद उल जुहा बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर है। विवादित या आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह ने कहा कि पूरे क्षेत्र में त्यौहार को देखते हुए पुलिस पेट्रोलिंग तेज की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अफवाह फैलाने वालों पर तुरंत प्रशासन को सूचना दें। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्यौहार मनायें। त्यौहार के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में 20 सुत्री प्रखंड अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, एसआई प्रतिक टोपनो, मुखिया किशोर साव, राजकुमार यादव, बालालखंदर पासवान, राजेन्द्र दास, बसंत साव सहित थाना क्षेत्र के दर्जनों लोग मौजूद थे।**

## अभाविप कोडरमा के कार्यकताओं ने उपायुक्त से की मुलाकात




झुमरी तिलैया (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोडरमा के द्वारा कोडरमा के नवनियुक्त उपायुक्त ऋतुराज से औपचारिक मुलाकात कर अभाविप कोडरमा के नगर अध्यक्ष सतीश कुमार यादव सह वाणी कंप्यूटर सेंटर के निदेशक, प्रदेश कार्यकारणी आकाश कुमार और सभी कार्यकताओं ने उपायुक्त को बुके एवं अभाविप का डायरी देकर स्वागत किया। इस दौरान परिषद के कार्यकताओं ने कहा कि उपायुक्त बहुत ही मिलनसार व्यक्ति हैं हम सभी जिले वासियों को उम्मीद है कि नवनियुक्त उपायुक्त ऋतुराज के नेतृत्व में जिले के शिक्षा के क्षेत्र में कार्य तेजी से बढ़ेगा। साथ ही जिले के अंतिम पायदान तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के विकास के लिए कार्य करने की बात कहा। उन्होंने जिले के विकास कार्यों को आगे ले जाने एवं सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। मौके पर कोडरमा नगर विस्तारक नितेश तिवारी, कार्यकर्ता सुभाष यादव, सुभाष मेहता, अमर कुमार, ऋषि कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डीसी के जनता दरबार में पहुंच रहे दर्जनों फरियादी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को आयोजित डीसी के साप्ताहिक जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक फरियादी पहुंचे। डीसी शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में शिक्षकों की पुनः नियुक्ति, फर्जी प्रमाण-पत्रों की जांच, भूमि पर अवैध अतिक्रमण,विद्यालय में नामांकरण, भूमि पर्चा (एलपीसी) निर्गत करना, रंगदारी मांगने, भूमि हड़पने, भू-मुआवजा, नियुक्ति, रसीद निर्गत करना, बीपीएल सूची में नामांकन, मारपीट, चिकित्सा अनुदान तथा रोजगार दिलाने जैसी शिकायतें शामिल रहीं। प्रमुख आवेदनों में कोर्रा लाखे से मोहम्मद फारूक ने बीपीएल के अंतर्गत अपनी बच्ची का नामांकन कस्तूरबा गांधी विद्यालय में करवाने हेतु आवेदन दिया। बहिमर कटकमसांडी से प्रियंका सिंह ने लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करने के संबंध में आवेदन दिए। हुडहुरू बाबा पथ, ग्रामीणों के द्वारा सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध होने के संबंध में आवेदन दिया।

ग्राम बलौदर बड़कागांव, से हुरू महतो ने स्थल जांच करवाने के संबंध में आवेदन समर्पित किये। ग्राम भंडारा प्रखंड पदमा से, मोहम्मद इम्तियाज अंसारी ने अपनी बच्ची का नामांकन कस्तूरबा गांधी विद्यालय में करने के संबंध में आवेदन देकर उपायुक्त से अपील की। चरही थाना क्षेत्र से निराला प्रसाद सिंह ने जमीन के सामने अवैध तरीके से हो रहे कार्य को रोकने के संबंध में आवेदन दिया।ओकनी तेली टोला से, नमिता देवी ने अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण अपनी बच्ची का नामांकन विद्यालय में करने के संबंध में उपायुक्त के समक्षआवेदन प्रस्तुत किया। फूल कुमारी देवी ने गाँव के मुख्य मार्ग पर सड़क बनवाने हेतु आवेदन दिए। इसके अलावा भी कई आवेदन डीसी को देकर कारवाई का आग्रह किया गया है। डीसी शशि प्रकाश सिंह ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मामले की शीघ्र जांच कर त्वरित और न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करे।

## करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत, मुआवजा की मांग



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत छतरबर गांव में बीती रात एक व्यक्ति के 11 हजार वोल्टेज के विद्युत तार की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान छतरबर गांव निवासी 41 वर्षीय शंकर गुप्ता (पिता स्व.बिनोद साव) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के भतीजे अक्षय कुमार गुप्ता ने बताया कि शंकर साव की जान बिजली विभाग की लापरवाही से गई है। उन्होंने बताया कि उक्त हाई टेंशन तार उनके घर के छत के ऊपर से ही गया हुआ है, जो छत से काफी कम ऊँचाई पर है। उन्होंने बताया कि उनके चाचा रात को खाना खाने के पश्चात छत पर टहलने के लिए गए हुए थे, इसी बीच हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गए। जिससे उनकी वहीं पर मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि उनके द्वारा कई बार बिजली विभाग को उक्त तार को हटाने को लेकर शिकायत की गई थी। लेकिन बिजली विभाग ने इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा। इधर घटना की सूचना कोडरमा पुलिस को दी गई। जिसके पश्चात कोडरमा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेना चाहा। किन्तु परिजनों ने शव को पुलिस के हवाले करने से मना कर दिया और कहा कि यह बिजली विभाग की लापरवाही से घटना घटी है। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे व पत्नी है। जिसकी सारी जिम्मेदारी मृतक के कंधों पर ही थी। अब उनके गुजर जाने से वे सब बेसहारा हो गए हैं। जिसको लेकर मृतक के परिजनों ने विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है। इधर मंगलवार की सुबह कोडरमा पुलिस और बिजली विभाग के कर्मी मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को सरकारी राहत कोष के तहत मिलने वाले मुआवजे का आश्वासन परिजनों को दिया।

## जनरेटर के स्टार्टर के साथ चोर गिरफ्तार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के ब्लॉक के समीप श्री बालाजी कांप्लेक्स से चोरी हुआ सामान पुलिस ने बरामद कर लिया है। साथ ही उस चोर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसने इस वारदात को अंजाम दिया था। मंगलवार को रामगढ़ थाना प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि गिरफ्तार चोर आदेश कुमार उर्फ. बिट्टू शहर के पतरातू बस्ती का ही रहने वाला है। 27 मई की रात उसने ला मैरिटल होटल के नीचे लगे जनरेटर सेट का स्टार्टर चोरी कर लिया था। इस मामले में होटल के संचालक राजेश कुमार के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उन्होंने पुलिस को यह भी बताया था कि होटल के जनरेटर का स्टार्टर पहले भी चोरी हो चुका था। इस बार चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हुआ था। कद, काठी और हाव-भाव से पुलिस ने चोर की पहचान की और उसे गिरफ्तार किया। साथ ही उसने यह भी बताया कि चोरी किया गया स्टार्टर उसने कहां रखा है। उसकी निशानदेही पर स्टार्टर भी बरामद कर लिया गया।

### बकरीद को लेकर एसपी ने जिले के अधिकारियों के साथ की बैठक

# सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** आगामी बकरीद पर्व को लेकर मंगलवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर एसपी अजय कुमार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम एसपी एवं डीडीसी रोबिन टोप्पो द्वारा सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन तथा इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली।



**क्षेत्रों में हर गतिविधि पर रखे पैनी नजर :** बैठक सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने पीसीआर एवं पैंथर की टीम को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देने एवं अफवाहों को दूर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। एसपी ने सभी अधिकारियों को पूरे पर्व के दौरान अलर्ट मोड पर रहकर कार्य करने का निर्देश दिया।

**आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील :** बैठक के दौरान डीडीसी रोबिन टोप्पो ने शांति समिति के सदस्यों से बकरीद पर्व को लेकर जानकारियां ली। साथ ही उन्होंने पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का अपील किया गया।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने का दिया निर्देश

पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर एसपी ने असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मौके पर एसपी ने अधिकारियों को सोशल मीडिया एवं विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर नजर रखने का निर्देश दिया। वहीं किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने, शेयर करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में गस्ती कर अवैध शराब एवं नशीला पदार्थ बेचने वाले पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।


**CCL** Fuelling Sustainable Growth

**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं ।


## बालू नीलामी की मांग को लेकर टंडवा मुखिया और कांग्रेस नेता ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा में बालू का सप्लाई बाधित होने से हाहकार मचा हुआ है। इस मामले को लेकर टंडवा मुखिया सुनीता देवी और कांग्रेस नेता सुभाष दास ने चतरा उपायुक्त कृति श्री से मिलकर ज्ञापन सौंपा है। पत्र में उल्लेख है कि बालू घाट की निलामी नहीं होने से आवास से लेकर विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उपायुक्त ने ज्ञापन पाने के बाद बालू की नीलामी की प्रक्रिया पर शूरू करने की आश्वासन दी है।

## चतरा डीसी ने जनता दरबार लगाया, सुनी समस्याएं

**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कीर्ति श्री ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, वृद्धा पेंशन से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। जनता दरबार में मिलने आये सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियम संगत जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 1 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुनकर निराकरण किया जाता है।

## कुशवाहा धर्मशाला के प्रबंधक ने लगायी फांसी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के कोयरी टोला स्थित ठाकुर मुहल्ला निवासी संजय महतो का पुत्र 25 वर्षीय अमित कुमार ने मंगलवार की सुबह अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक मुहल्ले में ही राशन दुकान चलाता था। सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने के लिए अपने क्षेत्र में प्रसिद्ध अमित कुशवाहा धर्मशाला भवन में बतौर प्रबंधक के रूप में सेवा दे रहा था। स्वजनों ने बताया कि वह कुछ दिनों से मानसिक अवसाद में रह रहा था। उसके फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना से मुहल्ले के लोग स्तब्ध है। मामले में थाना प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है और इसकी छानबीन की जा रही है।

## रोशन लाल चौधरी ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू के राम मंदिर बाजार टांड में बिजली के 200 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधिवत पूजा-अर्चना व नारियल फोड़ कर मंगलवार को किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि वह ग्रामीणों की हर मूलभूत सुविधा बहाल करने के लिए काम करेंगे, जो भी समस्याएं उनकी संज्ञान में आयेंगे उसे पूरे दायित्व के साथ पूरा करेंगे। ट्रांसफार्मर उद्घाटन के पूर्व विधायक रोशन लाल चौधरी को ग्रामीणों ने माला पहनाकर और बुके देकर स्वागत भी किया। मौके पर आजसू केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक आजसू जिला सह सचिव अजय रवि संजय रवानी डॉक्टर चांदसी प्रमोद पाठक मनोज साहू मुरारी पांडे लव पांडे सूनील गुप्ता शंभू अंकित पंकज धीरेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## सांसद प्रतिनिधि ने अधीक्षण अभियंता को बिजली की समस्याओं से कराया अवगत

### 24 घंटे के अंदर बदले जले ट्रांसफार्मर : राजीव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में लगातार हो रही बिजली समस्याओं को लेकर सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग रामगढ़ से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर उन्हें समाधान करने की बात कही। गोला प्रखंड के चोकाद में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया है। वहां ज्यादा लोड होने के वजह से 200 केवीए का ट्रांसफार्मर देने को कहा है साथ ही कमता गांव में बिजली का पोल पहले ही लग चुका है जिसपर केबल वायर खीचने के लिए कहा गया। कई जगहों में कृषि कार्य हेतु ट्रांसफार्मर लगाने को कहा। उन्होंने यह भी कहा की खराब ट्रांसफार्मरों की तत्काल मरम्मत, क्षतिग्रस्त बिजली पोलों की मरम्मत, पुरानी बिजली लाइनों के सुधार और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के समाधान की मांग की। बता दें कि रामगढ़ जिला अपनी उन्नत कृषि के लिए जाना जाता है और यहां की आर्थिक गतिविधियां मुख्यतः कृषि पर निर्भर हैं। बिजली आपूर्ति में लगातार आ रही बाधाओं के कारण किसानों और स्थानीय व्यवसायों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।इससे पहले भी, रामगढ़ जिले में बिजली कटौती और खराब ट्रांसफार्मरों की समस्याएं सामने आयी हैं, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग प्रभावित हुए है। श्री जायसवाल ने अधिकारियों से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की अपील की है। ताकि जिले के निवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके और उनकी दैनिक गतिविधियों में कोई बाधा न आये। मौके पर सूरज वर्मा, बैजनाथ महतो प्रदीप महतो, राहुल पासवान, विनीत यादव सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## हरिजन टोला में छह महीने से जलमीनार खराब, पानी के लिए भटक रहे ग्रामीण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड के डाहा पंचायत अन्तर्गत सरहचिया हरिजन टोला में लगे जलमीनार के खराब रहने से ग्रामीण पानी के लिए भटक रहे हैं। जलमीनार करीब छह महीना से खराब है लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग के पदाधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है । जलमीनार खराब होने से उसके गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक और अधिकारियों की मिलीभगत से जलमीनार में घटिया सामाग्री का प्रयोग कर सरकारी राशि का बंदरबांट कर लिया गया है। प्रखंड क्षेत्र में जितने भी जल मीनार लगाए गए है। उसमें आधे से अधिक खराब पड़ा हुआ है। ग्रामीण रूबी देवी, अबदनिया देवी, सरस्वती देवी, सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह जल मीनार 6 माह से खराब पड़ा हुआ है। इसकी जानकारी स्थानीय मुखिया से लेकर पेयजल विभाग को भी दी गई। लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुआ। हरिजन टोला में पीने के पानी का एकमात्र साधन यह जलमीनार ही है। इसके खराब हो जाने से स्थानीय ग्रामीणों के साथ साथ इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द जलमीनार को चालू कराने की मांग किया है। इस संबंध में पीएचईडी विभाग के एसडीओ फैसल अंसारी ने कहा कि अभी चापानल रिपेयर हो सकता है जलमीनार नहीं।



## रौनियार वैश्य महासभा के शिष्टमंडल ने डीसी और एसपी से शिष्टाचार भेंट की



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला रौनियार वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष संजीत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल आज चतरा उपायुक्त कृतिश्री जी एवं पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल से समाहरणालय स्थित कार्यालय में पहुंच कर शिष्टाचार भेंट किया। शिष्टमंडल में शामिल लोगों ने उन्हें पुष्प गुच्छ एवं भागवत गीता धार्मिक पुस्तक भेंट किया। शिष्टमंडल में महासचिव चंद्रशेखर लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष रवीश चंद्र, रंजीत कुमार गुप्ता, शंकर कुमार गुप्ता, सरोज प्रसाद गुप्ता, रंजीत कुमार गुप्ता, गणेश लाल गुप्ता, हिमांशु कुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता, अभिमन्यु गुप्ता समेत अन्य लोग शामिल थे ।

## चतरा में आज सुबह 8 बजे से 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

**चतरा (आजाद सिपाही)।** 4 जून को सुबह 8 बजे से अपराह्न 3 बजे तक विद्युत लाइन अनुरक्षण/मेंटेनेंस कार्य तथा विद्युत उपकेंद्रों की मरम्मत का कार्य किया जाना है। जिसके लिए विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, चतरा अंतर्गत ईटखोरी, पत्थलगडा, चतरा, हंटरगंज, प्रतापपुर, कुंदा, लावालौंग, सिमरिया, मयूरहंड कान्हाचट्टी, टंडवा अंतर्गत मिश्रौल एवं गिद्धौर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के कार्यालय सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, चतरा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया है।

## भगवान कार्तिकेय की पुनः प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पर निकली भव्य कलश यात्रा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू कोलियरी शिव मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्री 1008 भगवान कार्तिकेय पुनः प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर चरण धारा नदी से मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इस दौरान कुजू कोलियरी स्थित चरण धारा नदी तट पर रीवा, चंदेला (मध्यप्रदेश) के यज्ञाचार्य पंडित दिनेश तिवारी और सहयोगी सत्येंद्र मिश्रा ने यजमान बने पवन सिंह, अनुज सिंह, शंकर करमाली सपत्निक को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच समस्त धार्मिक अनुष्ठान कराया गया। तत्पश्चात कलश यात्रा में मुख्य रूप से शामिल रहे मांडू विधायक निर्मल महतो और कुजू कोलियरी पीओ अभिमन्यु सिंह ने पवित्र कलशों में जल भरकर कलशधारियों को सौंपा। यात्रा के दौरान 501 कलशधारी समेत धर्मप्रेमियों ने विभिन्न देवी देवताओं का जयघोष लगाते हुए गाजे बाजे के साथ टोलो व मोहल्लों का भ्रमण कर वापस मंदिर प्रांगण पहुंचे। जहां सभी कलशों को स्थापित किया गया। वहीं, देर शाम बक्सर वाले कथावाचक रामनारायणचार्य महाराज द्वारा कथावाचन किया गया। महायज्ञ संरक्षक रामकुमार सिंह ने बताया कि 4 जून को नगर भ्रमण और 5 जून को हवन, पूर्णाहुति भंडारे के साथ भव्य समापन किया जायेगा। कलशयात्रा में यज्ञ समिति संरक्षक रामकुमार सिंह, अध्यक्ष चितरंजन सिंह, सचिव आदित्य शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष सरोजानंद झा, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, श्याम सिंह, तेजनाथ महतो, अमित पाठक समेत कई धर्मप्रेमी शामिल रहे।

## भू-मफिया ने जीएम लैंड पर कब्जा करने की कोशिश की, अधिकारियों ने रुकवाया काम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर में आला अधिकारियों का तबादला हुआ तो भू माफिया एक बार फिर सरकारी जमीन पर कब्जा करने पर उतारू हो गए। रामगढ़ थाना के पीछे लगभग दो एकड़ की जीएम लैंड जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की गई। वहां नींव खुदवा कर गेट लगाने का प्रयास किया जा रहा था। जैसे ही रामगढ़ अंचल अधिकारी सुदीप कुमार एक्का को इस अवैध कार्य की जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल अपनी टीम मौके पर भेजी। घटनास्थल पर पहुंचे प्रभारी सीआई शुभम कुमार ने काम को रुकवाया और पंचम सोनी से दस्तावेज की मांग की। घटनास्थल पर पहुंचे पंचम सोनी के द्वारा कोई भी दस्तावेज नहीं दिखाया गया। जब भी कागज की बात हुई, वह कार्यालय में जमा होने की दलील देता रहा।



**खुदे हुए नींव को अधिकारियों ने भरवाया :** मजदूर लगाकर जीएम लैंड जमीन के सामने गड्ढा खुदवाया जा रहा था। जब अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने मजदूरों से बात की। मजदूर ने बताया कि पंचम सोनी के द्वारा काम पर लाया गया है। उसी के द्वारा यहां पर गेट लगाने की बात कही गई है। लगभग ढाई फीट के गड्ढे को अधिकारियों ने भरवारा और दोबारा किसी प्रकार का काम नहीं करने की हिदायती। साथ ही उसे पूरे इलाके की मापी कराकर वहां सरकारी जमीन का बोर्ड लगाने की भी बात कहीं।

**सरकारी जमीन पर बने अवैध कमरे की भी हुई मापी :** जीएम लैंड जमीन पर एक कमरे का निर्माण भी अवैध तरीके से कराया गया है। अंचल के कर्मियों के द्वारा उस कमरे की भी मापी की गई। साथ ही इस पर कार्रवाई करने के लिए अंचल अधिकारी को रिपोर्ट देने के लिए अमीन से मापी रिपोर्ट मांगी।

## पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी से मिले नरेश मुंडा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व सीएम सह प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी से करमा रतवे निवासी समाजसेवी नरेश मुंडा ने उनके निवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही, बाबूलाल मरांडी को बुके भेंटकर स्वागत कर क्षेत्र की समस्याओ से अवगत कराया। इस पर बाबूलाल मरांडी ने आश्वासन देते हर समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया।

## अशोक दूसरी बार बने राजद के प्रखंड अध्यक्ष



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष के रुप में अशोक कुमार यादव को दोबारा चयन कर लिया गया। इसका विधिवत घोषणा जिला निर्वाचन पदाधिकारी मोहर सिंह यादव एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी ब्यास प्रसाद यादव ने संयुक्त रुप से पत्र जारी कर किया। इस संबंध में बताया गया कि अशोक कुमार यादव को कुछ तकनीकी कारणों से बीते एक जून को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित होने की घोषणा नहीं की गयी थी। जिससे कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। विदित हो कि प्रखंड में चुनाव कराने आए पर्यवेक्षकों ने स्पष्ट परिणाम की घोषणा नहीं कर जिला पर्यवेक्षक को अपना पूरा ब्यौरा सौंपा था। जिसके बाद चयन की प्रक्रिया पुरी की गयी। अध्यक्ष बनाये जाने पर प्रखंड के राजद कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है। बधाई देने वालों में प्रभु दयाल यादव, चंद्रदेव यादव, वकील खान, कौलेश्वर यादव, डोमन यादव, चैतु यादव, केदार चौधरी, सर्जन यादव, महेंद्र यादव, विनय यादव सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ता शामिल है।

## पिस्तौल लेकर सरकारी काम रोकने पहुंचे दबंग, कुंदरूखुर्द में विद्यालय का बाउंड्री तोड़ा

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** शिक्षा के क्षेत्र में राज्य की हेमंत सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही हैं, ताकि गरीब बच्चों को इसका लाभ मिल सकें और बच्चे शिक्षित हो सके। राज्य के स्कूलों में बाउंड्री वाल किया जा रहा हैं, ताकि बच्चे सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई कर सकें। वही दूसरी तरफ कुछ दबंग लोग विकास कार्य मे बाधक बन रहे हैं। विकास कार्यों को रोकने का काम कर रहे हैं। ताजा मामला प्राथमिक विद्यालय कुंदरूखुर्द का हैं। जहां बाउंड्री निर्माण कार्य हो रहा हैं, मंगलवार को कुछ दबंग लोगो ने रंगदारी की मांग करते हुए बाउंड्री गिरा दिया। संवेदक रीना देवी ने रजरप्पा थाना में लिखित आवेदन दिया हैं। आवेदन में कहा गया हैं कि डीएमएफटी मद से प्राथमिक विद्यालय कुंदरूखुर्द में बॉउंड्री वाल का निर्माण कार्य किया ज रहा था। जिसका एकरारनामा संख्या 118 एफ 2 / 2024-25 है। बॉउंड्री काम के शुरू होने के बाद से ही लगातार अफजल अंसारी, जिलानी अंसारी और रब्बानी अंसारी, रेजाऊल अंसारी, दिलकश अंसारी, वसिफ अंसारी और सलीम अंसारी सभी कुन्दरूखुर्द के निवासी है। मंगलवार सुबह 11 बजे ये सभी लोग कार्य स्थल पहुंचकर काम कर रहे मजूदरो को धमकाते हुए बॉउंड्री गिरा दिया। साथ ही रिवॉल्वर निकालकर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि यदि बिना पैसा दिए काम को फिर से शुरू करता हैं तो गोली मार देंगे। संवेदक ने थाना में आवेदन देकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## भाईचारगी और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें बकरीद : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्ति श्री की अध्यक्षता में ईद उल जुहा (बकरीद) के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा/सिमरिया, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति सदस्य के रूप में जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शांति समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बकरीद के मौके पर शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रहने हेतु सभी संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर अपने अनुभव को साझा करते हुए विधि व्यवस्था को लेकर अपना अपना सुझाव दिये। उपस्थित सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र में पूर्व में मनाये गये त्योहारों की स्थिति से अवगत कराया। साथ ही जिला स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन करने एवं भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने की बात कही ।




उपायुक्त कीर्ति श्री ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी शांतिपूर्ण वातावरण एवं भाईचारगी के साथ त्यौहार को मनाएं। उन्होंने कहा कि समुदाय के हर उम्र वर्ग को जिम्मेदार नागरिक की तरह सतर्क रहने की जरूरत है तथा अफवाहों से सावधान रहने की आवश्कता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक सदभाव बिगाड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने किसी भी प्रकार की अफवाह या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट दिखाई देने पर इसकी सूचना प्रशासन को देने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक समित कुमार अग्रवाल ने कहा कि सोशल मीडिया सहित अन्य सभी माध्यमों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि उपद्रव फैलाने वाले या सामाजिक समरसता बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्ती से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आंधी में उजड़ा मुर्गी फार्म, लाखों का नुकसान



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की रात आयी तेज आंधी और पानी में एक तरफ जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। वहीं प्रखंड क्षेत्र के सरहचिया गांव में स्थित तूफान में एक मुर्गी फार्म पूरी तरह उजड़ गया। जानकारी के अनुसार मुर्गी फार्म सरहचिया गांव निवासी रामदेव यादव के पुत्र सुरेंद्र यादव का है। मुर्गी फार्म के उजड़ जाने से लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। इस संबंध में पीड़ित सुरेंद्र यादव तथा स्थानीय जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान ने जिला प्रशासन से इस पीड़ित किसान को पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की है। पीड़ित किसान ने रिश्तेदारों और दोस्तों से कर्ज लेकर मुर्गी फार्म खोला था।

# कनाडा ने की गलती

पीएम नरेंद्र मोदी का इस साल कनाडा में होने वाले जी7 सम्मेलन में भाग नहीं लेना इस वैश्विक मंच के उद्देश्य और इसकी प्रासंगिकता के लिहाज से ठीक नहीं है। भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी इकॉनमी है, ग्लोबल ग्रोथ में उसकी एक भूमिका है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। इसी वजह से पिछले कुछ वर्षों से उसे अमीर देशों के इस मंच पर जगह मिलती आयी थी।

**टूट गया सिलसिला :** भारत साल 2019 से लगातार इस आयोजन का हिस्सा रहा है। फ्रांस से यह सिलसिला शुरू हुआ था, जो पिछले साल इटली तक जारी रहा। इटली में विशेष सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सामाजिक असमानता को दूर करने और सभी के सहज उपलब्ध व सुरक्षित अकजैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की थी। भारत इस मंच का इस्तेमाल शांति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समन्वित विकास का संदेश देने के लिए करता रहा है।

**चरमपंथियों का दबाव :** जी7, सात सबसे विकसित और औद्योगिक देशों का समूह है, लेकिन जिस तरह से कनाडा में बसे खालिस्तान समर्थकों ने इस बार अपना असर इस पर छोड़ा है, वह चिंता का सबब है। आयोजन की मेजबानी कनाडा के पास है, लेकिन अलगाववादियों ने वहां की नई सरकार पर दबाव बनाया था कि भारत को आमंत्रित न किया जाये। मार्क कार्नी का इस मामले में झुक जाना चरमपंथी ताकतों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के लिए बड़ा झटका है। क्या भारत के बिना यह ग्रुप चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता, लोकतंत्र और पर्यावरण के मुद्दे पर टिका रह पायेगा?

> जी7 सम्मेलन कनाडा के लिए मौका था, जहां वह भारत के साथ संबंधों को सुधारने की शुरुआत कर सकता था। अमेरिका की तरफ से पड़ रहे प्रेशर को देखते हुए उसे नयी दिल्ली के जैसे सहयोगियों की जरूरत है।

**उम्मीदों को झटका :** मार्क कार्नी का कार्यकाल इस उम्मीद के साथ शुरू हुआ था कि भारत और कनाडा के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघल सकती है। अपने पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो के मुकाबले उन्होंने ज्यादा जिम्मेदार और सकारात्मक रवैया दिखाया था। चुनावी अभियान के दौरान उन्होंने माना था कि दोनों देशों के संबंध कई स्तरों पर महत्वपूर्ण हैं और समान विचारधारा वाले देशों के साथ व्यापारिक संबंधों में विविधता लाने की बात कही थी। पिछले हफ्ते जब विदेश मंत्री जयशंकर ने कनाडा की समकक्ष मंत्री अनीता आनंद से बात की, तो उसे भी अहम बदलाव माना गया था।

**हितों के खिलाफ :** जी7 सम्मेलन कनाडा के लिए मौका था, जहां वह भारत के साथ संबंधों को सुधारने की शुरुआत कर सकता था। अमेरिका की तरफ से पड़ रहे प्रेशर को देखते हुए उसे नयी दिल्ली के जैसे सहयोगियों की जरूरत है। लेकिन, घरेलू राजनीति से मजबूर कनाडा ने द्विपक्षीय रिश्तों ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय हितों को भी चोट पहुंचायी है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**यूरोप, उत्तर अमेरिका और दक्षिण अमेरिका महाद्वीपों में अधिकांश लोग एक धर्म को मानते हैं, अतः धर्म का टकराव युद्ध के रूप में कम दिखता है। लेकिन तीसरी दुनिया, विशेष रूप से एशिया जहां विभिन्न प्रकार के धर्म जैसे हिंदू, मुसलमान, बौद्ध बहुतायत में हैं, में धर्म का टकराव बड़े संघर्ष के रूप में दिखता है। पिछले कटु अतीत या शत्रुता को लेकर आये दिन बवाल होता है, गृहयुद्ध के साथ सीमा पर युद्ध की कगार पर भी पहुंच जाता है। यहां अपने गौरवमय अतीत और विशाल साम्राज्य को याद कर आये दिन साम्राज्यवाद की ओर बढ़ते कदम दिखायी देते हैं।**

# एशिया को निगल रहा युद्ध का अजगर



डॉ सुधा कुमारी



भारत जैसा देश जो युद्ध कभी नहीं चाहता और उसके पडोसी देश जो भारत से युद्ध नहीं चाहते, को कूटनीतिक उपाय से उकसाकर उनपर युद्ध थोपा जाता है। एशिया के तीन बड़े देशों में से एक अब तक युद्ध में धकेला जा चुका है, दूसरा युद्ध जैसी परिस्थिति में पड़ चुका है और तीसरा उसकी ओर बढ़ रहा है। एशिया को निगल रहा है, युद्ध का अजगर- लगातार, हर दिन, हर पल और इसके खतरे से अनजान सब आपस में लड़े जा रहे हैं।

धरती के उत्तरी गोलार्द्ध (नॉर्थ हेमिस्फियर) का वातावरण असाधारण युद्ध कौशल से भरा है। यहां कई युद्ध, महायुद्ध और दो विश्व युद्ध हो चुके हैं। दूसरा विश्व युद्ध 1945 तक समाप्त हो गया और उसकी विभीषिका को देख फिर किसी की हिम्मत नहीं हुई ऐसे युद्ध की स्थिति में पड़ने की। यूरोप, उत्तर अमेरिका और दक्षिण अमेरिका महाद्वीपों में युद्ध से बचने की सद्बुद्धि और परिपक्वता आ गयी थी। वे कटुता आने पर भी आपस में युद्ध की ओर नहीं बढ़े। पर कहते हैं न कि खिलाड़ी, पहलवान और सैनिक यदि अपना अभ्यास छोड़ दें तो कमजोर हो सकते हैं। इसलिए कोल्ड वॉर यानी बिना युद्ध के लड़ना तो जारी रहा पर केवल तीसरी दुनिया के महाद्वीप के साथ।

यूरोप, उत्तर अमेरिका और दक्षिण अमेरिका महाद्वीपों में अधिकांश लोग एक धर्म को मानते हैं, अतः धर्म का टकराव युद्ध के रूप में कम दिखता है। लेकिन तीसरी दुनिया, विशेष रूप से एशिया जहां विभिन्न प्रकार के धर्म जैसे हिंदू, मुसलमान, बौद्ध बहुतायत में हैं, में धर्म का टकराव बड़े संघर्ष के रूप में दिखता है। पिछले कटु अतीत या शत्रुता को लेकर आये दिन बवाल होता है, गृहयुद्ध के साथ सीमा पर युद्ध की कगार पर भी पहुंच जाता है। यहां अपने गौरवमय अतीत और विशाल साम्राज्य को याद कर आये दिन साम्राज्यवाद की ओर बढ़ते कदम दिखायी देते हैं। एशिया के देशों में युद्ध से बचने की कला आने में देर हो रही है।

> विश्व युद्ध समाप्त होने पर भी विकसित देशों में हथियारों का उत्पादन और व्यापार बहुत बढ़ा है।

विश्व युद्ध समाप्त होने पर भी विकसित देशों में हथियारों का उत्पादन और व्यापार बहुत बढ़ा है। युद्ध कला में पारंगत और हथियारों के व्यापारी जिन्हें सदियों से तीसरी दुनिया - एशिया और अफ्रीका-में जाकर लड़ने, उपनिवेश बनाने और वहां के दुर्लभ प्राकृतिक साधन का दोहन करने की आदत लग चुकी हो वे करें तो क्या करें? तीसरी दुनिया के अलावा जायें तो कहां जायें? अपना सामान और युद्ध के हथियार बेचें तो कहां बेचें? सबका ध्यान आर्थिक प्रगति कर रहे भारी जनसंख्या वाले देशों पर केंद्रित रहता है, जहां अशिक्षा और गरीबी अभी भी विचारणीय विषय हैं।

विकसित देशों का तीसरी दुनिया पर अवांछित ध्यान (अनवांटेड अटेंशन) इन देशों को गरीबी, ऋण, और गुलामी के जाल में फंसा सकता है। यदि ये विकसित देश कृपा करके एशिया में शिक्षा बढ़ाने, व्यापार बढ़ाने और शांतिपूर्वक आर्थिक प्रगति करने पर ध्यान दें और उनके आंतरिक विषय में दखल न दें तो स्थिति सुधर सकती है, लेकिन वे मानते कहां हैं? सदा एशिया के आसपास मंडराते रहना और उसके आंतरिक विषय में दखल देना उनकी आदत है। यहां आपस में गहरा मनमुटाव होना, युद्ध भड़काना (और भड़काना) काफी आसान काम है। इससे हथियार का व्यापार भी सुचारू रूप से चलता रहता है।

एक सामान्य सी बात है कि पडोसी के घर में भी हस्तक्षेप करना आपत्तिजनक माना जाता है। फिर दूर के देशों पर पूरे समय निगरानी करना, आंतरिक हस्तक्षेप करना तो और अधिक आपत्तिजनक बात है। आश्चर्य तो यह देख कर होता है कि कई देश जो प्रजातंत्र की स्थापना के नाम पर तीसरी दुनिया के शासन में दखल देते हैं, उनके अपने यहां राजतंत्र चलता है और चुना हुआ प्रधान मंत्री भी राजा के नाम पर सारे काम करता है।

आर्थिक रूप से कम प्रगतिशील एशिया को उपनिवेश बनाने, वहां के दुर्लभ प्राकृतिक साधन का दोहन करने और उनको लड़ाई के लिए हथियार बेचने के अलावा एक अन्य दृष्टिकोण भी है। वह है - एशिया में तीन बड़ी शक्तियों का होना और उनकी शक्ति से दुखी देशों की सैटेलाइट जैसी तेज दृष्टि तीनों पर बनी रहना। यहां पर उसकी चादर मेरी चादर से ज्यादा सफेद क्यों? वाली उक्ति चरितार्थ होती ह। इसलिए एशिया के बड़े देशों को कमजोर करने के लिए भी जानबूझ कर युद्ध में बलपूर्वक धकेला जाता है।

भारत जैसा देश जो युद्ध कभी नहीं चाहता और उसके पडोसी देश जो भारत से युद्ध नहीं चाहते, को कूटनीतिक उपाय से उकसाकर उनपर युद्ध थोपा जाता है। एशिया के तीन बड़े देशों में से एक अब तक युद्ध में धकेला जा चुका है, दूसरा युद्ध जैसी परिस्थिति में पड़ चुका है और तीसरा उसकी ओर बढ़ रहा है।

एशिया को निगल रहा है, युद्ध का अजगर- लगातार, हर दिन, हर पल और इसके खतरे से अनजान सब आपस में लड़े जा रहे हैं। इसका लाभ कोई और शक्ति उठा रही है और विकसित से अति विकसित होती जा रही है। इस अजगर से स्वयं को छुड़ा कर इसको समाप्त करना आवश्यक है। अभी भी लोग संभल जायें कि एशिया कोई युद्ध का मैदान नहीं, विकसित होने की क्षमता वाला महाद्वीप है, तो यह सचमुच में विकसित बन सकता है।

बाहरी शरारती तत्त्वों से बचने और किसी देश के आंतरिक विषय को बचाकर रखने के लिए आवश्यक है- गूगल, ईमेल, फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाटसएप पर निर्भर होने की जगह देसी उपाय विकसित करना। दूसरे देश भागने और अपने देश को नीचा दिखाने से कहीं अच्छा है अपने देश का आर्थिक और सामाजिक विकास करना, दूसरों के बहकावे में न आना और पडोसी से सहयोग और व्यापार सम्बन्ध सुधारना।

## कोल्हान की खबरें

### राज्यपाल ने बहरागोड़ा में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

# शिक्षा ही समाज निर्माण की आधारशिला : संतोष गंगवार

आजाद सिपाही संवाददाता




**बहरागोड़ा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में आशीर्वाद संस्था द्वारा आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह 2025' में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सांसद विद्युत वरण महतो की उपस्थिति रही।मंगलवार को समारोह में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा बहरागोड़ा एक बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक क्षेत्र है,जिसने शिक्षा,कला और समाजसेवा के क्षेत्र में झारखंड का नाम देश-विदेश में रोशन किया है। उन्होंने कहा यह समारोह केवल पुरस्कार वितरण का मंच नहीं, बल्कि परिश्रम, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों के प्रति समाज की श्रद्धा का प्रतीक है। राज्यपाल श्री गंगवार ने ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलती है। इसके साथ समाज को भी सकारात्मक दिशा मिलती है। उन्होंने कहा शिक्षा केवल व्यक्तिगत उन्नति का साधन नहीं बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी का माध्यम भी है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया वे विज्ञान, तकनीक और नवाचार का उपयोग स्थानीय समस्याओं के समाधान में करें। राज्यपाल ने स्पष्ट कहा प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता ही उच्च शिक्षा की नींव होती है। उन्होंने यह भी बताया राज्य में उच्च शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। समारोह के दौरान राज्यपाल ने छात्रों के साथ सादगी से भोजन किया और उनके साथ संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। विद्यार्थियों ने भी राज्यपाल के सहज और आत्मीय व्यवहार से प्रभावित होकर उन्हें पीपुल्स गवर्नर की उपाधि दी। वहीं सांसद विद्युत वरण महतो ने बहरागोड़ा को एक शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने राज्यपाल की उपस्थिति को छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की।

# जेसीबी की चपेट में आने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना क्षेत्र के चारखंभा चौक के पास सड़क हादसे में 28 वर्षीय बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक की पहचान सिदगोड़ा निवासी रमेश टुडू के रूप में हुई। वह अपनी बाइक से स्टेशन से सुंदरनगर की ओर जा रहा था। बाजार समिति मार्ग से आ रही एक अनियंत्रित जेसीबी ने बाइक को टक्कर मार दी। सड़क दुर्घटना में रमेश टुडू गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटना सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वही पूरे इलाके में शोक का माहौल व्याप्त है। घटना की पुष्टि करते हुए परसुडीह पुलिस पदाधिकारी मोहम्मद फैज अहमद ने बताया जेसीबी और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसमें रमेश टुडू गंभीर रूप से घायल हो गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया हादसे के बाद जेसीबी को जप्त कर लिया गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर मामले की जांच की जा रही है।

### एसएसपी से मिला सर्वोदय समिति और केंद्रीय शांति समिति का प्रतिनिधिमंडल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सर्वोदय समिति जमशेदपुर और केंद्रीय शांति समिति का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल एसएसपी पीयूष पांडे से शिष्टाचार मुलाकात की। मंगलवार को नंदलाल सिंह और रियाजुद्दीन खान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी का स्वागत एवं अभिनंदन किया।मौके पर उन्होंने शांति समिति को और अधिक सक्रिय, प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की।उन्होंने सुझाव दिया शांति समिति के सदस्यों की कार्यशैली, सामाजिक पृष्ठभूमि एवं उनकी योग्यता की समय-समय पर निगरानी की जाए, ताकि उनकी भूमिका को परिणामोन्मुखी बनाया जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने कहा शांति समिति के सदस्य प्रशासनिक तंत्र के अभिन्न अंग हैं, इसलिए उनकी कार्यप्रणाली जाति, संप्रदाय एवं राजनीतिक पक्षपात से ऊपर होनी चाहिए।प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया समिति के सदस्य समाज में अमन, सद्भाव और भाईचारे को प्राथमिकता देते हुए कार्य करें और इस मंच को राजनीति से मुक्त रखें। उन्होंने अपील की समिति के सदस्य गुटबाजी और कुंठित मानसिकता से परहेज करते हुए एकजुट होकर समाज में शांति बहाल हेतु प्रयासरत रहें, जिससे आम जनता और प्रशासन का विश्वास समिति पर बनी रहे। इस अवसर पर एसएसपी श्री पांडे ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया।

### झामुमो नेता गणेश महाली ने डीसी को सौंपा मांग पत्र



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता गणेश महाली ने सरायकेला जिले के नवपदस्थापित डीसी नीतीश कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।मंगलवार को शिष्टाचार मुलाकात के दौरान श्री महाली ने जिले के विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।मौके पर उन्होंने रुंगटा माइंस लिमिटेड के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड के तहत दुगनी पुलिस केंद्र में एक एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने बताया पुलिस मुख्यालय में एंबुलेंस की सुविधा नहीं होने के कारण सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों व पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। जिससे कई बार गंभीर परिणाम सामने आया हैं। गणेश महाली ने कहा यदि पुलिस मुख्यालय में एक एंबुलेंस उपलब्ध हो तो सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की जान बचाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने आशा जताई जिला प्रशासन इस मांग पर गंभीरता से विचार करेगा और शीघ्र उचित कदम उठाएगा।डीसी नीतीश कुमार सिंह ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

### कदमा में श्री बालाजी अन्नपूर्णा चलंत मध्याह्न भोजनालय का शुभारंभ आज



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने बुधवार को दोपहर 12 बजे कदमा स्थित रंकिणी मंदिर के समीप श्री बालाजी अन्नपूर्णा चलंत मध्याह्न भोजनालय का विधिवत शुभारंभ करेंगे। इस जनकल्याणकारी पहल के अंतर्गत प्रतिदिन जरूरतमंद व्यक्तियों और परिवारों को मात्र 5 रुपिया में स्वच्छ व पौष्टिक दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया जायेगा। यह भोजनालय जरूरतमंदों के लिए सम्मानजनक व सुलभ भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# आदित्यपुर फायरिंग कांड का 48 घंटे में हुआ खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**बदले की भावना से रची गयी थी हत्या की साजिश, लोडेड पिस्टल और बाइक बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र के त्रिपुरारी कॉलोनी में बीते एक जून की देर शाम हुई गोलीबारी की घटना का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया।मंगलवार को पुलिस ने घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में आदित्यपुर निवासी मोहित प्रमाणिक उर्फ छोटकू, सुजल अधिकारी उर्फ सुजल बच्चा उर्फ बोबु, रोहित देशपांडे उर्फ चिकू और जिशु गोप शामिल हैं।पुलिस ने आरोपियों के पास से एक लोडेड पिस्टल, 7.65 एमएम के दो जिंदा कारतूस और घटना में उपयोग की गई काले-ग्रे रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।बताया जाता है बीते एक जून को त्रिपुरारी कॉलोनी निवासी दीपांकर भुईंया को अज्ञात अपराधियों ने उनके पैर में गोली मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए सरायकेला-खरसावां के पुलिस एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी विश्लेषण और मानवीय सूचनाओं के आधार पर अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर चारों आरोपियों को हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया मुख्य आरोपी मोहित प्रमाणिक ने अपने पिता सुभाष प्रमाणिक पर अगस्त 2024 में हुई फायरिंग की घटना का बदला लेने के लिए यह साजिश रची थी। मोहित ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर दीपांकर भुईंया पर जानलेवा हमला किया था। पूछताछ के दौरान चारों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया।

# अर्का जैन यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया स्थित अर्का जैन यूनिवर्सिटी में बड़े ही भव्यता और गरिमा के साथ तीसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।मंगलवार को दीक्षांत समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

समारोह में राज्यपाल ने पाठ्यक्रमों के टॉपर विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान कर सभी स्नातक छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। दीक्षांत समारोह का जुलूस विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन से निकलकर समारोह स्थल तक पहुंचा। जहां मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक रूप से अंगवस्त्र और बुके देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। जिससे समारोह का माहौल और भी गरिमामय हो गया। इस दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन ने शिक्षा, अनुसंधान और समाजसेवा के क्षेत्र में यूनिवर्सिटी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। समारोह में कुलपति, प्राचार्य, संकाय सदस्य, अभिभावकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्रगीत और धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## होटल में चल रहे अनैतिक कार्यों का पुलिस ने किया भंडाफोड़

# होटल संचालक समेत 11 लोग हिरासत में, तीन भेजे गये जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा शहर के पॉश क्षेत्र सुखदेव नगर स्थित जय श्री पैलेस होटल में सोमवार को स्थानीय पुलिस ने छापेमारी कर होटल संचालक सहित 11 लोगों को हिरासत में लिया। इस कार्रवाई में पकड़े गये लोगों में 5 युवक-युवतियों के जोड़े शामिल हैं, जिनमें कई छात्र-छात्रायें भी बतायीं जा रही हैं। पुलिस ने इन्हें अलग-अलग कमरों से संदिग्ध और आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा।

**गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई :** एसडीपीओ नीरज कुमार ने जानकारी दी कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जय श्री पैलेस होटल में अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सूचना के सत्यापन के लिए सोमवार दोपहर छापेमारी की गयी। होटल के कमरों की तलाशी के दौरान पुलिस ने 5 जोड़ों को संदिग्ध अवस्था में पाया।

**सीसीटीवी और संदिग्ध सामग्री भी जब्त :** छापेमारी के दौरान पुलिस ने होटल से सीसीटीवी फुटेज जब्त किये हैं। इसके अतिरिक्त तलाशी में ऊर्जा बढ़ाने वाली दवाइयां, कंडोम और कुछ अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गयी है। पुलिस का मानना है कि होटल में व्यवस्थित रूप से अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं।

**सहभागी युवाओं को चेतावनी, होटल प्रबंधन पर सख्ती :** हिरासत में लिए गये सभी युवक-युवतियों से पूछताछ के बाद उनके परिजनों को बुलाकर चेतावनी के साथ छोड़ दिया गया है। हालांकि, इस मामले में होटल संचालक जय सोनी, मैनेजर अक्षयबर सिंह मेहता और कर्मचारी अरविंद मेहता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**शहर में सनसनी, होटल की भूमिका पर सवाल :** इस घटना के बाद शहर में हड़कंप मच गया है। सुखदेव नगर जैसे प्रतिष्ठित इलाके में इस प्रकार की गतिविधियों सामने आने से नागरिकों में गंभीर चिंता और नाराजगी देखी जा रही है। होटल प्रबंधन की भूमिका और प्रशासन की निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं।

## दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** सोमवार को भंडरिया थाना क्षेत्र के बिजका गांव में बकरी चराने गयी 45 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म किये जाने के मामले में भंडरिया पुलिस ने कारवाई करते हुए आरोपी शिवप्रसाद सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार पीडित महिला अपने गांव की अन्य महिलाओं के साथ सोमवार को बीजका के जंगल में बकरी चराने गयी थी। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। वहीं साथ में अन्य महिलाओं को भी धमकाया। इस डर से अन्य महिलाओं ने गांव में पहुंचकर इसकी जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी को जंगल में खोजने चले गये, लेकिन वह भाग निकला। इसके बाद पीडिता ने भंडरिया थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। जिसके बाद थाना प्रभारी अभीत गौतम मिश्र के नेत्रित्व में टीम गठित कर आरोपी को गांव से गिरफ्तार कर मार्ग रक्षण मे न्यायिक हिरासत गढ़वा जेल भेज दिया।

## दुर्घटना में एक की मौत, प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता


मृतक संजय की फाइल फोटो।

**कांडी।** थाना क्षेत्र के सोनपुरा गांव में बीते 30 मई की रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 37 वर्षीय संजय राम की मौत हो गयी। इस घटना को लेकर मृतक के पिता रामगहन राम ने कांडी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी तथा मामले की गहन जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात्रि में संजय राम शौच के बाद लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल (नं. जेएच 14 जे 9435) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल चला रहे व्यक्ति की पहचान महेंद्र कुमार साव, पिता स्वर्गीय बैजनाथ साव, ग्राम करकट्टा, थाना मझिआंव, जिला गढ़वा निवासी के रूप में हुई है। बताया गया कि घटना के समय बाइक पर तीन लोग सवार थे और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाया जा रहा था। टक्कर के बाद संजय राम गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें पहले माझिआंव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल गढ़वा और फिर मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। मेदिनीनगर पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी स्थिति इतनी नाजुक थी कि किसी अस्पताल में इलाज की भी संभावना नहीं रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद बाइक पर सवार दो युवक मौके से फरार हो गये, जबकि चालक पहले तो साथ गया, लेकिन गढ़वा पहुंचकर वह भी गायब हो गया। पुलिस ने मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है और थाने में लाया गया है।

इस संबंध में कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि मामले में थाना कांड संख्या 49/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस अनुसंधान के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

## बीएसएम कॉलेज में नये प्राचार्य चंद्रभूषण और वित्त पदाधिकारी डॉ शांति ने पदभार ग्रहण किया



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। बीएसएम कॉलेज में मंगलवार को नये प्राचार्य के रूप में चंद्रभूषण चौबे और वित्त पदाधिकारी (बर्सर) के रूप में डॉ शांति कुमारी का पदभार ग्रहण सेवानिवृत प्राचार्य आरपी शुक्ला ने कराया। श्री शुक्ला ने बताया कि अपने जीवन काल का 23 वर्ष मैं इस कॉलेज को सिंचित करने का काम किया हूं, सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस कॉलेज को आगे भी भविष्य में बढ़ाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर प्रोफेसर, बीबी सिंह, न्याज अहमद, प्रो कुमारी संगम, विनोदानंद पाठक, श्याम बिहारी सिंह, एपी सिंगर, अफजल अंसारी, वीरेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

## गैस सिलेंडर में आग लगने से खरौंधी निवासी गंभीर रूप से घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। खरौंधी निवासी शिवकुमार प्रजापति मंगलवार को गैस सिलेंडर में आग लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे घायलावस्था में भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां डॉ अनुपमा कुमारी के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बारे में शिव कुमार प्रजापति ने बताया कि दोपहर में घर में कोई नहीं था मजदूरी करने के बाद दोपहर रसोई गैस सिलेंडर से खाना बनाने के लिए खोला तो गैस नहीं निकला रहा थे, इसी बीच चेक करने के दौरान जैसे ही माचिस जलाया सिलेंडर में आग पकड़ लिया, जिससे शरीर के कई भाग जल गया। गनीमत था कि ऊपर में कोई कपड़ा नहीं पहना था नहीं तो और बुरी तरह जख्मी हो जाता।

## नशे में धुत दूल्हे ने शादी के मंडप में मचाया हंगामा, टूटी शादी और लौटी बारात

रंका (आजाद सिपाही)। विवाह की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं जब मंडप पर दूल्हे की हरकतों ने पूरे माहौल को शर्मसार कर दिया। घटना रंका थाना क्षेत्र के बरदरी गांव की है, जहां सोमवार की रात शादी की सभी रस्में धूमधाम से चल रही थीं। लेकिन मंडप में दूल्हे की नशे में की गयी हरकतों ने शादी को बीच में ही रुकवा दिया और बारात बिना दुल्हन के लौट गई। बरदरी गांव निवासी राम शरण रवि की पुत्री की शादी पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के निमिया गांव निवासी देवव्रत से तय हुई थी। बारात पूरे शान-ओ-शौकत के साथ बरदरी गांव पहुंची। द्वार पूजा और वरमाला जैसी रस्में पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुईं। परिजनों और ग्रामीणों के बीच खुशी का माहौल था। रात्रि के करीब 3 बजे, जब दूल्हे को मंडप में विवाह की मुख्य रस्मों के लिए बुलाया गया, उसी दौरान अचानक स्थिति बदल गयी। परिछावन की रस्म के दौरान दूल्हे ने अंजुली में दिया गया चावल फेंक दिया और गाली-गलौज करने लगा। फिर मौर को सिर से उतारकर फेंक दिया और खुद मंडप में गिर पड़ा। दूल्हे की बिगड़ी हालत और उसके व्यवहार को देखकर परिवार वालों को शक हुआ और पूछताछ के बाद पता चला कि वह नशे का आदी (ड्रग एडिक्ट) है। यह सुनते ही दुल्हन ने साफ इंकार कर दिया कि वह ऐसे व्यक्ति से विवाह नहीं करेगी। इस बीच दोनों पक्षों में जमकर विवाद हुआ और हंगामा भी हुआ।

## इसी महीने कार्डधारियों को तीन महीने का राशन मिलेगा

# पारदर्शिता और निष्पक्षतापूर्वक राशन का वितरण होगा : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी के आदेशानुसार सभी कार्डधारियों को माह जून और जुलाई का राशन दिनांक 01 जून 2025 से 15 जून 2025 तक तथा माह अगस्त का राशन दिनांक 16 जून 2025 से दिनांक 30 जून 2025 तक राशन वितरण करना है।

इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि इस विषय में जानकारी देते हुए विशुनपुरा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में सभी डीलरों को यह निर्देश दिया गया है कि माह जून, जुलाई एवं अगस्त माह का राशन गोदाम से उठाव कर सभी कार्डधारियों को वितरण करना है। इसके लिए जो समय सीमा निर्धारित की गयी है। उसके आलोक में माह जून एवं जुलाई का राशन 01 जून 2025 से 15 जून 2025 तक तथा माह अगस्त का राशन 16 जून 2025 से 30 जून 2025 तक राशन वितरण करना है। वहीं सम्पूर्ण राशन(अनाज) वितरण को पारदर्शिता एवं निष्पक्षता पूर्वक वितरण कराने हेतु अंचल कार्यालय से पंचायतवार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गयी है। जिसमें जयप्रकाश गुप्ता (राजस्व उप निरीक्षक) पिपरी कला पंचायत, जितेंद्र कुमार(राजस्व उप निरीक्षक) पतिहारी पंचायत, राकेश बैठा (वीएलडब्ल्यू) सरांग पंचायत, हुसैन अंसारी (पंचायत सचिव) विशुनपुरा पंचायत, विकाश कुमार (पंचायत सचिव) अहमर खास पंचायत को नियुक्त किया गया है। जिनके देख रेख में राशन वितरण सुनिश्चित किया जायेगा। साथ ही अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सभी डीलरों को यह निर्देश दिया गया है कि बिना किसी शिकायत के आप कार्डधारियों को राशन वितरण करना सुनिश्चित करेंगे।

## मेरालः वज्रपात और सड़क दुर्घटना में मृत आत्मा की शांति के लिए की गयी प्रार्थना

आजाद सिपाही संवाददाता



खालिद अंसारी, उप मुखिया नजीब अंसारी एएसआई प्रेम प्रकाश पांडे, संजय कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

**मेराल।** बकरीद पर्व को लेकर थाना के सभागार में सीओ यशवंत नायक की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक का संचालन थाना प्रभारी विष्णु कांत के द्वारा किया गया। सीओ यशवंत नायक ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी बकरीद का त्योहार आपसी भाईचारा व सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार को मनाएं। उप प्रमुख निजामुद्दीन खान, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, मुखिया संघ अध्यक्ष रामसागर महतो मनदीप सिंह आदि ने भी पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का अपील किया। बैठक के अंत में बिगत दिन वज्रपात की घटना में विधायक प्रतिनिधि लालमोहन के पुत्र तरुण कुमार देव सहित तीन लोगों तथा सड़क दुर्घटना में मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रहकर प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, समाज सेवी जफिर अंसारी,

## ओवरलोड हाइवा से टूटा पुराना पुल

### स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पुल बनाने की लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव में मंगलवार की सुबह कदमी चौक के पास नहर का पुराना पुल पर ओवरलोड हाइवा टूक से पुल टूट गया जिसे आवागमन बाधित हो गया है। पुल ध्वस्त होने पर हाइवा ट्रक नहर में समा गया, गनीमत रही की चालक बाल बाल बच्च गया। नहर पर बना पुल के टूट जाने से गांव के लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। पुल ध्वस्त होने पर गांव के लोग काफी संख्या में जुटे और हाइवा के चालक और मालिक पर आक्रोशित हुए। जानकारी के अनुसार हाइवा ट्रक गाड़ी नंबर यूपी 64 बी टी 44 43 जो छत्तीसगढ़ से गिट्टी लोड कर हासनदाग गांव ला रहा था, नहर पर बने छोटे पुराना पुलिया पर पार करने का प्रयास कर रहा था, तभी स्थानीय लोगों ने मना किया कि भारी वाहन से पुल ध्वस्त हो जाएगा, लेकिन चालक गाड़ी मालिक आशीष चौधरी जो गेरूआ बिछियादामर का निवासी है चालक से कहा कि तुम गाड़ी पर करो हम समझ लेंगे। जबरन पुलिया पर गाड़ी चढ़ा कर पार करने लगा इसी दौरान भारी वजन के वजह से पुलिया पूरी तरह ध्वस्त हो गया। गाड़ी मालिक तुरंत जेसीबी और हाइड्रा के सहारे गाड़ी को निकाल कर भागने में सफल रहा। इसकी सूचना पाकर नहर विभाग के जेई घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लिया। इधर स्थानीय लोगों ने बरसात को देखते हुए प्रशासन से अविलंब पुल निर्माण करने की मांग की है।

झारखण्ड सरकार

कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

**शुद्धिपत्र**

PR 351728 Lohardaga(25-26)#D द्वारा प्रकाशित मैश फीड की अति अल्पकालीन निविदा खोलने के अनुदेश (आवश्यक शर्तों) में आपूर्तिकर्त्ता को सरकारी क्षेत्र में मत्स्य बीज उत्पादकों को मैश फीड आपूर्ति करने हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन में कंडिका 05 को विलोपित किया जाता है। तथा मैश फीड की शेष कंडिका अथावत रहेगी। दिनांक 10.06.2025 को निविदा डालने को समय 11:00 बजे एवं निविदा खुलने का समय 11:30 बजे निर्धारित की गई है। इस सूचना को जिला Website-Lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 354200 Lohardaga(25-26).D

# आपसी भाईचारे के साथ मनायें बकरीद : सीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व शांति व शौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर भवनाथपुर थाना में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीओ शंभू राम ने की। सीओ शंभू राम ने कहा कि बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। थाना क्षेत्र में कहीं से कोई अप्रिय घटना अगर होती है, तो उसकी सूचना पुलिस को तुरंत दें। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि बकरीद के अवसर पर जहां-जहां नमाज अदा किये जायेंगे, पुलिस वहां उपस्थित रहेगी। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से कहा कि कुर्बानी के बाद अवशिष्ट पदार्थों को जमीन खोद कर मिट्टी में दबा दें, उसे अन्यत्र इधर उधर नहीं फेकें। वहीं उपस्थित दोनों समुदायों के लोगों ने कहा कि भवनाथपुर में हिन्दू मुस्लिम दोनों ही समुदाय का पर्व हम सभी आपसी भाई चारे के साथ मनाते हैं, कभी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, एसआई परवेज आलम, दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद, उपेंद्र राम, निरंजन शर्मा, मुखिया बेबी देवी, सोनाकिशोर यादव, अख्तर अंसारी, पंसस जमुना पासवान, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, प्रदीप गुप्ता, रहीम, जमीरुद्दीन, शफीक, शंभू, हरिदास सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



मझिआंव (गढ़वा)। बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर मझिआंव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) श्रीमती कनक ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, पुलिस अधिकारियों और समाजसेवियों की उपस्थिति में त्योहार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ श्रीमती कनक ने कहा कि बकरीद एक पवित्र त्योहार है, जिसे प्रेम, भाईचारे और शांति के साथ मनाया जाना चाहिए। वहीं, एसआई नसीम अंसारी ने बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि कोई असामाजिक तत्व समाज में अशांति फैलाने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना तुरंत थाना को दें। ताकि समय पर कार्रवाई कर शांति व्यवस्था बनाये रखी जा सके।

## डंडई थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें सामाजिक सौहार्द बनाये रखने पर जोर दिया गया। बैठक में थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने उपस्थित सदस्यों को शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की बात कही। बैठक में उपस्थित बच्चा लाल प्रसाद गुप्ता, मुस्ताक अंसारी लाल बिहारी पासवान, मनौहर दिन अंसारी, फिरोज अंसारी, दिनेश राम, कन्हैया प्रजापति शाहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## केतार थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



केतार (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में बकरीद के शुभ अवसर पर मंगलवार को सायं 4:00 बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, कर्मचारी प्रकाश राम, लालेश्वर राम,जनप्रतिनिधि और दोनो समुदाय के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या-02, राँची

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना**

1) एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राँची स्थित Dismantling of A.B.C. & D Sweeper Blockin Front of Administrative Building at RIMS, Ranchi. को तोड़कर स्थल से हटाने हेतु नीलामी मुहरबन्द लिफाफे द्वारा दिनांक 10.06.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक इस कार्यालय में प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 10.06.2025 को 3.30 बजे अपराह्न में आपके समक्ष/आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति में खोली जायेगी।
2) प्रत्येक नीलामी देने वाले को नीलामी के साथ जी०एस०टी० निबंधन प्रमाण पत्र एवं जी०एस०टी० रिटर्न, पैन कार्ड, आधार कार्ड, विगत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न, उपायुक्त/आरक्षी अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (एक वर्ष तक की तिथि का), संलग्न करना होगा।
3) प्रत्येक नीलामी देने वाले को नीलामी की राशि की 5% (पाँच प्रतिशत) राशि का अग्रधन राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवा निर्गम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा/किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की Fixed Deposit (छः माह के लिए वैध) के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-02, राँची के पदनाम से प्रतिज्ञप्त कराकर संलग्न करना होगा।
4) नीलामी के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामीदाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-02, राँची के नाम से जमा कर देना होगा। ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया) का बना होना चाहिए एवं मुख्य शाखा राँची के नाम से भुगतेय होना चाहिए।
5) नीलामी की न्यूनतम राशि क्रमशः रूपये 4,94,962.39/-(चार लाख चौरानबे हजार नौ सौ बासठ रूपय उनचालिस पैसे) मात्र होगी।
6) आदेश की तिथि से 90 (नब्बे) दिनों के अन्दर भवन को तोड़ने एवं भवन सामग्री रबीश (कचरा) आदि को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि लौटायी जा सकेगी, अन्यथा यह जब्त कर ली जायेगी।
7) भवन को तोड़ते समय यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेवारी विभाग की नहीं होगी, बल्कि नीलामीदाता की होगी।
8) नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति भवन के नीलामी के पूर्व किसी भी कार्य दिवस को निरीक्षण कर सकते हैं।
9) बिना कारण बताये नीलामी को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
10) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल सं०-02, राँची

PR 354199 Building(25-26).D

# 11 सूत्री मांगों को लेकर जिला परिषद सदस्यों ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार में मान, सम्मान, हक और अधिकार के हनन के खिलाफ समाहरणालय परिसर स्थित डीडीसी गेट के सामने सभी जिला परिषद एकजुट हुए और धरना दिया। जिप अध्यक्ष पूनम देवी कहा कि जिला परिषद सदस्यों के निर्वाचन के तीन वर्षों के बाद भी उनको मान सम्मान और हक अधिकार नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण जिप सदस्य मानसिक और सामाजिक पीड़ा झेलने को मजबूर है। इस मामले को लेकर उन्होंने विभाग के अधिकारी और निदेशक को कई बार अवगत करवाया है, परंतु फलाफल शुन्य है। वहीं जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि जिला परिषद की बैठक नियमित नहीं होने से नियमों का अनुपालन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के विभिन्न प्रखंडों में होने वाली डाक बंगला निर्माण की अधूरी प्रक्रिया को पूरा करते हुए निविदा निकाली जाये। जिला परिषद के सचिव की जल्द से जल्द पदस्थापना हो। जिला परिषद के लिए अलग से सहायक अभियंता और कनीय अभियंता की नियुक्ति हो। जिला परिषद में पूर्ण रूप से डीआरडीए का विलय करते हुए सभी जिला परिषद सदस्यों को हक और अधिकारी मिले। वहीं विनोद उरांव ने कहा कि जिला परिषद मद से पूर्ण हो चुकी योजनाओं का राशि की जल्द से जल्द भूगतान की जाये। जिला में बन रहे पुल पुलिया, सड़क आदि के चयन में जिला परिषद को प्राथमिकता दी जाये। इसके अलावे 11 सूत्री मांगों को लेकर जिला परिषद सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एक प्रतिलिपी उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को दिया। मांग पूरी नहीं होने पर सामूहिक इस्तीफा देने की बात कही है। मौके पर मुख्य रूप से पूनम देवी, अनीता देवी, सरोजा देवी, चंचला देवी, बलवंत सिंह, कन्हाई सिंह, बुद्धेश्वर भगत, स्टेला नगेशिया, जीरा देवी, बिनोद उरांव, प्रियंका देवी, प्रतीमा देवी, संतोषी शेखर, सनपतिया देवी और रमेश राम मौजूद रहे।

## झारखंड कृषक मित्र महासंघ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन




लातेहार(आजाद सिपाही)। लातेहार झारखंड कृषक मित्र महासंघ ने डीसी उत्कर्ष गुप्ता को आवेदन देकर हड़ताल में जाने की जानकारी दी है। महासंघ के प्रदेश सचिव राजेश प्रजापति ने बताया कि कृषक मित्र पिछले 15 वर्षों से आत्मा परियोजना कृषि विज्ञान, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, प्रधानमंत्री किसान योजना, मुख्यमंत्री खुशहाली योजना, कृषि ऋण माफ योजना मिट्टी जांच योजना समेत कई विकास के कार्य में शामिल रहे है, परंतु आज तक कृषक मित्रों को कोई भी सम्मानजनक मानदेय नहीं मिला है, जिसके कारण कृषक मित्रों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है, जबकि आर्थिक तंगी के कारण कई कृषक मित्रों की मौत भी हो चुकी है। जिलाध्यक्ष जगदीश राम ने कहा कि जब तक कृषक मित्रों का सम्मानजनक मानदेय लागू नहीं हो जाता है, तब तक सभी कृषक मित्र हड़ताल पर रहेंगे। बता दें कि 27 मई से झारखंड कृषक महासंघ के आह्वाहन पर हड़ताल पर है। मौके पर मो0 जाजिम रजा, मुकेश यादव, धनंजय राम, धनदेव राम, बलदेव पाहन, विरा उरांव, शंभु उरांव सहित दर्जनों कृषक मित्र शामिल थे

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



हेरहंज (आजाद सिपाही ) । थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार और थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया की संयुक्त अध्यक्षता में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में दोनों अधिकारियों ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की और शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने पर जोर दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि बकरीद पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। हम सभी को मिलकर इसे शांतिपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने की सलाह देता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखने की बात कही और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने की अपील की। थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया ने बैठक में कहा कि हमारी प्राथमिकता शांति व्यवस्था बनाए रखना है। संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगा और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। मौके पर-रंजीत जायसवाल, लाडले खान,मो0 जनाब अंसारी,सेरनदाग मुखिया फूलदेव सिंह,पुरुषोत्तम प्रसाद गुप्ता,फुलकेश यादव,टैचुन नेता,तौहीद अंसारी,एनुल अंसारी,फुलवा गंझू,लालदेव गंझू,मो0 मिस्टर,सलमान अंसारी समेत दोनों समुदायों के प्रमुख लोग उपस्थित थे। सभी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का संकल्प लिया और प्रशासन को सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका।** थाना परिसर में बकरीद को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार ने की। बैठक में मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार समेत शांति समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आपसी भाईचारे, सदभाव के साथ त्यौहार मनाने की अपील क ीऔर क्षेत्र वासियों को बकरीद पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। बैठक के दौरान थाना प्रभारी शशि कुमार ने कहा कि हमारे सेल के द्वारा हर सोशल मीडिया ग्रुप पर नजर बना हुआ है। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने पर संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई की जायेगी सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों से बच्चे और प्रेमभाव के साथ आपसी भाईचारे को बनाये रखते हुए बकरीद की त्यौहार मनाने की अपील की। इस वर्ष बकरीद का त्योहार 7 जून 2025 शनिवार को मनाया जायेगा। बैठक में सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार, एएसआई मुनमुन मियां, विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, सुरेंद्र पासवान, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, मनिका ग्राम प्रधान रजत कुमार, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, बाड़ी ग्राम प्रधान कयूम अंसारी, तस्लीम अंसारी, कुमार संजय , मोहम्मद गुलाम हुसैन बरवाडी, हसीब अंसारी भट्को, सैयद रजा, राजू कुमार चौरसिया, बली यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक





बरवाडीह(आजाद सिपाही )। बरवाडीह थाना परिसर में बकरीद पर्व को देखते हुए मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक के दौरान अंचलाधिकारी मनोज कुमार,थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन ने जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों से बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। इस दौरान थानाध्यक्ष राधेश्याम कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर बकरीद पर्व को लेकर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात की जाएगी। पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्ती भी जारी रहेगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी। ऐसे में कही भी कोई अफवाह फैले तो इसकी तुरंत सूचना प्रशासन को दें। मौके पर सब इंस्पेक्टर सुनील मण्डल एएसआई पंचरत्न यादव उपेन्द्र सिंह,साबिर अंसारी मुखिया कालो देवी,बुधेस्वर सिंह बिस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी,पिंटू सिंह,हुलास सिंह, नरेश यादव,खुर्सीद आलम समेत सेकड़ो के संख्या में लोग शामिल रहे।

## जुआरियों पर पुलिस का एक्शन, तीन बाइक, नकदी और ताश के पत्ते जब्त

कुडू (आजाद सिपाही)। पुलीस ने थाना क्षेत्र के ननतिलो गांव में जुवे के अड्डे पर दबिश देकर बाइक, नकदी और ताश के पत्ते जब्त किये हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि ननतिलो गांव में जुआरी ताश के पत्तों पर मोटी रकम पर दाव लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार ने दल - बल के साथ दबिश दी, पर पुलिस को आता देख जुआरी भाग खड़े हुए। हालांकि मौके से पुलिस ने तीन बाइक निबंधन संख्या जेएच 19 ई - 8659, जेएच 08 ई - 9157, जेएच 08 एफ - 9097, तीन सौ रु नकद और ताश के पत्ते जब्त किया है। मामले में आधा दर्जन अज्ञात जुआरियों के विरुद्ध कांड संख्या 62/25 बंगाल जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि जब्त की गयी बाइक मालिकों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया जायेगा। उन्होने कहा कि थाना क्षेत्र में जुआ और अन्य अवैध गतिविधियां संचालित करने वाले लोगों को छोड़ा नहीं जायेगा । उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## उपायुक्त ने दो दिवसीय एथलेटिक चैंपियनशिप का किया उद्घाटन



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा आज ललित नारायण स्टेडियम में लोहरदगा एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित डिस्ट्रिक्ट सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 14 एवं 16 आयु वर्ग के बालक और बालिका वर्ग दो दिवसीय एथलेटिक चैंपियनशिप का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को 600 मीटर की दौड़ शुरू करायी गयी। साथ ही, उपायुक्त ने लंबी कूद स्पर्धा (बालक वर्ग) की भी शुरूआत करायी। इससे पूर्व उपायुक्त ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और स्टेडियम के स्थिति की जानकारी ली। लंबी कूद में खिलाड़ियों का हौसला भी बढ़ाया। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला में खेल को ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए जिला प्रशासन तत्पर है। इस जिला के युवक-युवतियों में खेल के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। यहां के खिलाड़ियों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने की पूरी क्षमता है। उपायुक्त ने कोच से खिलाड़ियों का डाइट प्लान तैयार करने और प्रतिदिन अभ्यास कराने का निर्देश दिया। जिला खेल पदाधिकारी को खिलाड़ियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था और चलंत टॉयलेट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। दो दिन की प्रतियोगिता में अंडर-16 वर्ग में 60 मीटर की दौड़, 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक और पेंटाथलॉन की स्पधाएं आयोजित की जायेंगी। अंडर-14 वर्ग में भाला फेंक, लंबी कूद और ट्राय एथलॉन की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा, लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, उपाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, राजेश महतो, जाहिद अहमद,कार्यकारी सचिव अजय प्रसाद, किशोर कुमार वर्मा,मुमताज अहमद, दानिस अली, हसीन अख्तर, रश्मि खेस, नम्रता भगत एथलेटिक कोच, आलोक रॉय क्रिकेट एसोसिएशन सचिव, जिला कोच विकास कुमार महतो सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मजदूर के ऊपर सीमेंट का स्लैब गिरने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह रेलवे स्टेशन के पीछे रेलवे यार्ड से मंगलवार को रेलवे का स्क्रैप लोड कर रहे हाइड्रा लोडर मशीन के मजदूर का स्क्रैप लोड करने के दौरान मजदूर के ऊपर स्लीपर गिर जाने मजदूर की मौत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रेलवे के स्क्रैप की नीलामी होने के बाद धनबाद से आये एक रेल अधिकारी, आरपीएफ पुलिस अधिकारी और बरवाडीह रेलवे के पी डब्ल्यू आई के वरीय अनुभाग अभियंता अरुण कुमार की देखरेख में स्क्रैप खरीदने वाले आसनसोल वेस्ट बंगाल की कंपनी के प्रतिनिधि आफताब आलम के साथ आये चार मजदूरों द्वारा हाइड्रा की मदद से स्क्रैप ट्रेक्टर में लोड हो रहा था। इस संबंध में आफताब आलम ने बताया कि मजदूर करामात अली उम्र लगभग 40 वर्ष पुरुलिया पश्चिम बंगाल के रहने वाले स्क्रैप टैक्टर में लोड करने के उपरांत कार्य स्थल में बैठे थे। इसी बीच खिसक कर सीमेंटेड स्लेयर मजदूर करामात अली के शरीर में गिर गया। इसके बाद जल्दबाजी में स्क्रैप हटा कर मजदूर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर चिकित्सक ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक द्वारा मजदूर को मित्र घोषित होने के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे पुलिस पदाधिकारी की देखरेख में आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया है। जहां से मजदूर के शव को स्क्रैप ठेकेदार की देखरेख में उसके परिजनों के घर भेजा जायेगा। आफताब आलम ने बताया कि कंपनी द्वारा मृत मजदूर को मुआवजा और सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी।

## आइआइटी जेइइ एडवांस की परीक्षा में सफल छात्रों को उपायुक्त ने किया सम्मानित



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद ने मंगलवार को आईआईटी-जेईई एडवांस की परीक्षा में ऑल इंडिया 3401वीं रैंक हासिल करनेवाले वीर पोद्दार, 10900वीं रैंक हासिल करनेवाले सात्विक गुप्ता और 15930वीं रैंक हासिल करनेवाली प्रशंसा प्रिया को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के माता-पिता और अभिभावक भी उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि काफी मेहनत के बाद आप सभी ने जो स्थान हासिल किया है, इसमें आपकी कड़ी मेहनत और आपके माता-पिता और अभिभावको का त्याग है। आप मन लगा कर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करें। आज देश को बढ़िया इंजीनियर्स की जरूरत है। देश के विकास में इंजीनियर्स की बड़ी भूमिका रही है। देश में महान व प्रसिद्ध इंजीनियर सर एम. विश्वेश्वरैया हुए हैं जिन्होंने भारत में इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनकी याद में प्रत्येक वर्ष इंजीनियर्स डे भी मनाया जाता है। आज भी युवाओं का इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने का बहुत अधिक क्रेज है।

# इ-केवाइसी के लिए डेढ़ माह से बैंक का फेरा लगा रही कक्षा चार की लाडली कुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** अपने ननिहाल ग्राम कंचनपुर में रहकर पढ़ाई कर रही कक्षा चार की छात्रा लाडली कुमारी पिता मुकेश सिंह (अमडीहा, मंगरा) खुद के बैंक खाते का ई-केवाईसी कराने के लिए पिछले डेढ़ माह से पीएनबी बेतला शाखा का फेरा लगाते -लगाते काफी चिंतित और परेशान है। संबंधित बैंककर्मी उसके खाते का ई-केवाईसी करने के प्रति पूरी तरह उदासीन हैं। इस संबंध में लाडली के नाना बुद्धेश्वर सिंह ने बताया कि लाडली ने करीब डेढ़ माह पूर्व अपने खाते का ई-केवाईसी कराने के लिए बैंक कर्मियों के निर्देश पर 100 रु नगद राशि के साथ विहित प्रपत्र में फार्म जमा किया है, पर इसबारे में जानकारी मांगने पर बैंककर्मी बार-बार कल आने का झूठा आश्वासन दे रहे है

## नियोजन को लेकर शिविर का आयोजन



लातेहार(आजाद सिपाही)। लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में श्रम विभाग एवं जिला नियोजनालय के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में की गयी। बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जिला नियोजनालय की ओर से आयोजित रोजगार मेला, भर्ती कैंप एवं कैरियर काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी दी। उपायुक्त ने जिला में अधिक से अधिक रोजगार मेला, भर्ती कैंप का आयोजन करने को कहा। बैठक में जिले में चल रहे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नामांकन और अन्य जानकारियों से उपायुक्त को अवगत कराया गया, जिसपर उपायुक्त ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से चलाने और विभिन्न ट्रेडों में खाली सीटों को भरने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निबंधित प्रवासी मजदूर किसी कारणवश प्रदेश में दुर्घटना हो जाता है तो योजना के तहत ससमय उनके परिवार की सहायता करें। उन्होंने लंबित मुआवजा से राशि संबंधित मामलों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया।

## सड़क हादसे में घायल युवक की रिम्स में इलाज के दौरान मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बारियातू-सालवे मुख्य पथ स्थित बारिखाप मोड़ के समीप सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए बारिखाप निवासी पवन साव (30 वर्ष) की मौत इलाज के दौरान मंगलवार को रांची स्थित रिम्स में हो गयी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मंगलवार की दोपहर शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों के चीत्कार से पूरा टोला गमगीन हो गया। जानकारी के अनुसार पवन साव सोमवार को बारियातू मुख्यालय स्थित साप्ताहिक बाजार से सब्जी खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बारिखाप मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे साल्वे के अलखडिहा टोला निवासी जगदीश लोहरा की बाइक से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक बाइक का अगला चक्का तक अलग हो गया। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को तत्काल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने रिम्स रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मंगलवार को पवन की मौत हो गयी। वहीं, जगदीश लोहरा का इलाज चल रहा है। मंगलवार को पवन साव का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में मुखिया राजीव भगत, समाजसेवी नंदू उरांव, मनोज ठाकुर, छोटेलाल पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने शोकाकुल परिजनों को ढांढ़स बंधाया। मुखिया राजीव भगत ने परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया है। मृतक पवन साव अपने पीछे पत्नी कलावती देवी, एक पुत्री, दो छोटे-छोटे मासूम बच्चे, माता-पिता सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। पवन की असामयिक मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है।

## पत्नी की बरामदगी की पुलिस से लगायी गुहार

भंडरा/लोहरदगा(आजाद सिपाही )। थाना क्षेत्र के भंडरा गांव से एक महिला अपने डेढ़ साल के बेटे के साथ आठ दिनों से लापता है। महिला की तलाश में उसका पति दर-दर भटक रहा है। अपनी पत्नी और पुत्र की बरामदगी को लेकर पति ने मंगलवार को भंडरा थाना में गुमशुदगी का आवेदन देकर बरामदगी का गुहार लगाया है। आवेदन म मादा गांव निवासी नवल उरांव जो फिलहाल भंडरा नवडीहा मोड़ मे रहता है। नवल ने बताया है कि 27 मई को मेरी 30 वर्षीय पत्नी किरण कुमारी अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र को लेकर बिना किसी को बताये घर से निकली। उस दिन शाम तक वह घर नहीं लौटी तो मैं दोनों की काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। उसके पास जो मोबाइल है वह भी बंद आ रहा है। नवल ने बताया कि उसने पत्नी और बच्चे को अपने सभी सगे संबंधी के यहां पता लगाया, पर उसके पत्नी और पुत्र का कहीं भी पता नहीं चल सका। उन्होंने किसी अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए अपनी पत्नी और पुत्र की बरामदगी की गुहार लगायी है।

# श्रमदान कर ग्रामीण युवकों ने की सड़क की साफ-सफाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत बाजार डांडू के युवकों द्वारा श्रमदान कर सड़क की साफ -सफाई की गयी। वही गांव के युवकों ने एक साथ मिल कर शनिवार बाजार टांड से लेकर चौकनी हेसवे पथ के समीप स्थित पुराना सरस्वती शिशु मंदिर तक करीब आधा किलोमीटर सड़क के दोनों तरफ का झाड़ी को काट कर और जगह -जगह रास्ता में मिटी डाल कर सड़क का गांव के युवकों द्वारा मरम्मत किया गया। वही ग्रामीण युवकों का कहना है कि अरु से हेसवे साके धरधरिया जल प्रपात तक तो पथ निर्माण हुआ। जब कि बाजार डांडू की ओर से धरधरिया जल प्रपात जाने का भी रास्ता है, जो काफी उबड़ खाबड़ है, जिसे राहगीरों को इस रास्ते मे चलने के लिए काफी परेशानी होती है। साथ ही बताया कि लगभग दस वर्ष पूर्व यह रास्ता करीब दो किलोमीटर मिट्टी मोरम से बना था। इसी रास्ते से उरु,चटकपुर,तेतरटोली,डांडू, ढवठाटोली सहित अन्य गांव के ग्रामीण का मुख्य पथ है.जिसे लोग प्रखंड और जिला मुख्यालय, अस्पताल बाजार जाते हैं, जो अब टूट चुका है, जिस पर लोग जान को जोखिम में डाल कर चलते हैं। वही इसे बनवाने के लिए न तो प्रशासन को ध्यान है और न ही जन प्रतिनिधियों को ही कोई मतलब है। मौके पर राहुल नायक,साहिल नायक,अजय कुमार दुबे, निर्मल नायक,प्रमोद नायक, नितेश नायक,वृजकिशोर नायक, रोहित नायक, अंगद नायक, अनिल नायक समेत अन्य ग्रामीण युवक मौजूद थे।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले एसपी



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। लोहरदगा जिला के नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) सादिक अनवर रिजवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर एसपी रिजवी ने मुख्यमंत्री को बुके भेंट कर सम्मानित किया और जिला की वर्तमान कानून व्यवस्था तथा सुरक्षा स्थिति से अवगत कराया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने नवपदस्थापित एसपी को जिला में शांति व्यवस्था बनाए रखने, पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने, आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बहाल करने और पुलिस-पब्लिक के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करने के निर्देश दिया। इसके साथ ही, उग्रवाद और आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया गया।

## दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना अंतर्गत जिले की 22 लड़कियों को भेजा गया तमिलनाडू



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला के उपरांत जिले से चयनित 22 लड़कियों को मंगलवार को रोजगार हेतु त्रिची तमिलनाडू स्थित कलर जर्सी गारमेंट निमार्ता कंपनी में भेजा गया। इस कंपनी के परिसर में ही सभी कैंडिडेट को रहने-खाने के साथ नौकरी की सुविधा प्रदान की गयी है।इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता केरकेट्टा ने सभी लड़कियों को नौकरी का महत्व तथा राज्य के बाहर होने वाले परेशानियों से अवगत कराया तथा उज्जव भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कंपनी के सहायक प्रबंधक सागर दास, जिला प्रबंधक तथा जिला समन्वयक भी उपस्थित रहे।

## प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को लेकर आमजनों को किया गया जागरूक



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। विश्व पर्यावरण दिवस - 05 जून 2025 के तहत मेदिनीनगर नगर निगम,वन प्रमंडल पलामू, लायंस क्लब के द्वारा मंगलवार को नगर निगम के पदधिजारी, कर्मी, वन प्रमंडल पलामू के पदाधिकारी, कर्मी और लायंस क्लब के सदस्यके सहयोग से छः मुहान चौक से डाबर रोड, पंचमुहन चौक,बीच बाजार कुआं से होते हुए विष्णु मंदिर रोड एवं लीच बिल्डिंग तक सभी व्यवसायी और फुटपाथी दुकानदारों को प्लास्टिक नहीं उपयोग करने एवं सभी को कपड़े की थैली उपयोग करने हेतु जागरूक किया गया। इसमें फुटपाथी दुकानदारों एवं व्यवसायियों से प्लास्टिक भी जब्त किया गया एवं भविष्य में प्लास्टिक नहीं उपयोग करने की चेतावनी भी दी गयी। नगर आयुक्त एवं डीएफओ के दिशा निर्देशों के आलोक में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में 4 जून को प्रातः6 बजे स्टेशन रोड चर्च रोड से गांधी मैदान तक वॉकथॉन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें नगर निगम के पदाधिकारी, कर्मी, वन प्रमंडल पलामू के पदाधिकारी, कर्मी, लाइंस क्लब के सदस्य स्केटिंग करने वाले बच्चे, स्कूल के बच्चे आदि सम्मिलित होंगे।

## रेहला थाने में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक, सौहार्द पूर्ण तरीके से पर्व मनाने का लिया निर्णय



विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। बकरीद को लेकर मंगलवार को रेहला थाने में प्रभारी गुलशन बिरूआ की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक में हुयी। बैठक में शामिल दोनों समुदाय के लोगों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का निर्णय लिया। बैठक में बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सीओ राकेश तिवारी, नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडेत, इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पैनी नजर रखने की बातें कही। बैठक का संचालन प्रो नंदलाल शुक्ल ने किया। मौके पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, पूर्व जिला पार्षद फिरोज खान, मुखिया राधाकृष्ण साव, श्रीरामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष आलोक कुमार शुक्ला, तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, सुधीर कुमार चौबे, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद नजमुद्दीन नूरी, एनामुल हक, भरदुल चौधरी, रौशन, उदय, राजकुमार, शमशेर सहित कई लोग मौजूद थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। ईद-उल-जोहा (बकरीद) में विधि-व्यवस्था कायम रखने को लेकर हैदरनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने की। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मो0 याकुब विशेष रूप से मौजूद थे। एसडीओ गौरांग महतो ने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मानने का आह्वान सभी से किया। सदस्यों ने विभिन्न मस्जिदों में बकरीद की नमाज-अदा करने के समय से पदाधिकारियों को अवगत कराया। एसडीपीओ एस मो0 याकूब ने कहा कि बकरीद के दिन पुलिस गश्त बढ़ा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न मस्जिदों पर पुलिस बल व अधिकारी मौजूद रहेंगे। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने पर संबंधित व्यक्ति, पेज या ग्रुप एडमिन पर विधिवत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है, इसीलिए किसी भी प्रकार की अफवाह या आपत्तिजनक पोस्ट से बचने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि बकरीद के दिन कोई ऐसा कार्य नहीं करें जिससे किसी दूसरे की भावना आहत होती हो।

# श्रावणी मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सुदृढ़ करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



देवघर। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में 11 जुलाई से शुरू हो रहे राजकीय श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीसी ने श्रावणी मेला व भादो मेला के दौरान देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विभागवार किये जाने वाले कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए तैयार कार्य योजना व किए जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु देश-विदेश बाबा बैद्यनाथधाम पहुचेंगे। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी या समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें।

**मेले को लेकर यह हो रही तैयारी**

वहीं विभागों की बिंदुवार समीक्षा के क्रम में डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अपने-अपने विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं यथा कांवरिया पथ महीन बालू बिछाव, विद्युत व्यवस्था, मेडिकल सुविधा, साफ-सफाई, आवासन, रुटलाइन में पंडाल निर्माण, पेयजल, शौचालय, स्नानगृह, साज-सज्जा कार्य आदि को और भी बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास करें, ताकि देवतुल्य श्रद्धालु बाबा नगरी से एक अच्छी अनुभूति लेकर अपने गंतव्य स्थान की प्रस्थान करें।

**अभी से जुट जाए मेले की तैयारियों में:** डीसी ने संबंधित विभाग के सभी अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि अभी से ही श्रावणी मेले की तैयारियों में जुट जायें, ताकि मेले की व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रह जाए। डीसी ने श्रावणी मेला, 2025 को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को एक्शन प्लान तैयार कर उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया।

बैठक में नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, मंदिर प्रभारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता विद्युत संचरण प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मी और डीएमएफटी की टीम उपस्थित थे।

## जामुन तोड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, एक महिला घायल

**देवघर सदर अस्पताल में चल रहा घायल महिला का इलाज, पुलिस जांच में जुटी**

आजाद सिपाही संवाददाता



घायल महिला का इलाज करते डॉक्टर।

देवघर। मोहनपुर थाना क्षेत्र के मल्हारा अठ मोरिया गांव में मंगलवार को मामूली बात को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। जामुन तोड़ने की बात को लेकर हुए इस विवाद में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल लाया गया, जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे वार्ड में भर्ती कर लिया है।

घटना के संबंध में घायल जगती देवी ने बताया कि वह जामुन के पेड़ से जामुन नहीं तोड़ने देने की बात कह रही थी, इसी बात को लेकर पाटीदार के साथ कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान पाटीदार ने गाली-गलौज करते हुए अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह विवाद को शांत कराया और घायल को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल महिला का इलाज अस्पताल में जारी है।

घटना की जानकारी मोहनपुर थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## रेलवे ओवरब्रिज के पास टूटा बिजली का खंभा, हो सकता है बड़ा हादसा

**स्थानीय लोगो ने बिजली विभाग को आवेदन दिया कि एक माह बीतने को है, लेकिन बिजली विभाग मौन है**

आजाद सिपाही संवाददता



हुसैनाबाद । हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत रेलवे ओवरब्रिज जपला छतरपुर मुख्य पथ पर विगत एक माह से टूटा हुआ बिजली का खंभा बिजली विभाग के उदासीनता के कारण आज तक नही बदला जा सका है। जबकि विगत 8 मई 2025 को ही आस - पास के नागरिकों ने अवर विद्युत प्रमंडल जपला के सहायक अभियंता को ज्ञापन देकर टूटे हुए बिजली के खंभे को बदलने का आग्रह किया था। एक माह होने को है। आज तक बिजली का टूटा हुआ खंभा नही बदला गया। भीड़ भाड़ का इलाका होने की वजह कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है। नागरिकों ने बताया कि अज्ञात हाइवा ने बिजली के खंभे में टक्कर मार कर फरार हो गया था। जब लोगो ने देखा तो तत्काल बिजली विभाग को सूचना दिया था। उन्होंने आरोप लगाया है की बिजली विभाग के ऐसी लापरवाही के वजह से कभी भी टूट हुआ बिजली कि खंभा सड़क पर गिर सकती है, जिससे जानमाल का नुकसान भी हो सकता है, उन्होंने कहा है की अगर बिजली के टूटे हुए खंभे की वजह कोई घटना घटती है तो उसकी जवाबदेही बिजली विभाग की होगी।

## पुंसिया गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

**देवघर सदर अस्पताल में चल रहा इलाज, पुलिस कर रही जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता



देवघर। रिखिया थाना क्षेत्र के पुंसिया गांव में सोमवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल लाया गया, जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें वार्ड में भर्ती कर लिया गया है।

घटना के संबंध में घायल महेंद्र माहत्था ने बताया कि वह अपने घर में प्लास्टर का कार्य करवा रहा था, इसी दौरान पाटीदार द्वारा उसकी जमीन पर मिट्टी डालने का कार्य किया जा रहा था। जब उसने इसका विरोध किया तो पाटीदार ने गाली-गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में महेंद्र माहत्था घायल हो गया, वहीं बीच-बचाव करने आए सोनू कुमार को भी गंभीर चोटें आईं।

दोनों घायलों को आनन-फानन में देवघर सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना रिखिया थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की छानबीन में जुट गई है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है और वे आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## चैनपुर बाजार में बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों से रोज हो रहा ट्रैफिक जाम

**बाजार में सड़कों पर अतिक्रमण, प्रत्येक दिन लगता है जाम**

आजाद सिपाही संवाददाता



चैनपुर (पलामू)। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत डाल्टनगंज-चैनपुर मुख्य सड़क मार्ग के चैनपुर टेंपो स्टैंड से स्वीट पैलेस होटल तक रोजाना हर आधे घंटे में जाम लग जाता है। जिससे लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। हालांकि जाम की समस्या अब आम हो गयी है। प्रत्येक दिन जाम ही जाम लगा रहता है। जाम लगने पर किसी वाहन को डुमरी,चैनपुर बाजार से डाल्टनगंज की ओर जाने या भड़गांवा, कंकारी, चांदो, अवसाने जाने में घंटों मशक्कत करनी पड़ती है। बाजार में एक भी बड़ी गाड़ी यदि प्रवेश कर जाती है तो स्थिति और विकराल हो जाती है। दिन प्रतिदिन जाम की स्थिति और विकराल होते जा रही है। इसके बावजूद भी प्रशासन इसपर कोई ठोस पहल नहीं कर पा रही है। लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। साथ ही दुकानदारों के द्वारा सड़क के नाले के फुटपाथ को पूर्वरूप से अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण की वजह से पल-पल जाम के हालात बनते हैं। साथ ही दुकानदारों द्वारा सड़क पर टीन सेड लगाकर सड़क को काफी संकरा कर दिया गया है। खासकर मिठाई दुकान वाले लोग अपने दुकान के सामने स्टॉल सड़क तक सटा देते हैं। जिससे दो वाहनों का आवागमन काफी मुश्किल हो जाता है। दिन प्रतिदिन सड़क संकरी हो गयी है। वहीं लोगों का मानना है कि अतिक्रमण मुक्त होने के बाद ही चैनपुर बाजार को जाम से पूर्ण रूप से मुक्ति मिल जायेगी। हालांकि चैनपुर बाजार को अतिक्रमण मुक्त करना काफी चुनौती का विषय माना जा रहा है। वहीं इस संबंध में सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने बताया कि जानकारी नहीं थीं जानकारी मिली हैं तो इस मामले को संज्ञान में लेते हुए इसी महीने में आम राहगीर को जाम से निजात दिलाई जायेगी। इधर इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि चैनपुर बाजार कि यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए जल्द पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी।

## महायज्ञ में उमड़ा भक्तों का सैलाब संगीतमय रामकथा बनी आस्था का केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



देवघर। कपिध्वज समाज कोरियासा के बजरंगबली मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय रामचरितमानस नवाह पारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। 28 मई से आरंभ हुए इस महायज्ञ का सातवां दिन है, और हर दिन सुबह से लेकर संध्या तक धार्मिक कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला चल रही है।

हर सुबह रामचरितमानस का पारायण एवं संध्या 4 बजे से वैदिक हवन का आयोजन प्रतिष्ठित वैदिक आचार्य पंडित अवधेश शास्त्री के नेतृत्व में संपन्न हो रहा है। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ देवघर शहर और आसपास के गांवों से हजारों भक्त यज्ञ स्थल की परिक्रमा करते हुए दर्शन और पूजन में भाग ले रहे हैं।

इस आयोजन की विशेष आकर्षण वाराणसी से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक महेंद्र शास्त्री की संगीतमय राम कथा है, जिसे सुनने के लिए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु एकत्र हो रहे हैं। कथा के भावपूर्ण प्रसंगों पर श्रद्धालु भावविभोर होते नजर आ रहे हैं।

यज्ञ समिति द्वारा प्रतिदिन आने वाले सभी भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की उत्तम व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक शांति का स्रोत बन रहा है, बल्कि सामाजिक समरसता का संदेश भी दे रहा है।

यह महायज्ञ 9 दिनों तक चलेगा और समापन के दिन विशाल भंडारे का आयोजन भी प्रस्तावित है। आयोजक मंडल ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस धर्मोत्सव में भाग लेने की अपील की है।

# ब्राह्मणवाद के बीच मिसाल बनी जनजातीय शादी : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



मेदिनीनगर। हम कैसे कहें कि इंसानियत जिंदा नहीं है,हम कैसे कहें कि ब्राह्मणवाद बेरहम दिल है,हम तो कहेंगे कि मानवता ब्राह्मणों की गलियों से ही गुजरेगी। अलग बात है सभी जातियों में नफरत के बीज पनपे हैं किंतु मोहब्बत के पौधा वहीं आबाद हुआ जहां जमीन पर ही सवाल खड़ा था। उक्त बातें झामुमो के युवा नेता अविनाश देव ने कहा। वे एक ब्राह्मण परिवार द्वारा एक जन जातीय बेटी को गोद लेकर उसकी शादी धूमधाम से महाराजा पैलेश सिंगरा शादी समारोह में शामिल होने के उपरांत कही। वहां सभी का आवभगत हुआ। उन्होंने कहा कि सोचा नेवता मान कर चलूं लेकिन बैठकी में जो बात खुला मेरे पैर के मिट्टी खिसक गये और न चाहते हुए ठहरना पड़ा।

बात 2009 की है एक जनजातीय परिवार काम के तलाश में भटकता हुआ धुर ब्राह्मण के गांव सिंगरा पहुंचा, पूछने पर पत्ता लातेहार के सुदूर गांव बताया और कहा मेरे आठ बच्चे हैं खाने की तकलीफ है। बच्चवा के रख लिहूं मालिक। हाय रे दयानतदारी! जहां धर्म पूछ कर गोली मारा जा रहा है, जाति पूछकर बारात रोका जा रहा है, अपने घर में बेटियां सुरक्षित नहीं है, मनचलों के हाथ दुष्कर्म के शिकार हो रही है, गरीबी में बेटी के डोली निकालना बाप का पसीना छूट जा रहा है ऐसे में एक ब्राह्मण निरंतन शुक्ला जो साधारण परिवार से हैं लातेहार बरवाडीह प्रखंड के आमडीहा निवासी रघुबीर सिंह खरवार के एक बेटी एक बेटा को अपने घर में दत्तक पुत्र के रूप में रख लेते हैं। अपने बच्चों से बेहतर परवरिश करते डाल्टेनगंज विमेंस कॉलेज से कविता सिंह खरवार को ट अ तक की पढ़ाई करवाए एक को मेडिकल के परीक्षा दिलवाए। आज कविता की महाराजा प्लेस में बारात है। दूल्हा अमरनाथ सिंह इंजीनियर है बॉम्बे में जॉब करता है पलामू रामगढ़ प्रखंड के बंशडीहा निवासी है। सुन कर तबियत बाग बाग हो गया। दुल्हन कविता सिंह से मिला शादी के जोड़ा कुछ नगद उपहार देकर सुखद दाम्पत्य जीवन की आशीर्वाद दिए और निरंतन शुक्ला जी को हौसला अफजाई किए। जब निरंतन शुक्ला के पत्नी अपने पति से कही अभी कुछ न खायब बेटी दान करेला हेया यह बात गहरे तक मेरे दिल को छू गया। इस नेक कार्य के लिए शुक्ला जी को स्वस्थ व लंबी आयु के कामना करते हैं ताकि आने वाले दिनों में और बेटियों को हाथ पीले कर सकें। हम सभी ब्राह्मण समाज से अपील करते हैं इस तरह के कार्य कर ब्राह्मणवाद के परिभाषा को बदल दें। हम आश्वस्त करते हैं गरीब बेटी कि शादी ,विधवा विवाह व अन्य बुनियादी सवालों पर हर संभव मदद के लिए तत्पर रहेंगे।

अमरनाथ कविता कि शादी समाज के लिए आईना होगा जिसका रौशनी भारत के कोने कोने में पहुंचेगा। ब्राह्मण जाति जहां सामंती मिजाज व ब्राह्मणवाद के लिए बदनाम है वहीं से आज लौ निकला जो रौशनी दिखाने के लिए काफी है। इस कार्य के लिए निरंतन शुक्ला लोक व्यवहार में याद किए जायेंगे। शुक्रिया!

## जसीडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



जसीडीह (देवघर)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जसीडीह के सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विश्वनाथ चौधरी की अध्यक्षता में मासिक सह-समिक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी स्वास्थ्य केंद्रों के स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया।

बैठक में जून 2025 को मलेरिया रोधी माह के रूप में मनाये जाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। सभी स्वास्थ्यकर्मियों को मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी को छह विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम और छह ग्रामों में गोष्ठी आयोजित करने का लक्ष्य भी सौंपा गया।

जिला स्तर से प्राप्त क्एउ सामग्री का भी इस अवसर पर वितरण किया गया। नियमित टीकाकरण अभियान में भी सभी एएनएम को लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिये गये। साथ ही, जून माह में विटामिन-ए अभियान चलाए जाने की जानकारी दी गयी। टीकाकरण के उपरांत यूवीन पोर्टल पर सटीक डेटा प्रविष्टि करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में डॉ पूजा रॉय, बीपीएम शालिनी साहू, बीडीएम मुदस्सिर हाशिम और आसिफ हुसैन उपस्थित रहे।

# स्वर्ण पदक जीतने वाली पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ी असुंता का परिवार आज भी खपरैल में रहने पर विवश

मनोज कुमार

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के छतरपुर गांव की रहने वाली अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ी असुंता टोप्पो ने अपनी मेहनत और काबिलियत के बलबूते देश के लिए कई पदक जीते हैं, लेकिन उनके परिवार की स्थिति आज भी बहुत दयनीय है। असुंता का परिवार आज भी कच्ची मिट्टी से बना खपरैल घर में रहने को विवश है, जहां ना तो शौचालय है और ना ही पानी की व्यवस्था है। घर में बिजली का कनेक्शन भी नहीं है, और परिवार के लोग सड़क पार कर सार्वजनिक चापाकल से पानी लाकर अपना प्यास बुझा रहे हैं। असुंता टोप्पो की फुफेरी बहन करिश्मा लकड़ा बताती है की असुंता जब भी घर आती है तो दूसरे के घरों का शौचालय का उपयोग करती है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण परिजनों ने अब तक ना तो घर बनाया है ना ही घर के आंगन में एक शौचालय बना सके हैं। परिवार आज भी सार्वजनिक चापाकल से पानी लाकर अपना प्यास बुझाता है। असुंता के परिवार ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जाकर उन्होंने आवास और राशन कार्ड के लिए कई बार आवेदन किया है, लेकिन आज तक ना तो उनके परिवार का राशन कार्ड बना है और ना ही पक्का घर बन सका है। असुंता लकड़ा इन दिनों मुंबई में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में कार्यरत हैं, लेकिन उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अभी भी बहुत खराब है। यहां बता दें कि असुंता टोप्पो एक पैर से विकलांग है। माता पिता की मौत के बाद उसे काफी आर्थिक तंगी भी झेलनी पड़ रही है। विकलांग पेंशन में मिलने वाले 1000 रु एवं बड़ी बहनों द्वारा समय-समय पर मिलने वाले कुछ आर्थिक सहयोग के सहारे ही असुंता ने पीजी तक की पढ़ाई पूरी की। असुंता को खेल के प्रति जुनून बचपन से ही था। हर बाधा को पीछे छोड़ते हुए असुंता ने अपनी काबिलियत और मेहनत के बलबूते बेहतर प्रदर्शन दिखाते हुए पैरा थ्रो बॉल इंडिया टीम में जगह बनायी। असुंता ने पैरा थ्रो बॉल अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिसके बाद 19 से 21 फरवरी 2023 को हुए भारत नेपाल प्रतियोगिता में चयन हुआ। यहां भी आर्थिक तंगी असुंता को नेपाल खलने जाने से रोक रहा था। जिसके बाद असुंता ने कई सरकारी दरवाजे खटखटाये, मगर कहीं से मदद की कोई उम्मीद नजर नहीं आयी। जिसके बाद असुंता ने कई दोस्त, रिश्तेदारों और कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मदद लेकर भारत के लिए खेलने नेपाल गयी। नेपाल में बेहतर प्रदर्शन दिखाते हुए भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतकर लौटी। ऐसे ही असुंता ने अपनी मेहनत और काबिलियत के बलबूते देश कई राज्यों में खेलते हुए बेहतर प्लेयर की कई सैटिफिकेट बटोरी है। असुंता के इसी काबिलियत से प्रखंड जिला से लेकर पूरा राज्य को गर्व महसूस होता है। मगर देश के लिए इतना बेहतर प्रदर्शन करते हुए खेलने वाले खिलाड़ियों का परिवार कच्चे मकान में रहता है घर में किसी प्रकार की सुविधा नहीं है तो यह आश्चर्य की बात है प्रशासन सरकार को इस और ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि देश के लिए मेहनत को जुनून से खेलने वाले खिलाड़ियों के आत्मविश्वास पर ठेस न पहुंचे। असुंता के परिवार के लोग बताते हैं कि काफी संघर्ष के साथ असुंता ने पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में अपना जगह बनाया है। असुंता को पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता खेलते हुए कई वर्ष बीत चुके हैं उसमें कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता भी खेली है। जिसमें कई पदक भी जीते हैं मगर अब तक प्रशासन के द्वारा असुंता के घर की ओर ध्यान नहीं दिया गया। आज भी असुंता व उसका परिवार कच्ची मिट्टी से बने खपरैल घर में रहने को भी विवश है।

इस संबंध में चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने कहा कि पैरा थ्रो बॉल की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी असुंता के घर की सभी आवश्यकताओ को पूरा किया जायेगा। घर की स्थिति का जायजा लेकर उपायुक्त को पत्र प्रेसित कर जानकारी दी जायेगी।





## चटकपुर में हाथियों ने किसान का घर तोड़ा



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र के सीसी करमटोली पंचायत के चटकपुर गांव में मंगलवार की अहले सुबह दो जंगली हाथी प्रवेश कर गये हाथियों ने बेरोनिका तिग्गा के मकान को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया वहीं घर में रखें धान आलू प्याज लहसुन को बर्बाद कर दिया साथ ही घर के पास लगे भिंडी की फसल को भी रौंद कर बर्बाद कर दिया। परिवार के लोग घर से भाग कर अपनी जान बचाये। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह 8 बजे जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक को दी गयी। दिलीप बड़ाइक ने फोन पर वन विभाग को इसकी जानकारी दी इसके बाद वन विभाग की टीम पीड़ित के घर पहुंचे वहीं दिलीप बड़ाइक और वन विभाग की टीम ने पीड़ित परिवार को पटाखा और टॉर्च दिया वही नुकसान की भरपाई का आश्वासन भी दिया है। वेरोनिका ने बताया पूर्व में भी जंगली हाथी चार बार मेरे घर को नुकसान पहुंचा चुका है। मौके पर जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक, फॉरेस्ट विभाग से सुखदेव लकड़ा प्रेम सागर अनीस बेक मौजूद थे।

## बकरीद पर अफवाह से सावधान रहें : थाना प्रभारी



**जारी (आजाद सिपाही)।** बकरीद पर्व को लेकर मंगलवार को जारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी आदित्य कुमार कर रहे थे। बैठक में उपस्थित लोगों ने शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से पर्व मनाने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने कहा कि त्योहार खुशी और उल्लास का प्रतीक होता है। यहां सभी धर्म के लोग एकजुट होकर त्योहार मनाते है। बकरीद परंपरा के साथ मनाना है। जारी प्रखंड के वासी प्रशासन के दिशा-निर्देश का पालन करने व सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काउ पोस्ट से बचना है और त्योहार में असामाजिक तत्व सक्रिय रहते हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहना जरूरी है। अफवाह या भ्रामक सूचना से सावधान रहें। प्रशासन हर स्तर पर पूरी तरह मुस्तैद है। कोई भी संदिग्ध गतिविधि जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करे। मौके पर उर्मिला केरकेटा, तुलामन सिंह, सफीक अंसारी, गुलामे मुस्तफा, रजनी मिंज सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी थाना परिसर में मंगलवार को आगामी बकरीद त्योहार को लेकर डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से थाना क्षेत्र के शांति समिति के गणमान्य लोगों उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित लोगो को थाना प्रभारी अनुज कुमार ने कहा कि बकरीद के पर्व को काफी पूर्ण तरीके से मनाना है। किसी प्रकार की कुछ अनहोनी की सूचना हो तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें। किसी के बातों पर नहीं आना है सभी लोगों को पर्व मिल जुल कर पर्व मानना है और एकता का परिचय देना है जिसे मिसाल बनाये रखे। मैके पर पंचायत सचिव शैलेन्द्र मिश्रा, डुमरी थाना एसआइ मनोज कुमार, आनंदी साहू, विजय सिंह सुंडी, डुमरी मुखिया नीलम एक्का, डेविड मिंज, अनिल ताम्रकार, अख्तर अली, सत्यनारायण ताम्रकार सहित कई गणमान्य लोगों उपस्थित थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड में एक नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म मामले में घाघरा पुलिस ने कठियाटोली निवासी पवन उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गुमला भेज दिया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर उक्त आरोपी को घाघरा में पकड़ा गया था। इसके बाद आज उसे न्यायिक हिरासत में गुमला भेज दिया जा रहा है। बता दें की पीड़िता ने अपने परिवार के साथ घाघरा थाना पहुंचकर उक्त आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म करने को लेकर प्राथमिक की दर्ज करायी थी जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार किया।

## बीडीओ ने आंगनबाड़ी सेक्टर प्रमुख और कर्मी के साथ की बैठक

# 15 तक वजन माप करने का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** बीडीओ दिनेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आंगनबाड़ी सेक्टर प्रमुख और कर्मी के साथ बैठक किया। बैठक में पोषण ट्रैकर एप के तहत वजन माप महीने के एक से 15 तारीख तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही गृह भ्रमण कर ऑनलाइन अपडेट करने,मातृ वंदना का लाभ लाभुकों को शत प्रतिशत दिलाने एवं दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करने की बात बीडीओ ने कही।इसके साथ ही कुपोषित अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर लाभ पहुंचाने, सावित्रीबाई फुले योजना के तहत बच्चियों को लाभान्वित शत प्रतिशत कराने व कन्यादान योजना के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया। प्रखंड में स्थित आंगनवाड़ी भवन की स्थिति पानी की उपलब्धता बिजली शौचालय की स्थिति की जानकारी आगामी 10 जून तक देने की बात कही। मौके पर कई पदाधिकारी कर्मी आंगनबाड़ी प्रमुख उपस्थित थी।

# घाटों बगीचा में घर सहित जिंदा जला व्यक्ति, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला शहर के घाटों बगीचा में बीती रात खपरैल घर में आग लगने से घर सहित एक व्यक्ति जलकर राख हो गया। बताया जाता है की घाटों बगीचा निवासी करीब 40 वर्षीय सतनारायण विश्वकर्मा की घटना में जलकर मौत हो गयी। संभावना व्यक्त की जा रही है की घटना शॉर्ट सर्किट से हुई है। घटना में व्यक्ति घर सहित जिंदा जल गया। परिवार और आसपास के लोगों ने बताया सत्यनारायण अविवाहित था पूजा पाठ और धार्मिक कार्यों में अधिक रुचि रखता था वह अकेला रहता था लोगों से कम बातें करता था। वह अपने घर के पास एक एस्बेस्टस का घेरा लगा रखा था जिसके अंदर जाना लोगों के लिए मनाही थी। उसके घर बहुत कम ही लोग जाते थे वह ज्यादा छुआछूत में विश्वास रखता था। रिश्तेदार और अन्य लोगों का दिया खाना वह नहीं खाता था वह खुद से खाना पकाता था। लोग बताते हैं कि वह देर रात तक खाना बनाता था परिवार के लोगों से भी उसका ज्यादा मेल मिलाप और बातचीत नहीं था। घटना सोमवार आधी रात की बतायी जा रही है आस पड़ोस के लोगों ने घर से धुआं उठते देखा इसके बाद लोग अपने स्तर से पाइप से आग बुझने लगे वही सड़क से जा रहे गस्ती पुलिस पार्टी को सूचना दिया एक घंटे के बाद करीब रात 2 बजे अग्निशमन पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सतनारायण जल कर राख हो चुका था उसका सिर्फ कंकाल बचा था। मंगलवार की सुबह 7 बजे गुमला थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी। लोगों ने बताया मृतक देर रात तक खाना बनाता था संभावना व्यक्त की जा रही है कि खाना बनाने के क्रम में या शार्ट सर्किट से आग लगी होगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है।

# खरवार लोक सेवक संघ का स्थापना दिवस सह प्रतिभा सम्मान समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मंगलवार को खरवार लोक सेवक संघ का स्थापना दिवस सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन खरवार लोक सेवक संघ और खरवार आदिवासी एकता संघ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बेलगांव के आम बगीचा में किया गया। कार्यक्रम में मैट्रिक/इंटर उत्तीर्ण समाज के कुल 45 मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महावीर सिंह खरवार, अध्यक्ष खरवार लोक सेवक संघ, झारखंड, विशिष्ट अतिथि अरविंद कुमार सिंह, अध्यक्ष खरवार आदिवासी एकता संघ, झारखंड की गरिमामयी उपस्थिति रही। महावीर सिंह खरवार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें शिक्षा को हथियार बनाने की आवश्यकता है। शिक्षा के बिना व्यक्ति, परिवार अथवा समाज का विकास असंभव है। समाज के विकास में नशापान एक बाधक है। इससे हमें दूर रहने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि आज हमें संगठित होना बहुत आवश्यक है। संगठित रहकर ही हम अपने हक व अधिकार की प्राप्ति कर सकते हैं। साथ ही समाज की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। बीच-बीच में नागपुरी कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खरवार लोक सेवक संघ के केंद्रीय सचिव रण विजय सिंह, जिला अध्यक्ष बाबूलाल खेरवार, सचिव शंकर खेरवार, संयोजक रामचन्द्र खेरवार के अलावे खरवार आदिवासी एकता संघ गुमला के अध्यक्ष देवी सिंह, सचिव भुनेश्वर सिंह खरवार, उप सचिव रण प्रताप सिंह, चंद्रमोल सिंह के अलावे सभी प्रखंड कमिटी की विशेष भूमिका रही।

# समर कैंप के समापन में मैट्रिक और इंटर के सफल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव सूपा ने 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए भरनो के सुपा स्थित प्रोजेक्ट स्कूल सुपा में सम्मान समारोह का आयोजन किया। उक्त बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे प्रतिशत से उत्तीर्ण होने वाले सूपा और माहुआटोली के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। मिशन बदलाव के बुधेशवर टोप्पो ने बताया कि छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिये यह कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें 20 छात्रो ने रजिस्ट्रेशन किया था। उन सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

बुधेशवर टोप्पो ने युवाओं को लगातार मेहनत करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

मिशन बादलाव के संस्थापक भूषण भगत ने छात्रों को पढाई के साथ साथ खेल कूद, सामाजिक ज्ञान व अन्य विषयों पर भी फोकस करने के लिये प्रेरित किया। बच्चों को चुनौतियों से लडकर ऊपर उठने की शिक्षा दी। उन्होंने बताया भविष्य में चुनौतियां सभी के सामने आएंगी उनसे बिना घवराये हमें ऊपर उठना है और अपने लक्ष्य को हासिल करना है।

संस्थपाक सदस्य अमित झा ने कहा कि वे गांवो के मध्यम वर्गीय परिवार से निकल कर आये है। और आज मर्चेंट नेवी का कैप्टन बन दुनिया के देशों मे घुमकर कार्य करते हैं। प्रत्येक युवा मे ऊर्जा हैं। केवल ऊर्जा का सही उपायोग कर जीवन को बेहतर बनाया जा सकता हे। शिक्षा ही उन्हे आगे बढ़ाने मे महत्व पूर्ण भूमिक्का निभा रही है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक माता-पिता व दादा दादी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम मे बुधेवसर उरांव, सुभाष उरांव, बुधराम उरांव, सुकू उरांव, गंगा उरांव और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जिप सदस्य ने शांतिपूर्ण ढंग से बकरीद मनाने की अपील की



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर 3 जून 2025 को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने मुस्लिम समाज के सभी लोगों से त्योहारों को सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किये तथा झूठे अफवाहों से बचने को कहा। अन्य समाज के लोगों से आपसी सहयोग करने की बात कही। आगे कहा कि आजकल सोशल मीडिया के माध्यम से झूठे अफवाह फैलाए जाते हैं, जिसके वजह से आपसी टकराव व दंगे जैसा माहौल बन जाते हैं। इन सभी से बचना है, यदि इस तरह का कोई अफवाह फैलाता है तो प्रशासन को तुरंत सूचना दें, अफवाह फैलाने वाले के ऊपर दंडात्मक कारवाई किया जायेगा। उन्होंने सभी को बकरीद की अग्रिम शुभकामनाएं दी। वहीं जिला परिषद सदस्य उत्तरी विजयलक्ष्मी कुमारी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को बकरीद की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिसई क्षेत्र अंतर्गत वर्षो से सभी त्यौहार सौहार्दपूर्ण एवं शान्ति से मनाया जाता रहा है। उन्होंने मुस्लिम भाइयों से पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। इस बैठक में मुख्यरूप से प्रखंड प्रमुख मीणा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, पुलिस निरीक्षक सिसई सुरेन्द्र कुमार सिंह, सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, केन्द्रीय सरना समिति के सचिव रोपना उरांव, धूमा उरांव, मुखिया शोभा देवी सभी समाज के प्रभुत्वजन उपस्थित थे। अंत में मुस्लिम समुदाय ने पुलिस प्रशासन तथा अन्य समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ मनाया जायेगा।

## 18 लोगों के बीच बकरा-बकरी यूनिट का वितरण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में झारखंड पशुपालन विभाग द्वारा 18 लाभुकों के बीच बकरा बकरी यूनिट का वितरण प्रखंड प्रमुख सविता देवी और पशुपालन पदाधिकारी डॉ सीमा एक्का द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। झारखंड सरकार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाना और पशुपालन के माध्यम से उनकी आजीविका को सशक्त करना है। ताकि ग्रामीणों के अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिल सके। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि पशुपालन क्षेत्र में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीण तक पहुंच रही है। इससे लाभुक परिवारों की आमदनी में वृद्धि होगी।

## स्पोर्ट्स



शिविर के दौरान प्रतिभागियों को नेतरहाट स्थित विश्वप्रसिद्ध नवोदय आवासीय विद्यालय का भ्रमण भी कराया गया। शिविर में कुल 54 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# तीन दिवसीय जीत कुने-डो समर कैंप का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नेतरहाट।** झारखंड जीत कुने-डो के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का समापन नेतरहाट स्थित शैले हाउस में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस विशेष शिविर में रांची, गुमला, बेड़ो, खूंटी और लोहरदगा जिलों से कुल 54 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस समर कैंप का आयोजन संस्था के अध्यक्ष गुलाम अब्दुल कादिर, सचिव सिफू विश्वजीत कर्मकार तथा आयोजन सचिव किरण चौहान के नेतृत्व में किया गया। कैंप में जीत कुने-डो और प्रो एमएमए (मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स) की विशेष तकनीकों का गहन प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को नेतरहाट स्थित विश्वप्रसिद्ध नवोदय आवासीय विद्यालय का भ्रमण भी कराया गया। छात्र-छात्राओं ने वहां की शैक्षणिक और सांस्कृतिक वातावरण से प्रेरणा प्राप्त की और नवोदय विद्यालय के छात्रों से संवाद कर उत्साहवर्धन किया। शिविर का उद्देश्य प्रतिभागियों में आत्मरक्षा, अनुशासन, मानसिक सुदृढ़ता और खेल भावना को विकसित करना था, जिसे आयोजकों ने पूरी निष्ठा और सफलता के साथ संपन्न किया।

# पतिया के मजदूर की बंगाल के ईंट भट्ठा में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना के पतिया गांव निवासी मजदूर करमदयाल लोहरा (45) की बंगाल के पुकुरिया मास्टर ईंट भट्ठा में काम करने के दौरान संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी। जिसके बाद परिजन समाजसेवी प्रेम जायसवाल के साथ गुमला थाना पहुंचे। जहां परिजनों ने थानेदार को मामले से अवगत कराया। जिसके बाद थानेदार ने बंगाल के संबंधित थाना में फोन कर बात की। लेकिन बंगाली भाषा व जगह के नाम के कारण कुछ समझ नहीं आया तब थानेदार ने परिजनों से कहा कि आप लोग पता नोट किये है वहां जाइये और कोई दिक्कत होगी तो उन्होंने अपना नंबर परिजनों को दिया और संपर्क में रहने की बात कहते हुए मृतक की पत्नी कशीला देवी को दो हजार रुपए सहयोग राशि प्रदान किया। इस संबंध में चाचा महावीर लोहरा ने बताया कि वह 15 वर्ष पूर्व ही भट्ठा पलायन किया था। वह रामगढ के ईंट भट्ठा में काम करता था अभी कुछ दिन पहले वह अपने घर पतिया भी आया था एक मई को पुनः वह भट्ठा कमाने गया। रामगढ़ से वह पांच माह पूर्व बंगाल के पुकुरिया ईंट भट्ठा में काम कर रहा था और वहीं रहता था। इधर थाना में मृतक करमदयाल लोहरा की पत्नी कशीला देवी ने कहा कि सोमवार की सुबह करमदयाल लोहरा से मेरी बात हुई थी वह ठीक था घर का हाल समाचार लिया था उसके बाद अपराह्न तीन बजे भी उसने फोन किया था लेकिन फोन मेरे भतीजा के पास था। मंगलवार की सुबह फोन से मुझे मौत की जानकारी मिली।

## जेइइ एडवांस में सफल छात्रों में 44 प्रतिशत छात्र केवल फोकस से



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** फोकस इंस्टीट्यूट के छात्रों ने जेइइ एडवांस्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष पूरे धनबाद के करीब 50 छात्र जेइइ एडवांस्ड में सफल हुए हैं। इनमें से 22 (44 प्रतिशत) केवल फोकस इंस्टीट्यूट से सफल हुए हैं।इनमें से सात छात्रों का ऑल इंडिया रैंक 10 हजार से भी कम है। इन विद्यार्थियों में रचित चौहान 4604, अंशु कुमार राम 5157, अभिनय कुमार 5278, अदिति 6461, राजवीर मंडल 7747, तुषार कांति सिंह 8418 और शिवाय जायसवाल का रैंक 9290 है।इसके अलावा ऋत्विक राज सिंह 13341, अदरिज सरकार 13581, आर्यन अग्रवाल 19262, कुमार आयुष्मान 20630, गौरव कुमार 22438, अभिनव कुमार 23779, हर्षी विश्वकर्मा 25081, आहान लोधा 25606, शिवम तुल्सयान 25687, कृषांग बनर्जी 27578, हर्ष शेखर 32581, प्राची शांडिल्य, अंकित आनंद, रौनक बजौरिया और यश कश्यप ने शानदार प्रदर्शन किया है. इनके साथ ही इस वर्ष संस्थान के 40 से अधिक विद्यार्थियों ने जेइइ मेन के स्कोर के आधार पर एनआइटी और आइआइटी के लिए क्वालिफाइ किया है. संस्थान के संचालक व शिक्षक अजय वीर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। साथ ही उन्होंने सभी को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## बैकवर्ड क्लास ओबीसी कॉल इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक



**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** बैकवर्ड क्लास ओबीसी कॉल एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन धनबाद जिला का बैठक जेलगोरा बीसीसीएल गेस्ट हाउस में संपन्न हुई बैठक में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव जय बहादुर सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे धनबाद जिला कमेटी की ओर से राष्ट्रीय महासचिव को भव्य स्वागत किया गया जय बहादुर सिंह अपने बातों को रखते हुए कहा कि भारत में ओबीसी की जनसंख्या सबसे ज्यादा होने के बाद भी सरकारी गैरसरकारी नैकरीयो मे आरक्षण की सुविधा से दूर रखा गया है सरकार से मांग किया जाता है पिछड़े वर्ग के लोगों को बहुसंख्यक लोग बोला जाए बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे धनबाद जिला अध्यक्ष मदन राम, जितेंद्र कुमार ,विनोद चंद्रवंशी, सदरे आलम, इम्तियाज, पिंटू ,वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, फागु रवानी ,राजू ,राम किशोर रवानी, दिनेश कुमार, सुनील चंद्रवंशी, जसीम अंसारी, डब्लू अंसारी, समसाद अंसारी ,मुकेश सिंह, रामाशीष चौहान, शंकर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## सीआइएसएफ और महुदा पुलिस की अवैध उत्खनन पर कार्रवाई, कोयला जब्त



**महुदा (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिला के महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमाटांड़ में लंबे समय से चल रहे कोयले के अवैध कारोबार पर आखिरकार सुरक्षा बलों ने शिकंजा कस दिया है। मंगलवार को सीआईएसएफ और महुदा पुलिस की संयुक्त टीम ने कब्रिस्तान के नीचे घने जंगलों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की, जहां अवैध खनन की गतिविधियां चरम पर थीं। इस कार्रवाई में कई टन अवैध कोयला जब्त किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, यह अवैध कारोबार महीनों से खुलेआम चल रहा था और तस्कर दिनदहाड़े कोयले की निकासी कर तस्करी में जुटे थे। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों के लिए इस नेटवर्क को तोड़ना एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। छापेमारी के दौरान कुछ कोयला हाईवा ट्रकों में लादकर बीसीसीएल को सौंपा गया, जबकि बाकी कोयले को खनन के मुहाने पर मिट्टी से ढक दिया गया। हालांकि, क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि यह कार्रवाई केवल दिखावा थी। उनका कहना है कि वास्तविक रूप में न तो खनन को पूरी तरह रोका गया है, न ही तस्करी पर ठोस रोक लगी है। माफिया अब भी सक्रिय हैं और प्रशासन की मिलीभगत के आरोप भी हवा में तैर रहे हैं। इस छापेमारी के बाद कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है, लेकिन यह भी स्पष्ट होता जा रहा है कि कार्रवाई केवल सतही स्तर पर सीमित रह गई है। यदि प्रशासन इस पर स्थायी रोक नहीं लगाता, तो अवैध कोयले की यह कालाबाजारी यूं ही फलती-फूलती रहेगी।

## रंगदारी नहीं दिये जाने पर असामाजिक तत्वों ने सड़क को क्षतिग्रस्त किया



**झरिया (आजाद सिपाही)।** खास झरिया के भालगढ़ा क्षेत्र में सरकार द्वारा झरिया विधायक की रागिनी सिंह की अनुशंसा पर लोगो की सहूलियत नई सड़क निर्माण का कार्य हुआ। जिसे बीते दिनों कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा रंगदारी नहीं दिए जाने पर रोड को रात के अंधेरे में क्षतिग्रत कर दिया गया। जहां एक तरफ विकास कार्य किए जा रहे है वही कांग्रेस समर्थकों द्वारा लगातार काम में बाधा पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है जहा आज स्थानीय लोगों के बुलावे पर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने क्षतिग्रस्त रोड का निरीक्षण किया वही इस सम्बन्ध में सम्बंधित विभाग के आला अधिकारियों से दूरभाष पर दोषियों के विरुद्ध जल्द से जल्द कार्यवाही किए जाने जाने का निर्देश दिया। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि विपक्षियों को झरिया के जनता से सरोकार नहीं है उन्हें अपने पॉकेट भरे जाने से मतलब है ठेकेदार द्वारा रंगदारी नहीं दिए जाने पर ओछी मानसिकता वाले असामाजिक तत्वों ने विकास कार्य में बाधा पहुंचाने का कार्य किया है दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

# परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गुमराह कर युवक की मौत को छुपाने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड में धनबाद शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह ऐट लेन स्थित असर्फी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद मंगलवार की सुबह जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा गुमराह कर युवक के मौत को छुपाने का आरोप लगाया।

बताया जाता है कि गोविंदपुर अंतर्गत बोरियो मोड़ के समीप बरटांड़ गाँव के निवासी 29 मई को बोरियो मोड़ के समीप सड़क हादसे में घायल हो गया था। जिसके बाद युवक को इलाज के लिए असर्फी अस्पताल लाया गया था। जहां अस्पताल प्रबंधन ने मंगलवार की सुबह परिजन को युवक की मौत की जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा करने लगे। वही अस्पताल प्रबंधन ने मामले की जानकारी सदर पुलिस को दे दिया। जिसके बाद मौके पर सदर पुलिस पहुंचकर मामले को शांत कराने में जुटी हुई है।

बताते चले कि 29 मई को खीरु महतो शादी समारोह से फोटोग्राफी का काम कर घर लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया था। परिजनों का कहना है कि खीरु महतो के इलाज में लगभग 7 से 8 लाख रुपये खर्च हो चुका है। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि खीरु महतो की मौत सोमवार को ही चुकी थी। जिसको लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा उन्हें खीरु महतो के मृत होने की जानकारी नही दी गयी है। मंगलवार की सुबह खीरु महतो के मृत होने के बात पर परिजन उग्र हो उठे और जमकर हंगामा करने लगे। वही परिजन मुआवजे की मांग को लेकर अस्पताल में हंगामा कर रहे है।

## रंगदारी के लिए मारपीट-छिनतई करने का मामला दर्ज, लगायी न्याय की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कोलाकुसमा निवासी साजन मिर्घा द्वारा उत्तम सिंह, बिट्टू सिंह, प्रकाश सिंह, निमाई सिंह समेत अन्य के खिलाफ रंगदारी के लिए मारपीट करने, छिनतई और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने की शिकायत पर शनिवार को सरायढेला पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की हैं। जबकि आरोपी युवक के खिलाफ सरायढेला पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नही होने से भुक्तभोगी परिजन न्याय की गुहार लगा रहे है। मारपीट की घटना के बाद पीड़ित साजन मिर्घा एसएनएमएमसीएच में इलाजरत हैं। उन्होंने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि गुरुवार को वह अमीन को पैसा देने के लिए बाइपास गये हुए थे। इसी दौरान उत्तम सिंह, बिट्टू सिंह, प्रकाश सिंह, निमाई सिंह समेत अन्य कार से पहुंचे और उनके साथ जान से मारने की नियत से मारपीट करने लगे। सभी बार-बार बोल रहे थे कि 20 हजार रुपये रंगदारी नहीं दोगे तो अंजामत बुरा होगा। इस दौरान लोगों ने उनके पॉकेट से 45 हजार रुपये नगद व गले से सोने की चेन छिन ली। साथ ही लोगों ने जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल भी किया। बताया कि घटना के बाद लहूलुहान स्थिति में वह सरायढेला थाने पहुंचे। उनकी स्थिति देख पुलिस ने इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया।

## जेइइ एडवांस के सफल अभ्यर्थियों के लिए वर्चुअल ओपन हाउस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनन विद्यालय), धनबाद (आइआइटी-आइएसएम) ने मंगलवार को जेइइ (एडवांस्ड) 2025 परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों के लिए एक अत्यंत रोचक और जानकारीपूर्ण वर्चुअल ओपन हाउस सत्र का आयोजन किया। इस आयोजन ने देशभर से जुड़े विद्यार्थियों को संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों से प्रत्यक्ष संवाद का दुर्लभ अवसर प्रदान किया, जिससे वे भारत के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में से एक के जीवन को करीब से समझ सके। आइआइटी (आइएसएम) के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का स्वयं उत्तर देकर उन्हें अकादमिक कार्यक्रमों, परिसर की संरचना, छात्र जीवन और प्लेसमेंट के अवसरों के बारे में स्पष्ट जानकारी दी। यह वर्चुअल सत्र विद्यार्थियों को संस्थान की विविधताओं से परिचित कराने और आइआइटी समुदाय में शामिल होने के उनके निर्णय को आसान बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। सत्र की शुरूआत कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन डीन प्रो रजनी सिंह के स्वागत भाषण से हुई, जिसने संवादात्मक सत्र की दिशा तय की। इसके बाद संस्थान के अन्य प्रमुख अधिकारियों जैसे उप निदेशक प्रो धीरज कुमार और डीन (अकादमिक) प्रो एम के सिंह ने शैक्षणिक ढांचे और नये कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। छात्र गतिविधियों के एसोसिएट डीन प्रो संजय मंडल ने छात्र-केंद्रित पहलों पर प्रकाश डाला, जिनमें छात्रवृत्ति योजनाएं, छात्रावास की सुविधा और कल्याण कार्यक्रम शामिल हैं, जो छात्रों के लिए एक समग्र और सहायक वातावरण सुनिश्चित करते हैं। नवाचार एवं उद्यमिता प्रोत्साहन के डीन प्रो आलोक दास ने संस्थान में नवाचार की समृद्ध संस्कृति से परिचित कराया, जिसमें नरेश वशिष्ठ टिंकरिंग एंड इनोवेशन सेंटर जैसे विशेष केंद्र शामिल हैं।

## विधायक राज सिन्हा ने इंटर में टॉप करनेवाली छात्रा को किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता


**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने मंगलवार को झारखंड बोर्ड में इंटर (साइंस) परीक्षा में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभावन छात्रा 95.4% प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली धनबाद के गोविंदपुर की बेटी अंकिता दत्ता को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।एवं उज्ज्वल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। साथ ही इस होनहार बेटी के लिए राज्यपाल संतोष गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से आगे के शिक्षा के लिए बात करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि, बच्चों की सर्वांगीण विकास मे शिक्षकों अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस बच्ची ने अपने शिक्षकों माता - पिता, स्कूल, समाज तथा समस्त जिले को गौरवान्वित किया है. विधायक श्री सिन्हा ने अन्य छात्र छात्राओं को और मेहनत कर सफलता अर्जित करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि, परीक्षा के साथ -साथ जीवन के परीक्षा मे भी सफल हो इसके लिए अच्छे चरित्र निर्माण करें। समाज के दायित्व को समझे तथा अपने पैरों पर खड़े होने के लिए सही निर्णय लें। अपनी रुचि को समझें और उस दिशा में आगे बढे।

## मालगाड़ी की चपेट में आया ट्रैक्टर चालक हुआ फरार

**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा से मुनीडीह जाने के दौरान मंगलवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब चरकीटांड लेवल क्रॉसिंग के पास एक ट्रैक्टर मालगाड़ी की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर दो टुकड़ों में बिखर गया। हालांकि, गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बच गया लेकिन घटना के बाद मौके से फरार हो गया। सूत्रों के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर चरकीटांड निवासी विक्रम महतो का बताया जा रहा है। फिलहाल मामले की जांच महुदा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर रही है। महुदा रेलवे ओसी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की तफ्तीश जारी है और जैसे ही पूरी जानकारी सामने आयेगी, इसे साझा किया जायेगा।

## आवास बचाओ संघर्ष समिति की आक्रोश सभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** आवास बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले सेक्टर 12 ई स्थित दुर्गा पूजा मैदान में सेक्टर 12 के 161 ब्लॉक के क्वार्टर को क्षतिग्रस्त कर तोड़े जाने के निर्णय का विरोध में आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता प्राण सिंह ने किया, जबकि संचालन भाजपा कोऑपरेटिव मंडल के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह, तरुण सिंह, राजा जनक, दिलीप कुमार ने संयुक्त रूप से किया। सांसद ढुलू महतो भी कार्यक्रम में पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे लोगों को समर्थन किया। सेल प्रबंधन से इस विषय पर वार्ता करने की बात कही। सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट के कर्मचारी जो वर्षों से इन क्वार्टरों में रह रहे हैं, उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। जिसको ध्यान में रखते हुए सेल प्रबंधन को अपने इस निर्णय को वापस लेना होगा। एनबीसीसी के गलत सर्वे के कारण यह स्थिति हुई है। उन्होंने बताया कि आवास थोड़े जाने से सभी कर्मचारियों तथा लीज धारकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। समिति के अध्यक्ष प्राण मोहन सिंह ने कहा मैनेजमेंट के द्वारा लिस्ट निकाल दिया गया है और फिर दोबारा लिस्ट निकला है। उस में कुछ ब्लॉक का नाम हटा दिया गया। आखिर एनबीसीसी ने जब डैमेज घोषित किया वो ब्लॉक रिपेयर कैसे हुए।

## सेल जीतपुर कोलियरी के मुख्य द्वार पर होगा चरणबद्ध आंदोलन : रंजीत कुमार

**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सेल जीतपुर कोलियरी को बंद करने के निर्णय के खिलाफ राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ (इखरर) सेल जीतपुर शाखा सचिव रंजीत कुमार यादव ने कड़ा विरोध जताया है। श्री यादव ने कहा कि मुख्य महाप्रबंधक, चासनाला को एक पत्र भेजकर इस निर्णय को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। दो जून को मुख्य महाप्रबंधक, चासनाला को एक स्मार-पत्र भेजा गया है, जिसमें कोलियरी बंद करने के निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की गई है। स्मार-पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि 17 अप्रैल को पत्रांक आरजे 5.5./2025/5/21 के माध्यम से चार महत्वपूर्ण बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन आज तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। प्रतिनिधियों ने इसे मजदूरों के हितों की अनदेखी बताते हुए गहरी नाराजगी जतायी है। पत्र में चेतावनी दी गयी है कि यदि 15 जून तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की जाती, तो सेल जीतपुर कोलियरी के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन एवं चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ किया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सेल प्रबंधन की होगी। प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया है कि कोलियरी का बंद होना न केवल सैकड़ों मजदूरों की आजीविका पर असर डालेगा, बल्कि इससे क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक संरचना भी प्रभावित होगी। पत्र में प्रबंधन से आग्रह किया गया है कि वे राज्य, श्रमिक और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार करें। पत्र की प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, कोलियरी प्रभाग के कार्यपालक निदेशक सहित कुल दस वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को प्रेषित की गयी है।


### कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

**अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 07/2025–26**

इच्छुक अधिकृत फर्म/आपूर्तिकर्त्ता/निर्माता/विक्रेता निम्नांकित सामग्रियों से संबंधित अपनी कोटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है:–

विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा।
कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समयः– दिनांक– 11.06.2025 को 5:00 बजे अप0 तक।
कोटेशन खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– दिनांक– 12.06.2025 को 3:30 बजे अप0, नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में।

| SL No. | Work Name | Rate Including All Taxes (Per Set) |
|---|---|---|
| 1 | Supply of SS Fog 400 Vehicle Mountable Thermal Cum Thermal Cold Fogging Machine (Double Barrel Fogging)<br>Type of Machine: Thermal Aerosol Fog, petroleum based resonate pulse principal.<br>Performance of engine tube: 65 KW/Hr Minimum/56800 KCAL/HR/90 HP/HR<br>Type Of Fogging: Duel Type Oil ba sed Thermal Fogging<br>. Water based Cold Fogging<br>Solution Tank Output: 150 litres / Hr ( Minimum )<br>Solution Tank Capacity: 105 litres Tank x 2 ( Minimum )<br>Fuel Tank Capacity: 6 litres Tank x 2 ( Minimum )<br>Fuel Consumption: 5.0 litres per hr. (Maximum)<br>Operating: Full Remote Control Operations.<br>Warranty: Two Years ( Minimum) | |

नोटः–कोटेशन की शर्त एंव विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR 354118 (Lohardaga) 25-26 (D)

### GOVERNMENT OF JHARKHAND
Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department
(Co-Operative Division)
OFFICE OF THE REGISTRAR,
CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT
(I.C.D.P.) CELL, RANCHI

**Short e-Tender Notice**

Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/06/2024-25 DATE:- 30.05.2025

| SL No. | Name of work | No Of Unit | Estimated Value of Work (in Rs) | Cost Of BoQ (in Rs) | Earnest Money (in Rs) | Time Of Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Construction of Solar Agro MFP Processing Unit (Civil Work) at Various Palce of Jharkhand | 05 | 13,91,800 X 5 = 69,59,000.00 | 10,000.00 | 1,40,000.00 | 06 Months |
| 02. | Date Of Publication of on Website | 12.06.2025 AT 11:00 AM | | | | |
| 03. | Last Date & Time of Submission of bids | 19.06.2025 AT 05:00 PM | | | | |
| 04. | Name & Address of Office Inviting Tender | Integrated Co-Operative Development Project , (ICDP Cell) Ranchi, Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More, Hatia, Ranchi. 834003 | | | | |
| 05. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 | | | | |

06. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhand tenders.gov.in from 12.06.2025 at 11:00 AM to 19.06.2025 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 19.06.2025. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be Opened at 05:00 PM on 20.06.2025.
07. Estimate Cost May Vary.
08. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/- State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi.

PR.NO.354188 Co-opretive(25-26):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अनावद्ध निधि अन्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित योजना के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदको से एकल लिफाफा पद्धति के अंतर्गत पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/13/2024-25/RE-2

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | प्रखण्ड–ईटखोरी, पंचायत–टोनाटांड़, ग्राम–माधोपुर में पार्क में पेबर ब्लॉक का निर्माण कार्य, सोलर लाईट का अधिष्ठापन कार्य, बक्सा डैम में प्रवेश द्वारा से तालाब तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 23,76,400.00 | 48,000.00 | 5,000.00 | 05 माह | एकल |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –10.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–10.06.2025 से दिनांक–16.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 18.06.2025 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा

PR 354160 Rural Development(25-26).D

Mehta Hotel
MUTTON CHAWAL · CHICKEN TANDOORI · CHICKEN CHAWAL · PARATHA · BIRYANI · FISH CHAWAL · VEG THALI · TAWA ROTI
DRINK & BEVERAGES
Laxmi Tower, Near Maheshwari Hotel, Ranchi
9771477499

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES — धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA · DCA · DTP · C++ · Typing · Tally With GST · Advance Excel
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

भारत के सबसे विश्वसनीय फर्नीचर ब्रॉड Geeken लाए हैं स्टील अलमारियॉं जो चलें आपके साथ सालों साल
Geeken Seating Collection — Relaxed Body, Relaxed Mind.
हर त्यौहार का सही उपहार
दीमक प्रतिरोधी · मजबूत व टिकाऊ · Customize Sizes में उपलब्ध · आकर्षक डिजाइन
J.K. SALES
Hehal, Near Lakdi Tall, Piska More, Ranchi M. 9386070011, 9386070051

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

Mob.: 9523367777, 9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
SAMSUNG · LG · Panasonic · PHILIPS · Whirlpool · vivo · oppo · mi · realme · BAJAJ FINSERV · 0% ब्याजदर

SACRED CHILD ACADEMY PLAY SCHOOL
Pre Nursery · Nursery · KG - I · KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

WELCOME TO KIDS SECOND HOME — ESTD - FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS: NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
CONTACT NO. +91-9334814668, +91-9798295759
REGISTER NOW
WEBSITE : bpsranchi.com
EMAIL ID: bubuplayschool2025@gmail.com

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target. · NDA Foundation (11th & 12th) · NDA Pre Foundation (8th & 10th) · CDS/MNS/AF · CPMF
Director & Mentor Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

।। श्री गणेशाय नमः ।। ।। जय माँ चली मइया ।।
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
मिलने का समय : दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, रांची–834001
9431585446 | 7903633179

JAISWAL CCTV
अपने शहर रॉंची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM · BIOMETCRICS · CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

ADMISSION OPEN
50 % OFF TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

7903636615, 8434179089
www.shreebharatplywood.com
shreebharatplywood@gmail.com
SHREE BHARAT PLYWOOD
PLYWOOD | LAMINATES | VENEER
OLD H.B ROAD, KOKAR, RANCHI - 834001

Glossy Jewels — Let's Shine Everyday
A Jewel for every Tradition
अब आपके शहर रांची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे।
Special offer :
Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels @glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें मो. 8102553784, 9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES: Anesthesiology. Critical Care. Dental. Internal Medicine. Lab & Radiology. Obstetrics & Gynecology. Ophthalmology. Pediatrics & Neonatology. Urology. General Surgery. Orthopedics & Trauma. Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.S.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

100% आयुर्वेदिक 100% इलाज
आयुर्वेदिक अपनाएँ खुशहाल जीवन पाएँ ।
शुगर / बी. पी / थाइरॉड / जोड़ो में दर्द / खुनी बवासीर / खाँसी / दमा / सांस का रोग/T.V. / मोटापा का 100% ईलाज / लकवा साईटिका /पथरी का 100% ईलाज / दाद / खाज / खुजली / बालों का झड़ना सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है।
यहाँ मशीन के द्वारा भी चेकअप किया जाता है।
जोड़ों का दर्द में 24 से घंटे में रिजल्ट देखें 100%
7296007167
NH.33 अनान्दी, ओरमाँझी, रांची, झारखण्ड

NEON ENTERPRISES
8210108590, 8789361453, 8709790158
आधार सुधार
पैन कार्ड · वोटर कार्ड · मजदूर कार्ड · E-STAMP · राशन कार्ड · पैसा निकासी · स्मार्ट कार्ड प्रिंट
फोटो कॉपी · ड्राइविंग लाइसेंस · पासपोर्ट फोटो प्रिंट · जाति, आवासीय, आय · जमीन रसीद होल्डिंग · ऑनलाइन फार्म · पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, रॉंची (झारखंड)

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 837 date 31.05.2025, I. Munni Kumari, wife of Ravi Ranjan, daughter of Ram Uday Singh, aged about 39 years, resident of Master Colony Karmatand near JAP-3) Gobindpur, Dhanbad, Jharkhand 828109 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That my name is Munni Kumari and my date of birth is 15.01.1986. 2. That in my Aadhar card bearing Aadhar number 7805 3708 9995 my name has been incorrectly recorded as "Moni Kumari".
3. That my name as per the records in my educational institution in Bihar School Examination Board Patna is Munni Kumari. 4. That I shall at all times sign the name as Munni Kumari thereby subsisting the Aadhar name.
5.That this declaration is hereby executed and submitted to the concerned authorities to accomplish the change of name.
6. That my aforesaid declaration and statements made above are true to the best of my knowledge and belief.

Dr. Anup's HLCCS रांची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र
सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमू बाई पास रोड, पुरण विहार Opp. माही रेस्टोरेंट, अरगोड़ा, रांची-834002

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD. 4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

TEXMO — Borewell Submersibles
AQUATEX — Agricultural Monoblocks, Open-well Submersibles Pumps, Pressure Boosting Systems
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer: PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
बैटरी स्कूटी · कम लागत · कम रखरखाव · लाइसेंस मुक्त · एक साल की वारंटी · 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**